CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 165 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा — पृष्ठ 3

■ विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर
■ हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां — पृष्ठ 4

■ नेतन्याहू ने अमेरिकी समर्थन के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया
■ फिलिस्तीनी-इजराइली संघर्ष में दो-राज्य समाधान का समर्थन ... — पृष्ठ 9

सिंधु आर्कटिक ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची — पृष्ठ 10

### कांग्रेस ने की 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना की घोषणा

# मध्य प्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देंगे: प्रियंका

**कांग्रेस नेता ने कहा 8वीं तक 5, 10वीं तक 10, 12वीं तक के बच्चों को 15 रुपए दिए जाएंगे**



**मंडला**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह तक दिए जाएंगे।

श्रीमती वाड्रा ने राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाकौशल अंचल के आदिवासी बहुल मंडला में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

श्रीमती वाड्रा ने स्थानीय रामनगर ग्राउंउ पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर पढ़ो पढ़ाओ योजना लागू की जाएगी। इसके तहत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को पांच सौ रुपए प्रतिमाह, नवीं और दसवीं के बच्चों को एक हजार रुपए और ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

> कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है:
> प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

■ कांग्रेस महासचिव ने इंदिरा गांधी को किया याद
■ आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताया

**'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे लोग**

कांग्रेस महासचिव ने आदिवासी बहुल इस अंचल के लोगों को संबोधन के दौरान अपनी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस अंचल के लोग श्रीमती गांधी को 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वे सभी श्रीमती गांधी पर भरोसा करते थे और उन्होंने उनके भरोसे के अनुरूप इस अंचल के लोगों के लिए काम भी किए। उन्होंने आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताते हुए कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान के दिन उनकी बातों को ध्यान में रखकर वोट दें। उन्होंने कहा कि वे और कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है।

**धान व तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस देंगे**

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरह मध्य प्रदेश में भी धान और तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की अन्य घोषणाओं का भी जिक्र किया और कहा कि पार्टी सोच समझकर ही घोषणाएं कर रही है। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है और 17 नवंबर को सभी सीटों पर एकसाथ मतदान होगा। नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या 47 हैं। इन सीटों पर भी सभी मुख्य दलों की निगाहें हैं। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडला जिले की निवास विधानसभा सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी घोषित किया है।

# 15 को आएगी कांग्रेस की पहली सूची : भूपेश

■ ईडी के एक अधिकारी के घर चोरी हुई लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखा रहे



**रायपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के लिए रवाना होने से पहले बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह को लेकर फिर तंज कसते हुए कहा कि यहां केवल और केवल रमन सिंह का चला है। रमन सिंह का मतलब है, यहां के सब खदान को सौंपना, इसलिए बहुत होशियारी से अमन सिंह को अडानी जी ने अपने पास रखा है।रमन सिंह को सामने किया है, इसका मतलब है यहां फिर से चिटफंड कंपनी आएगी, अभिषेक सिंह और सारे लोग लगेंगे, उसके बाद उतराखंड में एक और रिसार्ट खुलेगा।

भाजपा के पुराने चेहरों को टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सारे लोग डरे हुए हैं। साइंस कॉलेज का हॉल भरा नहीं।भाजपा के सारे बड़े नेता छत्तीसगढ़ को लूटे, इसलिए सबने हाथ खींच लिया था। अमित शाह परिवर्तन यात्रा में आए नहीं। इस दबाव के चलते सारे लोगों को टिकट मिल गया।

स्वर्गीय भीमा मंडावी की बेटी के भावुक होने और कई लोगों के टिकट कटने से नाराज़ नेताओं के सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि भाजपा कहती है कॉडर बेस पार्टी है, और कॉडर का दुरुपयोग करते हैं। उनको सिर्फ़ वोट दिलाने के लिए रखे है। रायशुमारी में कोई मतलब नहीं है। यदि कार्यकर्ताओं की बात सुन लेते तो पंद्रह साल सत्ता में रहने के बाद 15 सीट में सिमटते नहीं, वही चेहरा फिर से आ गए हैं। पहले सोचे थे कि परिवर्तन कर लेंगे, लेकिन माथुर साहब की भी नहीं चली।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के आरंग, धरसींवा और अभनपुर विधानसभा के दौरे पर भूपेश बघेल ने कहा कि उससे क्या फ़र्क़ पड़ेगा वो तो उन जगहों पर कभी गए नहीं है।वोट स्थानीय कार्यकर्ता दिलाते हैं, उनकी भावनाओं का कद्र तो किए नहीं। तेजस्वी सूर्या के कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ लूटकर कर्नाटक को पैसा भेजा वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दिमाग़ी दिवालियेपन नहीं है तो और क्या है। सूर्या कर्नाटक बचा नहीं पाये और यहां नाटक कर रहे है। उसका नाटक कर्नाटक में नहीं चला तो यहाँ कैसे चलेगा।

भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि ईडी के एक अधिकारी के घर चोरी हुई है।बताते हैं कि अच्छी-खासी रकम है, लेकिन बता नहीं रहे हैं।चोरी हुई है, लेकिन लिखा नहीं पा रहे हैं। रिपोर्ट तो लिखानी पड़ेगी।

## सार संक्षेप

### चुनाव आयोग ने तेलंगाना में अधिकारियों का तबादला किया

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना के 2 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया। इन 2 अफसरों में 4 कलेक्टर, 3 पुलिस कमीश्नर, 1 स्क्र भी शामिल हैं। आयोग ने यह निर्णय तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते लिया है। आयोग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के चलते इन अफसरों का तबादला किया गया है। मध्यप्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगने के तीन दिनों के अंदर ही आयोग ने 4 अफसरों का ट्रांसफर कर दिया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सरताज सिंह का निधन

**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश में मंत्री रहे सरताज सिंह का आज सुबह देहांत हो गया। उनका पिछले कुछ समय से बीमारी के चलते उपचार चल रहा था। स्वर्गीय सिंह पांच बार सांसद और दो बार मध्यप्रदेश में विधायक रह चुके हैं। वे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार में केन्द्रीय मंत्री भी रहे थे। इसके बाद वे मध्यप्रदेश में भी 29 से 216 तक शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री रहे।

### शिमला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी से 3 किलामीटर दूर जुन्गा में शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फेस्टिवल चार दिन तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के कई पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन में भूटान, नेपाल, म्यांमार और भारत के पहले का पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं। फेस्टिवल के लिए 6 से अधिक पायलटों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें नेपाल के पैराग्लाइडर भी शामिल हैं।

### बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 22 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों को रिहा करने के छूट आदेश की वैधता के सवाल पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को 16 अक्टूबर तक दोषियों की रिहाई से संबंधित ट्रांसलेशन के साथ रिकॉर्ड दाखिल करने का आदेश दिया।

# सरकार ने शुरू किया ऑपरेशन अजय

## इजरायल से आज विशेष विमान से लौटेंगे 23 भारतीय

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया और इसके अंतर्गत करीब 230 भारतीय पहली चार्टर उड़ान से शुक्रवार सुबह तक भारत लौटने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं। पहली चार्टर उड़ान भारतीयों को लेने के लिए आज रात तक तेल अवीव पहुंचेगी और उन्हें शुक्रवार सुबह तक स्वदेश लाएगी। श्री बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**18 हजार भारतीय इजरायल में हैं मौजूद**

**मिशन द्वारा जारी परामर्श का करें पालन**

### इजराइल ने गाजा पट्टी खाली करने को कहा

इस बीच इजराइल ने लोगों को गाजा पट्टी खाली करने को कहा है। सेना ने आसमान से पर्चे गिराए हैं। इन पर लिखा है कि हमास के हमलों की वजह से इजराइली सेना जवाब दे रही है। जिन इमारतों पर हमास काम कर रहा है, उन्हें तबाह कर दिया जाएगा। वहीं, इजराइली सेना ने सीरिया में हमास के समर्थक ईरान के ठिकानों पर हमला किया है। ये हमले दमिश्क में एयरपोर्ट के करीब हुए हैं।

**संप्रभु फिलिस्तीन की वकालत करता रहा है भारत**

भारत ने इजराइल पर हमास के हमले को आतंकी हमला बताया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीन को लेकर भारत की पॉलिसी लंबे समय से एक ही रही है। भारत हमेशा से बातचीत से आजाद और संप्रभु फिलिस्तीन बनाने की वकालत करता रहा है। अभी भारत का यही स्टैंड है।

### बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले

# तय हो रेलवे व केंद्र की जवाबदेही



**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को बिहार के बक्सर में आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और रेलवे और केंद्र की जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'नई दिल्ली से असम जा रही नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के बिहार के बक्सर में पटरी से उतरने की खबर बेहद दुखद है।' उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे में कई लोगों की जान चली गई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए है। खड़गे ने कहा, हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान करें।

**बालासोर के बाद दूसरी बड़ी दुर्घटना**

उन्होंने ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे पर प्रकाश डालते हुए कहा, जून 2023 के बालासोर ट्रेन हादसे के बाद यह दूसरी बड़ी पटरी से उतरने की दुर्घटना है। रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

**हादसे में चार लोगों की मौत**

असम के कामाख्या जाने वाली आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के 21 डिब्बों के बक्सर के रघुनाथपुर में पटरी से उतर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

**रेलवे की ओर से 10-10 लाख की सहायता**

रेलवे की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाने के निर्णय लिया गया है। जबकि, घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया गया है।

# 'इंडिया' गठबंधन की रैली के लिए नहीं बन पा रही सहमति !

■ पिछले बैठकों में गठबंधन ने एकजुटता का दिया था संदेश
■ गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां व शिकायतें भी सामने आ रही

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडिया गठबंधन ने लगातार पटना, बेंगलुरू और मुंबई में बैठक कर एनडीए के खिलाफ अपनी एकजुटता का संदेश दिया था। लेकिन अब गठबंधन की उद्घाटन रैली पर ही सहमति नहीं बन पा रही है। जिससे इसके भविष्य को लेकर सवाल भी खडे हो रहे हैं।

इस बीच 13 सितम्बर को समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद माक्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने खुद को इस समिति से अलग कर मतभेदों को और हवा दे दी है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की उद्घाटन रैली के लिए सबसे पहले मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को चुना गया था। लेकिन विधानसभा चुनावों में व्यस्तता का हवाला दे सूबे के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस पर ऐतराज कर दिया और रैली स्थगित हो गई। फिर माना जा रहा था कि अब यह रैली पटना में हो सकती है, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि अब इसके लिए महाराष्ट्र के नागपुर शहर को चुना गया है। समन्वय समिति 20 अक्टूबर से 10 नवम्बर के बीच तारीख तय करने पर विचार कर रही है। लेकिन मुश्किलें अभी भी नजर आ रही हैं।

4 नवम्बर को नागपुर में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव साथ ही त्योहार और पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव जहां इंडिया गठबंधन के दल ही एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे है। ऐसे में चुनाव से पहले एक साथ आकर रैली करना किसी पहेली से कम नजर नहीं आ रहा है। विधानसभा चुनावों में गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां और शिकायतें भी सामने आ रही हैं। समाजवादी पार्टी व वामपंथी दलों ने मध्यप्रदेश और तेलंगाना में अपने हितों की अनदेखी करने के लिए कांग्रेस के प्रति असंतोष जताया है।

समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाकर चुनाव लड़ना चाहती थी। लेकिन इसके लिए कांग्रेस की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसी तरह वामपंथी दल तेलंगाना में सम्मानजनक उपस्थिति के लिए कांग्रेस से कुछ सीटों को छोडने की बात कर रहे थे।

### बाटला हाउस मुठभेड़

# हाईकोर्ट ने दोषी की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2008 के बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में आरिज खान की सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निचली अदालत से मिली मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। 18 अगस्त को अदालत ने उस मामले में आरिज खान को मौत की सजा की पुष्टि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें जामिया नगर में इंडियन मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकवादियों और प्रतिष्ठित इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने खान को राहत देते हुए उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय को पहले आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ प्राप्त हुआ था।

# अयोध्या मस्जिद का नाम होगा 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद'

**मुंबई**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की सभी मस्जिदों के संगठन ऑल इंडिया राबता-ए-मस्जिद ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के धन्नीपुर में प्रस्तावित मस्जिद का नाम पैगंबर के नाम पर 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' रखने का फैसला किया है। भाजपा नेता हाजी अरफात शेख की पहल पर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के सभी वरिष्ठ मौलवियों की भागीदारी के साथ यहां आयोजित एआईआरएम सम्मेलन में इस निर्णय की घोषणा की गई। धन्नीपुर मस्जिद स्थल सदियों पुरानी बाबरी मस्जिद के मूल स्थान से लगभग 22 किमी दूर है। बाबरी मस्जिद को 6 दिसंबर 1992 को गिरा दिया गया था, अब इस स्थान पर भव्य भगवान राम मंदिर का निर्माण पूरा होने वाला है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



■ देश की सभी मस्जिदों के संगठन एआईआरएम ने किया फैसला

### गर्भपात की जिद पर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

# हम बच्चे को नहीं मार सकते, 26 हफ्ते तक क्या कर रही थीं

**नई दिल्ली**, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। 26 सप्ताह की गर्भवती महिला पहले ही दो बच्चों की मां बन चुकी है। अब महिला तीसरी बार बच्चे को जन्म देने वाली है, लेकिन वह बच्चा गिराना चाहती है, लेकिन मेडिकल तरीकों का इस्तेमाल कर गर्भपात की अनुमति लेने पहुंची महिला को सुप्रीम कोर्ट से भी निराशा हाथ लगी है। गर्भ गिराने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट के निर्देश पर एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि बच्चे की जान बचाई जा सकती है। अदालत मामले में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे भी सुनवाई करेगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 10 अक्टूबर को केंद्र सरकार की अपील पर गर्भपात पर अस्थायी रोक लगाई थी। केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार, 12 अक्तूबर को शीर्ष अदालत ने कहा, हम एक बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट ने ये भी पूछा कि गर्भवती महिला शादीशुदा हैं, दो बच्चों की मां हैं। ऐसे में वे 26 हफ्तों तक क्या कर रही थीं?



**कुछ और हफ्ते तक पालने की संभावना तलाशें**–अदालत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत को अजन्मे बच्चे, एक जीवित और व्यवहार्य भ्रूण के अधिकारों को उसकी मां के फैसले लेने के अधिकार के साथ संतुलित करना है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार और महिला के वकील से बात कर गर्भ में पल रहे शिशु को कुछ और हफ्तों तक पालने की संभावना पर विचार करने को कहा।

**मानसिक अवसाद से पीड़ित है महिला**–शीर्ष अदालत ने 9 अक्टूबर के आदेश में कहा था कि महिला अवसाद से पीड़ित है।

### चिंता — कोर कमांडर स्तर की 20वीं बैठक में भी नहीं निकला कोई समाधान

# लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति जस की तस

■ यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। लद्दाख के मोर्चे पर स्थिति अभी भी जस की तस बनी रहेगी, इसलिए यह सर्दी भी भयानक तापमान में काटेंगें दोनों देशों के जवान क्योंकि 20वें दौर की वार्ता हुई फेल हो गई है।**

जानकारी के मुताबिक भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए कोर कमांडर स्तर की 20वें दौर की वार्ता की, लेकिन तत्काल कोई समाधान नहीं निकला। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इसका मतलब यह है कि दोनों पक्षों के सैनिक लगातार चौथी सर्दियों तक एलएसी के साथ आगे के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। ऐसे में लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं। जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी।

**सेना को युद्ध वाली स्थिति में रहने को कहा**

रक्षा सूत्रों के बकौल, पैंगांग झील, देपसांग, स्पंगुर झील, रेजांगला आदि के एलएसी के इलाकों में भारतीय सेना को युद्ध वाली स्थिति में ही रहने को कहा गया है। उसे अपने सैनिक साजो सामान को कुछ ही मिनटों के आर्डर पर जवाबी हमला करने की स्थिति में भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। याद रहे भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कुछ बिंदुओं पर तीन साल से अधिक समय से टकराव की स्थिति में हैं, हालांकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है।



CMYK

# गंभीर रोगों से पीड़ित बुजुर्गों दिव्यांगों एवं गर्भवती तथा बच्चों वाली महिला कर्मचारियों को मतदान ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

- छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




## मतदान सामग्री वितरण एवं जमा करने के लिए टेबल एवं कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के नाम पर एक ज्ञापन सौंप कर सौंप कर बुजुर्ग, गंभीर रोगों से पीड़ित गर्भवती एवं बच्चों वाली महिलाओं तथा दिव्यांग कर्मचारी को मतदान ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा के नेतृत्व में फेडरेशन के महासचिव विश्वास गोवर्धन आकाश राय, सुरेंद्र दुबे राघवेंद्र शुक्ला अजय चौधरी प्रीतम कोसले एवं अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे को ज्ञापन विधानसभा निर्वाचन 2023 में कर्मचारियों,अधिकारियों की ड्यूटी के संबंध में निवेदन किया है कि बुर्जुग (60 वर्ष से अधिक) गंभीर रूप से बीमार, विकलांग एवं गर्भवती व छोटे बच्चे वाली महिलाओं को चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाऐ । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में ने सुझाव दिया है कि मतदान दल का गठन पद वरिष्ठता एवं वेतनमान के आधार पर किया जाए । फेडरेशन में अपर कलेक्टर को बताया कि मरवाही उपचुनाव के समय सामाग्री वितरण एवं जमा करने में छोटे स्थान में कम संख्या में टेबल व्यवस्था होने के कारण मतदान दल को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था ऐसे में इस विधानसभा चुनाव में सामग्री का वितरण एवं सामाग्री जमा करने की उचित व्यवस्था करने की जाए।

यहां पर उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता लागू कर दी गई है साथ में चुनावी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिए गए हैं तथा चुनाव आयोग ने कर्मचारियों की छुट्टी स्थानांतरण पदोन्नति एवं संलग्न कारण पर भी रोक लगा दिया है। बीते दिनों दोनों मतदान के लिए प्रशिक्षण के दौरान यह बात देखने में आई कि बुजुर्ग एवं दिव्यांग कर्मचारी को भी प्रशिक्षण में बुला लिया गया है।

इस समस्या को विभिन्न कर्मचारी ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के समक्ष रखा था इसके बाद फेडरेशन ने कलेक्टर को ही संबंध में ज्ञापन सोपा है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## समग्र शिक्षक फेडरेशन के शिक्षकों के हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान किए जाने की मांग

## विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पद पर नियमानुसार प्रधान पाठक की नियुक्ति हो

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 12 अक्टूकर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टर गौरेला पेंड्रा मरवाही को ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों के हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान की मांग रखी है ?

जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कलेक्टर को बताया गया सहायक / समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर इस जिले के शिक्षक 10 अगस्त 2023 से 21 अगस्त 2023 तक हड़ताल में थे । शासन स्तर से संगठन की वार्ता पश्चात् हड़ताल वापस ले लिया गया था परन्तु इस जिले में उक्त अवधि का वेतन रोक दिया गया है, जबकि अन्य जिलों में हड़ताली शिक्षकों के वेतन का भुगतान कर दिया गया है। त्योहारों का महीना है तथा अगले महीने मतदान के लिए भी यही शिक्षक कर्मचारी ड्यूटी पर जाएंगे उनके सामने खर्च ज्यादा है ऐसे में मानवीय दृष्टिकोण से रोका गया वेतन का भुगतान किया जाए। इसी के साथ छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टर को अवगत कराया कि कुछ दिनों पूर्व विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक वि. पेण्ड्रा के पद पर की गई नियुक्ति को संशोधित करते हुए विखं पेण्ड्रा पूमा.शाला के प्रशासनिक अनुभव प्राप्त प्रधान पाठकों में से किसी वरिष्ठ प्रधान पाठक को उक्त पद पर प्रभार दिया जाए। फेडरेशन ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्र. एफ 1-20/2013/20 एवं एक नया रायपुर दिनांक 03-09-2015 कोजारी पत्र का हवाला देते हुए बताया

कि संदर्भित पत्र क्रमांक 01 में यह उल्लेख है कि वि.ख स्त्रोत केन्द्र समन्वयक पू. माशाला में पदस्थ प्रधान पाठको जिन्हे शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक कार्य का अनुभव हो को ही नियुक्त किया जाना है । संदर्भित पत्र क्रमांक-02 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि वि.खं स्त्रोत केन्द्र समन्वयक हेतु चयनित शिक्षक, व्याख्याता / व्याख्याता पंचायत संवर्ग से न हो। इन दोनों मुद्दों पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा के नेतृत्व में महासचिव विश्वास गोवर्धन आकाश राय सुरेंद्र दुबे राघवेंद्र शुक्ला अजय चौधरी प्रीतम कोसले सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# आचार संहिता के कारण नवरात्रि में कड़े नियम



**तखतपुर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार के संहिता के चलते इस बार नवरात्रि पर्व में प्रशासन द्वारा कड़े नियम रखे है जिसकी जानकारी आज तखतपुर शांति समिति की बैठक में दी गई।

शांति समिति की बैठक में आज एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल, नायब तहसीलदार राहुल साहू, थाना प्रभारी एस आर साहू ने नगर में दुर्गा स्थापना करने सभी समितियों की बैठक आहुत की गई। बैठक में नायब तहसीलदार श्री साहू ने जानकारी दी की इस बार नवरात्रि पर्व में आचार संहिता लागू रहेगी जिसके चलते समितियों को पूर्व से ही आचार संहिता में किन किन नियमों का पालन करना है उसकी जानकारी देने के लिए बैठक आहुत की गई जिसमें उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर्व पर रात 10 बजे के बाद ऊंचे शोर से किसी भी पंण्डाल में गीत संगीत कार्यक्रम नही होंगे। किसी भी समिति के द्वारा जो भी कार्यक्रम आयोजित कराए जाऐंगे उसके लिए एसडीएम से पहले अनुमति लेनी होगी। किसी भी समिति के द्वारा स्थापना के लिए अनुमति नही लेनी होगी पर समिति के द्वारा किस स्थान पर पण्डाल बनाया गया है और उसके पांच सदस्य कौन है उनके नाम मोबाईल नम्बर और आधार कार्ड थाने में जानकारी देनी होगी जिसका फार्मेट थाना प्रभारी एस आर साहू ने सभी को उपलब्ध कराया। किसी भी समिति के द्वारा पण्डाल के सामने सड़क बाधित न हो इसके लिए उन्हें व्यवस्था करनी होगी और मार्ग बाधित कर आयोजन नही होगा। बैठक में एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने कहा कि हमेशा से तखतपुर नगर में सौहार्द्र से मनाया जाता है इस बार विधानसभ चुनाव के कारण आचार संहिता लगी है जिसका पालन करते हुए पर्व को मनाना है विसर्जन का समय रात 10 बजे से पहले विर्सजन होना है और किसी भी तरह का डीजे, धुमाल का उपयोग इस बार वर्जित है और यदि उल्लंघन किया जाता है तो डीजे वाहन के ऊपर शक्ति से कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम स्थल चुनाव सभा न होट्ठ थाना प्रभारी एस आर साहू ने बताया कि किसी भी डांडिया, जागराता, आर्केस्टा, छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम में यदि चुनाव लड़ने वाले दल का प्रत्याशी कार्यक्रम में उपस्थित होता है और वह उस कार्यक्रम में मंच पर अपने लिए वोट की मांग करता है या पार्टी का प्रचार करता है तो उक्त कार्यक्रम राजनीतिक माना जाएगा और संपूर्ण खर्च प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा और समिति के सदस्य भी इसके लिए जवाबदार होंगे इसलिए किसी भी तरह के आयोजन को राजनीतिक सभा न बनने दे।

मुर्गा मछली दुकान बंद कराने ज्ञापन- नवरात्रि पर्व को देखते हुए हिंदू समिति के लोगों के द्वारा आज थाना प्रभारी एस आर साहू के समक्ष उपस्थित होकर मुर्गा मछली दुकान बंद कराने का ज्ञापन सौंपा गया है।

# राज्य स्तरीय महिला वॉलीवॉल प्रतियोगिता

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुकुल महिला महाविद्यालय द्वारा साई सेंटर आउटडोर स्टेडियम में राज्यस्तरीय महिला वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कियागया। इस प्रतियोगिता में 10 सेक्टर सरगुजा, बस्तर, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार .महासमुंद, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगांव, कोरबा, रायपुर एवं बिलासपुर टीम ने अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय तिवारी अध्यक्ष शासी निकाय गुरुकुल महिला महाविद्यालय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर बिगुल बजाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। कार्यक्रम में श्रीमती शोभा खंडेलवाल एसचिव भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति प्राचार्य डॉ संध्या गुप्ता के सी त्रिपाठी साई प्रभारी रेनू साई कोच ने अपनी उपस्थिति देकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। क्रीडा प्रतियोगिता की आयोजन डॉ रिंकू पांडे ने किया। वॉलीबॉल का पहला प्रतियोगिता सेक्टर सरगुजा और बस्तर के बीच हुआ जिसमें सेक्टर बस्तर की टीम विजेता रहे।

# रिटर्निंग ऑफिसर ऑफिसर से अनुमति नहीं होने के कारण भाजपा का महिला सम्मेलन हुआ रद्द

## मरवाही के ग्राम चंगेरी में आयोजित होना था महिला सम्मेलन

## 1000 लोगों का भोजन एवं पांडाल सहित सारी तैयारियां धरी रह गई



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 12 अक्टूबर। (देशबंधु) रिटर्निंग ऑफिसर से 48 घंटे पूर्व अनुमति नहीं लेने के कारण भारतीय जनता पार्टी को मरवाही के ग्राम चंगेरी में आयोजित होने वाले महिला मोर्चा के सम्मेलन को रद्द करना पड़ा जबकि भाजपा संगठन ने पंडाल भोजन सहित सहित आमंत्रितों के स्वागत की सभी तैयारी करके रखी थी परंतु एक चूक से सारी की सारी तैयारियां धरी रह गई।

दरअसल आज 12 अक्टूबर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का विधानसभा सम्मेलन उत्तर मण्डल मरवाही के ग्राम चंगेरी में किया गया था राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष झारखंड यदुनन्दन पाण्डेय जिला प्रभारीजे. पी.शर्मा यशश्वी जिलाध्यक्ष कन्हैया राठौर विधानसभा प्रभारी संजय अग्रवाल विधानसभा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी लालजी यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभा नहरेल जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुश्री समीरा पैकरा को उपस्थित होना था जिसके लिए आयोजकों ने 1000 लोगों के लिए भोजन, पंडाल इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई थी तथा बाहर वाले आने वाले अतिथि भी आ चुके थे परंतु आयोजित को ने एक बड़ी चूक यह की कि उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर से कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति 48 घंटे पहले नहीं ली थी आयोजक जब 24 घंटे पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर के पास आयोजन की अनुमति लेने पहुंचे तब रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नए नियमों के अनुसार आयोजन के लिए 48 घंटे पूर्व अनुमति लेना होगा तभी आप आयोजन कर सकते हैं।

> नए नियमों के अनुसार 48 घंटे पहले सभा की अनुमति लेनी जरूरी है

अनुमति के अभाव में भारतीय जनता पार्टी को मरवाही के ग्राम चंगेरी में आयोजित महिला मोर्चा का सम्मेलन रद्द करना पड़ा और सारी की सारी तैयारियां धरी रह गई बाद में इस संबंध में संगठन के नेता किशन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के रद्द होने की स्थिति में अब सिर्फ हमारे नजन डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे।

# सार-संक्षेप

## गौठान से सोलर पम्प की चोरी


**तखतपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौठान में लगे पांच एचपी के सोलर पम्प को अज्ञात चोर ने चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार परमेश्वर कश्यप ने तखतपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि ग्राम पंचायत पूरा गौठान समिति का अध्यक्ष है और दो वर्ष पहले गौठान में पांच एचपी का सोलर पम्प लगा था 12 अक्टूबर को सुबह गौठान गया तो देखा कि गौठान में लगा पांच एचपी समर्सिबल पम्प जिसकी कीमत 15 हजार रूपए है जिसका अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

## सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी एक पकड़ाया

**तखतपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले अजय बघेल पिता बेदराम बघेल उम्र 21 वर्ष निवासी बेलसरी शराब पी रहा था मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 36च के तहत कार्यवाही की।

# वायु प्रदूषण : अव्वल है सांप गोली

## चकरी, अनार, फुलझड़ियां और पटाखे वाली लड़ियां पीछे-पीछे



**बिलासपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांप गोली, फुलझड़ियां, चकरी, अनार, हंटर बम और 1000 बम की लड़ियां। यह छह पटाखे इस बार पर्यावरण एवं प्रदूषण निवारण मंडल की नजर में रहेंगे क्योंकि इन्हें वायु प्रदूषण फैलाने वाला पटाखा माना जा चुका है। साथ ही ऐसे पटाखे भी निशाने पर होंगे,जो तेज आवाज के साथ फूटते हैं।ध्वनि प्रदूषण के साथ वायु प्रदूषण का एक और दौर आने वाला है। इस बरस यह इसलिए भी ज्यादा दिनों तक बना रहेगा क्योंकि चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। ऐसे में उपभोक्ता वर्ग बढ़ा हुआ होगा। लिहाजा सघन जांच और कार्रवाई की योजना के संकेत मिलने लगे हैं देखना यह है कि काबू आता है कि नहीं , यह वर्ग ? इसलिए सख्ती- पर्यावरण एवं प्रदूषण निवारण मंडल के अनुसार वैसे तो पटाखे की हर किस्म को वायु की गुणवत्ता खराब करने वाला माना गया है लेकिन स्नेक टैबलेट, फुलझड़ियां, चकरी, अनार, हंटर बम और 1000 बम वाली लड़ियां इसलिए बेहद घातक हैं क्योंकि जलने के बाद इनसे निकलने वाला धुआं दीर्घकाल तक वायुमंडल में बना रहता है। जिससे वायु की गुणवत्ता निम्न होती जाती है।



**असर इस रूप में-** जलने पर निकलने वाला धुआं अल्जाईमर और फेफड़ों का कैंसर जैसी घातक बीमारी का वाहक बनता है, तो फूटने पर औसत 125 डेसिबल ध्वनि पैदा करता है। मालूम हो कि मनुष्य के कान अधिकतम 5 डेसीबल तक की ध्वनि बिना नुकसान के सह सकते हैं।

**होते हैं घातक तत्व-** बाइंडर्स, स्टेबलाइजर्स, ऑक्सिडाइजर, रिड्यूसिंग एजेंट, रंग-बिरंगी रोशनी के लिए एंटीमनी सल्फाइड, बेरियम नाइट्रेट, अल्युमिनियम, तांबा, लिथियम, स्टोन्शियम। इन सामग्रियों के मिश्रण से पटाखे बनाए जाते हैं। जलाए जाने पर निकलने वाले धुएं के बारीक कण हवा में मिलते हैं और वायु की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं।

### यह छह है सबसे ज्यादा

- सांप की गोली जलाने पर 64500 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 2932 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- 1000 बम की लड़ियां जलाने पर 35540 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 1752 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- हंटर बम जलाने पर 28950 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 1314 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- फुलझड़ी जलाने पर 10390 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 472 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- चकरी एक नग जलाने पर 9490 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 431 सिगरेट जलाने के बराबर है।
- अनार एक नग जलाने पर 4860 माइक्रोग्राम/ क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। यह मात्रा 221 सिगरेट जलाने के बराबर है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## सरकार ने शुरू किया ...

आधारित होगा। पहली उड़ान में 230 यात्रियों के सवार होने की उम्मीद है। फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**वहां के हालात चिंताजनक**

एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 18 हजार भारतीय इजरायल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और हालात चिंताजनक हैं। हमने अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं सुनी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को भारतीय मिशन में पंजीकरण कराने और मिशन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है।

## अयोध्या मस्जिद का नाम होगा...

के बाद आवंटित जगह पर बनने वाली नई मस्जिद भारत की सबसे बड़ी मस्जिद होने का वादा करती है।

9,000 लोग एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे-मस्जिद में 5,000 पुरुषों और 4,000 महिलाओं समेत 9,000 लोग एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे। पूरे मस्जिद परिसर में, हमारे संसाधनों के माध्यम से अतिरिक्त भूमि की खरीद के साथ, चिकित्सा, शैक्षिक और सामाजिक सुविधाएं भी होंगी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम अदालत ने नई मस्जिद के लिए 5 एकड़ जमीन दी थी, और इसे एक ऐतिहासिक परियोजना बनाने के लिए अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए 6 एकड़ जमीन खरीदने की योजना है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि भव्य 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' परिसर का काम, विभिन्न समूहों के बीच कुछ मतभेदों के कारण विलंबित हो गया था, अब जल्द ही धन्नीपुर स्थल पर शुरू होने वाला है।

# चुनाव से पहले आयकर विभाग अलर्ट

## सभी संभागों में खोले जाएंगे कंट्रोल रूम

## जीएसटी ने भी तीन टीमों का किया गठन




**रायपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही अब पुलिस प्रशासन के साथ ही आयकर विभाग, जीएसटी विभाग आदि सभी सक्रिय हो गए हैं। बताया जा रहा है कि एक से दो दिनों में ही आयकर विभाग द्वारा प्रदेश के सभी पांचों संभागों में कंट्रोल रूम खोले जाएंगे। साथ ही किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी होंगे। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने भी सभी विभागों को निर्देशित किया है कि चुनाव के दौरान विभिन्न गतिविधियों पर नजर बनाए रखें और कार्रवाई करें। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान हवाला कारोबार सहित उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए उपहार बांटने वाली गतिविधियां बढ़ जाती हैंए इस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग के साथ ही जीएसटी विभाग भी पूरी तरह से तैयार है। जीएसटी विभाग ने तो तीन टीमों का गठन भी कर लिया गया हैए जो बाहर से आ रहे उत्पादों और गोडाउनों में रखी जाने वाली सामग्री पर नजर बनाए रखेंगी। साथ ही उनकी जांच भी करेंगी। पिछले दिनों तो जीएसटी विभाग ने रावांभाठा और भनपुरी स्थित गोडाउन में कार्रवाई भी की थी और वहां से साइकिलए कपड़ेए फ्लैश लाइट आदि जब्त भी किए थे। जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि उनकी जाचं लगातार जारी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं **प्रदीप कुमार जैन पिता श्री भूरा मल जैन** निवासी दुर्गा मंदिर दीपू पारा के पास, क्यू.एन. 15/474, बिलासपुर (न.नि.), छत्तीसगढ़ 495001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **प्रदीप जैन पिता श्री भूरा मल जैन** रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **प्रदीप जैन पिता श्री भूरा मल जैन** से ही जाना पहचाना जावे।

**प्रदीप जैन**
**पिता श्री भूरा मल जैन**
**दुर्गा मंदिर दीपू पारा के पास,**
**क्यू.एन. 15/474,**
**बिलासपुर (न.नि.),**
**छत्तीसगढ़ 495001**

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202301060600119 अ-27/22-23

ग्राम - पड़रिया प.ह.नं. 04

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कारी बाई पिता/ पति छतराम व अन्य 01 निवासी ग्राम पड़रिया हा.मु. कोनी (लावर) तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण/ वादीनीगण अनावेदकगण/ प्रतिवादीगण के विरूद्ध ग्राम अकलतरा प.ह.नं. 25 में अवस्थित ख.नं. 55/1, 61/1, 135/1, 1636/1, 1636/2 रकबा 0.162, 0.081, 0.150, 0.008, 0.004 कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0.405 हे. भूमि का माननीय न्यायालय के समक्ष बाद प्रस्तुत किया था। यह कि उपरोक्त वाद को माननीय न्यायालय के द्वारा निर्णय दिनांक 11.01.2023 को स्वीकार कर लिया गया है जिसमें 1/2 अंश भाग का निर्णय एवं डिक्री का आदेश हुआ है तथा आबादी भूमि का भी 1/2 भाग का निर्णय पारित किया गया था। उक्त आदेश दिनांक 11.01.2023 के अनुसार डिक्री के निष्पादन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

पक्षकार कारीबाई वगै. वि. रामखिलावन रा.प्र.क्र. 202301060600119 अ-27/22-23 के प्रकरण में अनावेदक भगतराम आ. इतवारी निवासी अकलतरा पक्षकार दिनांक 19.10.2023 को अपने अधिवक्ता या स्वतः के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत होकर जवाब पेश करें अगर इस तारीख तक आप उपस्थित नहीं होते तब एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी और सुनवाई का अवसर समाप्त किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
**अकलतरा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय पटवारी प.ह.नं.-35 मंगला रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

मंगला, दिनांक 09/10/2023

भूमि स्वामी/ आवेदक

1. किशोर कश्यप पिता महादेव कश्यप समीपी भूमिस्वामी, 2.विजय कुमार पिता हरीशचंद्र वगैरह, 3. राजकुमारी पति पूरन लाल वगैरह, 4.रोशन दयालानी पिता किशोर दयालानी, 5. रूखमणि सिंह परिहार पति रामजी, 6. द्वारिका देवी पति रामलाल यादव, 7.आर.एस.परिहार पिता एम.एस. परिहार, 8.रतन सिंह व चंदन सिंह एवं समीपस्थ भूमिस्वामी।

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1874/1 रकबा 0.1100 हे. का सीमांकन हेतु किशोर कश्यप पिता महादेव कश्यप ने तहसील बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। न्यायालय आदेशानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 16.10.2023 समय 12:00 बजे दोपहर को किया जायेगा।

आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थिति होवें एवं बाद का आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

**पटवारी**
**प्रकाश साहू**
**हल्का नं.35, मंगला**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

**उवाच**



आगामी दशहरा 2023 रैली 'पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है' क्योंकि यह राज्य में 2024 के लोकसभा, विधानसभा और नागरिक चुनावों के लिए 'पर्दा उठाने वाली' होगी। कुछ दुर्लभ अवसरों को छोड़करपार्टी की वार्षिक उत्सव रैली 57 वर्षों से इस स्थल पर आयोजित की जा रही है:- **किशोर तिवारी, नेता शिवसेना**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.7 | 16.4 |
| मुंबई | 33.6 | 24.6 |
| कोलकाता | 35.5 | 26.8 |
| चेन्नई | 34.6 | 25` |

### खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा

# सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को पवित्र गंगा जल पर कथित तौर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा कि यह सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है। खड़गे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हिंदी में एक पोस्ट लिखते हुए कहा, 'मोदी जी, एक सामान्य भारतीय के जन्म से लेकर जीवन के अंत तक मोक्ष प्रदान करने वाली मां गंगा का महत्व बहुत अधिक है। यह अच्छा है कि आप आज उत्तराखंड में हैं, लेकिन आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया।' उन्होंने कहा, 'आपने एक बार भी नहीं सोचा कि जो लोग अपने घरों में गंगा जल मंगवाते हैं, उन पर कितना बोझ पड़ेगा। यह आपकी सरकार की लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है।' कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी की उत्तराखंड यात्रा के मद्देनजर आई है।



**'मोदी जी, एक सामान्य भारतीय के जन्म से लेकर जीवन के अंत तक मोक्ष प्रदान करने वाली मां गंगा का महत्व बहुत अधिक है। यह अच्छा है कि आप आज उत्तराखंड में हैं, लेकिन आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया:- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष कांग्रेस**

#### भाजपा ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर लगाया दुष्प्रचार करने का आरोप

पवित्र गंगाजल पर जीएसटी के मसले को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने सामने आ गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर पवित्र गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का आरोप लगाया तो भाजपा की तरफ से पलटवार करते हुए पार्टी के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कांग्रेस पर जानबूझकर गुमराह करने के लिए दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया। भाजपा की तरफ से पार्टी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने एक्स पर ही कांग्रेस अध्यक्ष को रिप्लाई करते हुए पोस्ट कर कहा, 'अधिसूचना 2/2017 की प्रविष्टि 99 के तहत यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पानी पर शून्य जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद ने 28-29 जून, 2022 को आयोजित अपनी 47वीं बैठक में इसे और स्पष्ट किया।

# पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को जनांदोलन बनाने में योगदान दें जी-20 की सभी संसदः बिरला

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने जी-20 समूह के सदस्य देशों की संसद के अध्यक्षों का आज आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या पर केवल नीतियां एवं कानून बना कर संतुष्ट नहीं हों बल्कि जनता को प्रेरित करें कि सब अपनी दिनचर्या में बदलाव कर इस दिशा में सामूहिकता से योगदान दें।

पी-20 शिखर सम्मेलन के पूर्व यहां पर्यावरण के लिए अनुकूल जीवन शैली पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में 'पार्लियामेंट फोरम ऑन लाइफ' की एक अहम बैठक आयोजित की गई। दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली के द्वारका में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी स्थल यशोभूमि में आयोजित इस बैठक में जी-20 देशों के संसद के अध्यक्ष अथवा पीठासीन अधिकारी शामिल हुए। श्री बिरला एवं कई मेहमान शिखर बैठक में शामिल होने के लिए एक्सप्रेस मेट्रो ट्रेन में सवार होकर सम्मेलन स्थल पहुंचे।

श्री बिरला ने अपने संबोधन की शुरुआत करते लोकतंत्र की जननी भारत की भूमि पर मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का विषय विश्व के साझे भविष्य से जुड़ा है। इसीलिए पर्यावरण से संबंधित विषयों को पी-20 के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आपके बहुमूल्य सुझाव राह दिखाएंगे।



**हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं में पर्यावरण को मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा माना गया है। प्रकृति को आदर सम्मान देना हमारे संस्कारों में है:-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं में पर्यावरण को मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा माना गया है। प्रकृति को आदर सम्मान देना हमारे संस्कारों में है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि 'जो प्रकृति की रक्षा करते हैं, प्रकृति उनकी रक्षा करती है।' और यही पर्यावरण संरक्षण की मूल भावना भी है। बदलते परिप्रेक्ष्य में आज दुनिया का कोई भी देश जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से अछूता नहीं है। हम विश्व के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से अवगत हैं इसलिए इस दिशा में ठोस प्रयास आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का विचार दुनिया के समक्ष रखा है। मिशन लाइफ स्टाइल पर्यावरण संरक्षण का व्यापक दृष्टिकोण है जो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रिड्यूस, रीयूज और री-साइकल के व्यवहार अपनाने की प्रेरणा देता है। इसीलिए हमें आज ऐसी जीवन शैली, ऐसा दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिससे हमारे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। यह हम

**■ ओम बिरला ने भारत की भूमि पर मेहमानों का स्वागत किया**

सबका व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्व है।

उन्होंने कहा, पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय पर भारत की संसद में भी व्यापक चर्चा हुई है और कानून बनाए गए हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन की समस्या पर केवल नीतियां एवं कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि हम सबको अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सामूहिकता से योगदान देने की आवश्यकता है।

#### आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय छात्र दोनों देशों की असली ताकतः बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय छात्र दोनों देशों के बीच संबंधों की असली ताकत हैं। जी -20 सदस्य देशों के संसद अध्यक्ष के नौ वें शिखर सम्मेलन से पूर्व श्री बिरला ने ऑस्ट्रेलियाई संसद के अध्यक्ष मिल्टन डिक से एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। श्री डिक ने इससे सहमति जताई। बैठक के दौरान नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया से नजदीकी पर की।

## सार संक्षेप

### सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता।** अपनी वार्षिक परंपरा को तोड़ते हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री मनता बनर्जी लंबे समय तक अंगों की चोटों के कारण इस साल सामुदायिक दुर्गा पूजा का शारीरिक रूप से उद्घाटन नहीं करेंगी और इसके बजाय इसे अपने आवास से वस्तुतः करेंगी। चोटों के कारण मुख्यमंत्री पिछले महीने से दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास से काम कर रही हैं। एक कैबिनेट सदस्य ने कहा, 'उन्होंने इस वर्ष लगभग 8 सामुदायिक पूजाओं का वस्तुतः उद्घाटन करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत गुरुवार दोपहर को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में श्रीभूमि सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन के साथ होगी, जहां मुख्य संरक्षक राज्य अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बसु हैं।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने नीट पीजी कट-ऑफ को शून्य करने पर केंद्र को जारी किया नोटिस

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) के नीट पीजी क्वालीफाइंग परसेंटाइल को शून्य करने के हालिया फैसले के संबंध में केंद्र को नोटिस जारी किया। इस फैसले को हुबली के वकील डॉ. विनोद कुलकर्णी ने चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, एमसीसी और अन्य को नोटिस जारी किया। एक आश्चर्यजनक घोषणा में, नीट पीजी परीक्षा के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा के लिए स्नातकोत्तर सीटें आवंटित करने के लिए जिम्मेदार एमसीसी ने कहा कि इस वर्ष खाली सीटों के लिए पात्रता शून्य प्रतिशत होगी। यह पहली बार है कि 217 में अन्य सभी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह लेने के बाद से पात्रता कट-ऑफ को पूरी तरह से हटा दिया गया है।

### वाईएस शर्मिला की पार्टी तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

हैदराबाद। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) अगले महीने होने वाले चुनाव में तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला ने गुरुवार को यह घोषणा की है। पार्टी की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए वाईएस शर्मिला कहा कि वह पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं की ओर से एक और विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मांग की गई थी। शर्मिला ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनके पति अनिल कुमार और मां वाई.एस विजयम्मा को चुनावी मैदान में उतारने की भी मांग है।

# राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 12 अक्तूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मां वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया और पुनर्निर्मित



पार्वती भवन और स्काई वाक का उद्घाटन किया। अनुमानतः 15 करोड़ रुपए की लागत से बने स्काईवाक और पार्वती भवन भक्तों के लिए सुरक्षा के लिहाज से अति महत्वपूर्ण सुविधा है। यह स्काईवाक वैष्णो देवी मंदिर परिसर में उस संकरे रास्ते पर बनाया गया है, जहां यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है।

राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार सुबह श्रीनगर पहुंचीं थीं और वह अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम चरण में आज वीरवार को मंदिर गई और पुनर्निर्मित पार्वती भवन और स्काईवाक का उद्घाटन किया। स्काईवाक पर काम पिछले साल अगस्त में शुरू हुआ था। यह भवन क्षेत्र के पास आने वाले और जाने वाले तीर्थयात्रियों की कतार अलग करने में मदद करेगा।

आज सुबह राष्ट्रपति मुर्मू माता वैष्णो देवी भवन के पास वीआईपी हेलीपैड पर उतरीं। इस दौरान उनके साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे, जहां श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्काईवाक का उद्घाटन किया और पार्वती भवन का पुनर्निर्माण किया, जिसका निर्माण भवन में किया गया था। स्काइवाक से श्रद्धालुओं को भवन तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी। भवन तक जाने और आने के रूट अलग-अलग होने से किसी तरह की दुर्घटना की संभावना भी नहीं रहेगी। इस स्काइवाक को बनाने का प्रस्ताव 31 दिसंबर 2021 को हुई एक दुर्घटना के बाद किया गया था। यह स्काइवाक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। जानकारी के लिए वैष्णो देवी भवन पर भीड़भाड़ से बचने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्काईवाक बनाया गया है। इसे डेढ़ साल में 15 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों को प्रतिबिंबित किया गया है जिसे नव दुर्गा पथ नाम दिया गया है। प्रवेश द्वार पर 60 मीटर लंबी गुफा बनाई गई है ताकि श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की प्राचीन गुफा का अहसास हो सके। राष्ट्रपति ने पार्वती भवन का भी उद्घाटन किया। इस भवन में 1500 लाकर हैं। श्रद्धालु लाकर में अपना सामान रखकर निश्चिंत होकर दर्शन कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु ने वैष्णो देवी भवन जा कर पूजा-अर्चना भी की।

### बिहार में रेल हादसे पर शुरू हुई सियासत

# नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी आमने-सामने

**पटना,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के बक्सर जिला के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के समीप नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद इस पर भी सियासत शुरू हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि हादसे में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राजनीति सूझ रही है। इस बीच, सम्राट चौधरी रघुनाथपुर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की। हादसे में चार लोगों की मौत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा। सम्राट चौधरी ने कहा कि दुर्घटना के बाद ही रेलवे ने तत्काल राहत और बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी हादसा दुखदाई होता है, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस हादसे पर भी राजनीति सूझ रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि घटना के 12 घंटे के बाद नीतीश कुमार ने इस हादसे को लेकर संवेदनाएं व्यक्त की, जो उनकी संवेदनहीनता को दर्शाता है और अब वे



नसीहत दे रहे। सम्राट चौधरी ने कहा कि रेलवे ने तत्काल हादसे में मरने वाले आश्रितों को 10-10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए। इसके साथ ही घटनास्थल पर फंसे यात्रियों को विशेष ट्रेन की व्यवस्था कर रात में ही गंतव्य की ओर रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य के लिए पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद भाजपा के कार्यकर्ता और ग्रामीण सबसे पहले पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। इसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन पहुंचा। एसडीआरएफ तो काफी विलंब से पहुंचा।

**कोई भी हादसा दुखदाई होता है, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस हादसे पर भी राजनीति सूझ रही:- सम्राट चौधरी**

**मैं रेल मंत्री था, उस दौरान मैंने रेलवे में एक-एक काम बढ़िया से करवाया था, जिसकी वजह से रेल हादसों में काफी कमी आई थी, उन लोगों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए:-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री**

#### मुख्यमंत्री नीतीश ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की घोषणा की

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रेल हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख और सभी घायलों का इलाज राज्य सरकार द्वारा कराए जाने की घोषणा की। नीतीश कुमार ने रेल हादसे को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में केंद्र सरकार में मैं रेल मंत्री था, उस दौरान मैंने रेलवे में एक-एक काम बढ़िया से करवाया था, जिसकी वजह से रेल हादसों में काफी कमी आई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने समय की कमी के कारण उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में पूर्व जेएनयू स्कॉलर और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को स्थगित कर दी। समय की कमी का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई 1 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। खालिद ने पिछले साल जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की है। खालिद का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह 20 मिनट में दिखा सकते हैं कि खालिद के खिलाफ कोई मामला नहीं है। कपिल सिब्बल ने अदालत से गुरुवार को सुनवाई पर विचार करने का अनुरोध करते हुए कहा, 'वह एक युवा छात्र है, पीएचडी धारक है, तीन साल से सलाखों के पीछे है, यह चल रहा है।' दिल्ली पुलिस की ओर से पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा कि मुकदमे में देरी आरोपियों द्वारा अंतरिम आवेदन दाखिल करने के कारण हुई। वे आरोप तय नहीं होने दे रहे। सिब्बल ने जवाब में कहा कि मामले में पांच पूरक आरोप पत्र दाखिल किये गये हैं। उन्होंने आगे कहा कि मामले में तीन सह-आरोपियों नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा को जमानत दे दी गई है।



**■ खालिद दिल्ली दंगों के मामले में तीन साल से अधिक समय से सलाखों के पीछे है**

# अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में प्रधानमंत्री मोदी ने किया बाबा भोलेनाथ का अभिषेक

अल्मोड़ा, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पिथौरागढ़ के बाद अल्मोड़ा पहुंचे। जहां उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। साथ ही देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी शौकियाथल पहुंचे। इसके बाद सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम पहुंचे। 124 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम में उन्होंने सर्वप्रथम गर्भगृह में करीब 7 मिनट तक पूजा कर बाबा जागेश्वर के दर्शन किए। इसके पश्चात पुष्टिमता, महामृत्युंजय तथा केदारनाथ में पूजा-अर्चना की। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी 11 ब्राह्मणों के यजमान बने। इसके बाद मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए अर्धनारिश्वर वृक्ष का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तांबे से बना वाद्य यंत्र तुरही, ताम्र जागेश्वर तथा डमरू उपहार स्वरूप भेंट किया। पर्वतीय क्षेत्रों को कई सौगात देने के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपने साथ जागेश्वर धाम की कई यादें भी ले गए। प्रधानमंत्री को बतौर स्मृति चिह्न जागेश्वर धाम की ताम्र प्रतिमा और सुराही प्रदान की गई। प्रधानमंत्री को ताम्र नगरी



के नाम से प्रसिद्ध अल्मोड़ा की ताम्र शिल्प भेंट किए जाने से यहां की संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

#### धारचूला के गूंजी गांव पहुंचे पीएम मोदी, स्थानीय लोगों और आईटीबीपी के जवानों से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर हैं। जहां उन्होंने सबसे पहले आदि कैलाश के दर्शन किए। उसके बाद प्रधानमंत्री पिथौरागढ़ के धारचूला से 70 किलोमीटर दूर गूंजी गांव पहुंचे। स्थानीय लोगों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने आईटीबीपी के जवानों से भी मुलाकात की।

## प्रधानमंत्री हर दिन वे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा रहे हैं और रोज रेल हादसे हो रहे : ललन सिंह

**पटना,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु) बक्सर में हुए रेल हादसे को लेकर सियासत तेज हो गई है। जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह ने रेल हादसे को लेकर पीएम मोदी से जवाब मांगा है। ललन सिंह ने कहा है कि बक्सर में हुए रेल हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी को जवाब देना चाहिए। दरसअल, ललन सिंह गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर पहुंचे थे, जहां मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला। ललन सिंह ने कहा कि बक्सर रेल हादसे पर तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए। हर दिन वे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा रहे हैं और रोज रेल हादसे हो रहे हैं। ओडिशा में इतना बड़ा रेल हादसा हो गया, उसमें कुछ नहीं हुआ। ये लोग सिर्फ अपनी प्रशंसा में लगे हुए हैं। सभी चीजों का निजीकरण कर रहे हैं तो यह सब तो होगा ही। बता दें कि बुधवार की देर रात दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के पास आनंद विहार से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। हादसे में ट्रेन के 23 कोच पटरी से उतर गए थे। रेलवे के मुताबिक इस ट्रेन दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि 30 लोग घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। रेल मंत्रालय ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। बिहार सरकार ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपया मुआवजा देने का एलान किया है।



**संकट** *1962 में एलएसी पर दबाई गई बारूदी सुरंगें हटने पर खुश हुए लद्दाखवासी*

# अभी भी 19े वर्ग किमी क्षेत्र में लैंड माइन्स के साए में हैं जम्मू कश्मीर के लाखों लोग

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 12 अक्तूबर (देशबन्धु)। लद्दाख के बर्फीले रेगिस्तान के करीब तीन इलाकों में सेना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान दबाई गई पौने दो सौ सब अधिक बारूदी सुरंगें निकाल कर आसपास के लोगों को खुशी तो प्रदान की पर अभी भी जम्मू कश्मीर के 19े वर्ग किमी क्षेत्र में रहने वाले लाखों लो इन बारूदी सुरंगों के साए में हैं जो भारत-पाक सीमा से सटे हैं।**

सेना ने बताया की उसके जवानों ने लेह जिले के तीन इलाकों में एक अभियान चला कर 175 बारूदी सुरंगों को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने गुरुवार को खुद इसकी जानकारी दी। बताया गया कि ऐसा लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर रहने वाले स्थानीय लोगों की मांग पर किया गया है। पर यह एक कड़वी सच्चाई है कि जम्मू कश्मीर की जनता खतरनाक बारूदी सुरंगों के साए तले जिन्दगी काट रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस ओर के जम्मू कश्मीर के करीब 1900 वर्ग किमी के एरिया में लाखों बारूदी सुरंगें दबी पड़ी हैं जिनके आसपास लाखों लोगों की जिन्दगी रोजाना घूमती है। हालांकि इससे अधिक एरिया और संख्या में बारूदी सुरंगें उस कश्मीर में दबी पड़ी हैं।



लेह के उपायुक्त संतोष सुखदेव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिख कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फोब्रांग, योरगो और लुकुंग के ग्रामीणों की ओर से, हम 175 से अधिक बारूदी सुरंगों को सफलतापूर्वक नष्ट करके क्षेत्र की बाड़ लगाने और साफ करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए फायर एंड फ्यूरी कोर को धन्यवाद देते हैं। जबकि फोब्रांग के सरपंच का कहना था कि मैं 1962 में लगाई गई इन बारूदी सुरंगों को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देना चाहता हूं। इससे हमें नुकसान होता था।'पर यह भी सच हैकि जम्मू संभाग की 160 वर्ग किमी तथा कश्मीर की 1730 वर्ग किमी भूमि में लाखों की तादाद में दबाई गई बारूदी सुरंगें भी प्रदेश के उन नागरिकों के लिए खतरा बनी हुई हैं जो इन इलाकों में रहते हैं। ये लाखों बारूदी सुरंगें भारत-पाक युद्धों के दौरान दबाई गई थीं और अभी भी वे वहां पर इसलिए हैं क्योंकि इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर सीजफायर के बावजूद खतरा कभी टला ही नहीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेंडमाइन्स अर्थात बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लागू करवाने के लिए जुटे करीब 1000 संगठनों की रिपोर्ट के मुताबिक इतनी संख्या में बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल करने और उनका भंडारण करने वाले देशों में भारत का स्थान अगर 6ठा है तो पाकिस्तान पांचवें स्थान पर आता है।

एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बारूदी सुरंगों के संजाल की बात तो समझ में आती है लेकिन इस रिपोर्ट के मुताबिक कश्मीर में कई ऐसे गांव हैं जिनके चारों ओर बारूदी सुरंगें बिछाई गई हैं। रिपोर्ट कहती है कि इनमें से अगर आतंकवादग्रस्त क्षेत्र भी हैं तो वे गांव भी हैं जिन्हें एलओसी पर लगाई गई तारबंदी दो हिस्सों में बांटती है।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## आशा पारेख का जायज सवाल

वैसे तो कोई अपनी कमाई से कितना अपने पास रखता है और कितना लोगों के बीच बांट देता है, यह पूरी तरह से उसका निजी निर्णय होता है, लेकिन जब कोई ऐसे विशिष्ट उपक्रम करता है जिसका लक्ष्य किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष की स्थिति की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना हो तो इस तरह की उम्मीद करना नाहक नहीं कहलायेगा, कि इससे हुई कमाई का थोड़ा-बहुत हिस्सा उन लोगों तक पहुंचे, जिसे या जिन्हें केन्द्र में रखकर वह काम किया गया हो और उससे बड़ी आय या आर्थिक लाभ काम करने वाले को मिला हो।

इस बात का सन्दर्भ पिछले वर्ष विवेक अग्निहोत्री द्वारा कश्मीरी पंडितों के पलायन एवं उनकी तकलीफों पर बनाई गई फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' से जुड़ता है। बुधवार को बीते दिनों की सिने स्टार आशा पारेख द्वारा एक न्यूज़ चैनल' के कार्यक्रम में दिये उस बयान से जुड़ता है, जिसमें उन्होंने पूछा कि 'इस फिल्म से अग्निहोत्री ने इतने पैसे कमा लिये पर उन्होंने कश्मीरी हिन्दुओं पर कितनी राशि खर्च की?' इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि उसकी लागत 15-20 करोड़ रुपये मात्र थी जबकि उसने 400 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। दो फिल्मफेयर, पद्मश्री एवं दादासाहेब फालके पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीया अदाकारा ने कहा कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी है इसलिये वे उसके विवादास्पद पहलुओं पर कुछ नहीं कहेंगी। यह पूछने पर कि क्या ऐसी फिल्में बननी चाहिये, उन्होंने कहा कि अगर लोग देखना चाहते हैं तो बनती रहें। निर्माताओं का हिस्सा 200 करोड़ रुपये का अनुमान लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में हिन्दू बगैर बिजली-पानी के रह रहे हैं पर क्या निर्देशक ने अपने लाभ से कुछ उनकी मदद की?

यह फिल्म उसी समय विवाद में आ गई थी, जब माना गया था कि इसके निर्माण का उद्देश्य कश्मीरी पंडितों के खिलाफ आतंकवादियों का उत्पीड़न दिखलाते हुए हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा सधता हो। इसमें फिल्म को आंशिक सफलता भी मिली थी लेकिन लोगों को यह खेल समझ में आ चुका है क्योंकि इस फिल्म का स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार करते नज़र आये थे। उन्होंने इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई और मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इसे देखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से इसे देखने की अपील भी की थी। इसके बाद आई 'दी केरला स्टोरी' का भी राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भाजपा ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के पहले किया था। छोटे पर्दे के सीरियलों से अपना निर्देशकीय कैरियर बनाने वाले अग्निहोत्री को हिन्दुवादी राजनैतिक सोच वाला व्यक्ति माना जाता है जिनकी फिल्मों का उद्देश्य अब भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिये फिल्में बनाकर जन समर्थन हासिल जुटाना रह गया है। इस फिल्म को 'नरगिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। यानी माना गया कि इस फिल्म से भारत की एकता मजबूत होती है। वास्तविकता तो यह है कि इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना नहीं वरन बांटना है। अग्निहोत्री की हाल ही में आई एक और मूवी 'दी वैक्सीन वॉर' कोरोना के दौरान भारत की कोविड निरोधी टीके बनने की कहानी है जिसमें यह बतलाने की कोशिश है कि देश आज जो खुली सांसें ले रहा है वह इन्हीं वैक्सीनों के कारण है और फिल्म में अप्रत्यक्ष रूप से इसका पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली व दृष्टिकोण को दिया गया है।

अग्निहोत्री किस तरह से इन भावनाओं के दोहन द्वारा आर्थिक लाभ कमाते हैं, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके बारे में एक अखबार ने प्रकाशित किया कि 'दी कश्मीर फाइल्स' के माध्यम से विवेक एवं निर्माता के रूप में उनकी अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी ने मुंबई के वर्सोवा में करीब 20 करोड़ रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। कुछ समय बाद उनके अपनी पत्नी के साथ बैंकॉक की खर्चीली यात्रा की तस्वीरों ने भी सनसनी फैलाई थी। लोगों ने तंज कसा था कि देश में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा लगाकर ये लोग विदेश में मौज-मस्ती कर रहे हैं। पल्लवी ने ही फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' में नायिका की भूमिका निभाई थी। महंगे घर खरीदने या विदेशों की सैर करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और न होनी चाहिये। ऐसा वे सारे करते हैं जो इस तरह से पैसे कमाते हैं, लेकिन आशा पारेख का सवाल अपनी जगह पर खड़ा है और इसलिये जायज है कि वे ऐसी फिल्में बनाने वाले की मंशा और प्रयोजन पर सवालिया निशान लगाती हैं। इस फिल्म को देखकर लोगों का कश्मीरी आतंकवादियों के बहाने मुस्लिमों के खिलाफ रोष बढ़ा था जो भाजपा के वोट बैंक को बढ़ाता है।

आशा पारेख अत्यंत सम्मानित अभिनेत्री रही हैं जिनका बहुत सफल फिल्मी कैरियर रहा है और वे विवादों से हमेशा परे रही हैं। वे निर्विवाद रूप से हर मायने में एक सफल अदाकारा रही हैं जिन्हें जीवन में सब कुछ मिल चुका है जिन्हें कुछ और पाना नहीं बचता। इसलिये उन पर यह आरोप नहीं लग सकता कि उन्होंने कुछ पाने के लिये ऐसा बयान दिया है या यह कोई उनका पब्लिसिटी स्टंट है। उन्हें अब अपना कोई प्रचार नहीं करना है क्योंकि शोहरत की बुलन्दियों को वे काफी पहले छूकर उतर चुकी हैं। इसलिये विवेक अग्निहोत्री को उनकी बात का जवाब देना चाहिये। इस देश ने डेन्नी बॉयल को भी देखा है जिन्होंने मुंबई की झोपड़पट्टियों में रहने वालों के जीवन पर बनी अपनी मूवी 'स्लमडॉग मिलेनियर' को मिले आस्कर पुरस्कार की राशि का एक हिस्सा बाल कलाकारों को दिया था।

## विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर

देश के पांच राज्यों में चुनाव निर्धारित हो चुके हैं। तारीखें भी घोषित हो चुकी हैं। अब फर्ज़ कीजिये कि इन राज्यों के मतदाताओं को यदि देश के लिए भी मतदान (अगर कुछ राज्य में होते भी हैं) करना पड़े तो क्या यह उन पर किसी तरह का अतिरिक्त बोझ होगा या यह बिल्कुल सहज होगा? देश, प्रदेश और फिर स्थानीय मुद्दे क्या गड्डमड्ड नहीं होंगे? या यह ठीक होगा कि देश के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदाता अपने विधायक और पार्षद को भी चुन लें या फिर स्थानीय मुद्दों के हिसाब से देश के लिए अपने सांसद चुन लें? तीन तरह के प्रत्याशी एक साथ उनके दरवाज़ों पर आएंगे। यूं सभी आते भी कहां हैं फिर भी क्या यह हालात कोई दुविधा पैदा नहीं करेंगे? गर दलों की संख्या दो से ज़्यादा हुई तब तो निर्दलियों के साथ मतदाताओं का चकरघिन्नी होना तय है। हाल ही में राजस्थान चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने जो अपने फैसले पर दोबारा विचार न किया होता तो उसका चकरघिन्नी होना तय ही था। तारीख़ बदलने का पूरे राजस्थान में स्वागत हो रहा है। पहले आयोग ने राजस्थान में चुनाव की तारीख़ 23 नवंबर घोषित की थी। यह तिथि बदलनी पड़ी क्योंकि उस दिन देवउठनी एकादशी है। राज्य भर में हज़ारों शादियां इस दिन होती हैं। इसे 'अबूझ सावा' माना जाता है यानि ब्याह शादी के लिए सबसे शुभ मुहूर्त है जिसमें पंडित से पूछने की भी कोई ज़रूरत नहीं। ब्याव और चुनाव के इस टकराव में ब्याव जीते। अब विधानसभा चुनाव की नई तारीख़ 25 नवंबर है।

कहने का आशय यह है कि जब मतदाता की सहजता और सुविधा को यहां तवज्जो दी जा रही है तो फिर उसे एक साथ तीन-तीन चुनावों की दुविधा में क्यों डाला जा रहा है। 'एक देश एक चुनाव' का यही तो मकसद है कि लोकसभा, विधानसभा और नगर निकायों के चुनाव एक साथ करा लिए जाएं, संविधान में चार-पांच संशोधन कर दिए जाएं, कुछ विधानसभाएं भंग कर दी जाएं, कुछ के समय से पहले ही चुनाव करा लिए जाएं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए गठित समिति में आठ सदस्य हैं और समिति ने कह दिया है कि राज्यों से पूछने की कोई आवश्यकता नहीं है और इसे प्रस्तावित परिसीमन के बाद 2029 में लागू किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि परिसीमन के बाद नई सीटें बनाकर महिला आरक्षण को और फिर देश को एक चुनावी मोड में डाला जा सकता है। 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' का तो तहेदिल से स्वागत हुआ लेकिन क्या जनता एक ही बार में चुनाव के लिए तैयार है?

वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो। जब सबकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं तब सब एक साथ क्यों? एक ही समय में मतदाता पर इतना बोझ लादने की क्या ज़रूरत है? उसे कंफ्यूज क्यों करना है? ये कैसे ठीक होगा कि एक ही दिन में वह तीन अलग-अलग ठप्पे लगा आए और जो ऐसा नहीं होगा तो फिर सारी कवायद का क्या फायदा? खर्च बचाने का तर्क फिर कैसे काम करेगा?



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो।

इसमें जनता का फायदा तो उतना नहीं है लेकिन नेताओं का बेशक है जिन्हें बार-बार चुनावों में दौरे करने पड़ते हैं। अगली बार वे चाहते हैं कि एक ही बार निकलें और सारे काम हो जाएं। ठीक वैसे ही जैसे फसल अच्छी होने पर अक्षय तृतीया का मुहूर्त देखकर किसान अपने सारे बच्चों की शादी एक साथ कर देता है; फिर चाहे बच्चों की उम्र शादी लायक हो या न हुई हो। एक ही बार बिरादरी को भोजन कराना पड़ेगा, बच्चों की उम्र, मर्ज़ी आदि कोई मायने नहीं रखती। केंद्र की सरकार भी यही करने जा रही है। कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। समिति में गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह तथा वकील हरीश साल्वे शामिल हैं। चौधरी एक महीने पहले ही इसमें शामिल होने से इंकार कर चुके हैं। उनका कहना था कि समिति का निर्णय मंथन से पहले ही तय कर दिया गया है इसलिए इसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। गौरतलब है कि लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा और विधानसभा के एक साथ चुनाव को लेकर सौंपी थी लेकिन समिति ने निकाय चुनावों को भी शामिल कर लिया है।

सबसे पहले 1983 में चुनाव आयोग ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी औपचारिक रिपोर्ट दी थी। आयोग का कहना था कि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ कराने से खर्च की बचत होगी और देश बार-बार चुनाव कराने के भार से भी मुक्त होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस विचार के मुखर समर्थक थे। उन्होंने 1999 में चुनकर आने के बाद 'एक देश एक चुनाव' के विचार को दोहराया। फिर 2017 में नीति आयोग ने चुनाव से जुड़े टाइम टेबल को व्यवहारिक जामा पहनाया। बाद में लॉ कमीशन ने भी इस पर अपना मसौदा पेश किया। जनवरी, 2018 में जब कोविंद राष्ट्रपति थे तब उन्होंने अपने भाषण में 'एक देश एक चुनाव' का ज़िक्र भाजपा सरकार के बड़े सुधार के रूप में किया था और अब वे ही इस समिति के अध्यक्ष भी हैं। सरकार इसे लागू करने के लिए लगभग तैयार भी मालूम हो रही है। वैसे कहा जाता है कि औसतन हर तीन महीने में देश में कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। ऐसा तब भी होगा जब कोई सरकार अल्पमत में आएगी, किसी सदस्य का देहांत होगा या किसी सरकार को केंद्र ही बर्खास्त न कर दे। 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। फिर केरल की सरकार को बर्खास्त किये जाने के बाद यह सिलसिला टूटा और उसके बाद तो देश ने कई भंग सरकारें, मध्यावधि चुनाव और उपचुनाव देखे। यदि केंद्र के पास राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने की शक्ति (अनुच्छेद 356) बनी रहेगी तब 'एक देश एक चुनाव' के कोई मायने नहीं है।

फ़िलहाल सरकार को राज्यों की सहमति भी अब ज़रूरी नहीं मालूम हो रही। ऊपर से लिए गए फैसले के साथ यह व्यवस्था राज्यों की स्वतंत्रता को कितना बरक़रार रख पाएगी और भविष्य में यह किस रूप में सामने होगी, इस पर गहन विचार के बाद ही इसे लागू किया जाना चाहिए। राज्यों, शहरों और गांवों की अपनी आज़ादी ही देश के मज़बूत लोकतंत्र की बुनियाद है जिसका हनन नहीं होना चाहिए। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी का सशक्त चेहरा कोई है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। राज्यों के चुनाव में भी पार्टी ने उन्हें ही आगे रखा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ऋषिकेश में शांति तलाश रहे थे, राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को ड्राइविंग सीट से हटाकर पिछली सीट पर डाल दिया गया है और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन कुमार कुछ-कुछ लौटे हैं और कुछ शांत बने हुए हैं। वोट प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही मांगे जा रहे हैं। चुनाव अलग-अलग भी हों अगर जो चेहरा एक ही शख़्सियत का रहना है तो फिर एक देश एक चुनाव की भी क्या ज़रूरत है? ख़ैर, यह मज़ाक की बात नहीं है। इसे लागू करने से पहले इस पहलू पर गहरा विचार होना चाहिए कि एक चुनाव देश की संघीय व्यवस्था को कितनी मज़बूती देगा।

एक व्यक्ति और एक मुद्दे की लहर किसी भी बड़ी पार्टी को बेलगाम ताकत दे सकती है। क्षेत्रीय पार्टियों और निर्दलियों का सूपड़ा साफ़ होने की आशंका हमेशा रहेगी। पब्लिक पॉलिसी से जुड़े मुद्दों के एक अध्ययन के मुताबिक देखा गया है कि अगर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो 77 फ़ीसदी मतदाता दोनों जगह एक ही पार्टी को मत देते हैं और जो दोनों चुनावों में छह महीने का अंतर है तो एक ही पार्टी को वोट देने की सम्भावना 77 की बजाय 61 प्रतिशत रह जाती है। ज़ाहिर है कि इस सोच की गंगा में कौन सा दल डुबकी नहीं लगाना चाहेगा?

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

## हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां

■ अंजन रॉय

यह अप्रत्याशित नहीं है कि इज़रायल-हमास युद्ध ने भारत में दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच शब्दों और विचारों की लड़ाई शुरू कर दी है।

हमास के हमले को आतंकवादी कृत्य बताने और इजरायल को पूरा समर्थन देने के प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस की आलोचनाएं आमने-सामने आ गईं। अपने बयानों में, भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्य पूर्व संकट पर पारंपरिक भारतीय रुख को याद किया है और परोक्ष रूप से सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की है।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान और कांग्रेस की आलोचनाओं को वास्तव में इज़रायल राज्य के निर्माण और अरब-इजरायल संघर्ष के बाद के इतिहास को समझे बिना भारतीय विदेश नीति की बारीकियों को समझा नहीं जा सकता।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1920 के दशक में ब्रिटिश प्रधानमंत्री आर्थरजेम्सबालफोर द्वारा जारी एक प्रस्ताव द्वारा इज़रायल राज्य के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप में यहूदियों के नरसंहार और यातना और हत्याओं के अनुभव के साथ, यहूदियों के लिए एक नया गृह राज्य बनाने के लिए यरूशलेम के चारों ओर भूमि के एक टुकड़े को यहूदियों का राज्य बनाने का निर्णय किया गया।

> यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा इज़रायल के पहले प्रधानमंत्री बेनगुरियन के साथ एक समझौते के साथ फिलिस्तीन के आसपास की भूमि पर 1948 में नया राज्य बनाया गया था। तब से, मुस्लिम मध्य पूर्व को लगा कि यह उस भूमि के स्थानीय लोगों को उखाड़कर बनाया गया राज्य है और उन्होंने इसे मिटा देने की प्रतिज्ञा की।

दरअसल, यह एक हजार साल पुराना युद्ध और संघर्ष है। एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था।

हालांकि, यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

यहां तक कि प्रबुद्ध उदारवादी यूरोपीय बुद्धिजीवी भी तीव्र यहूदी-विरोध से ऊपर नहीं थे, सबसे जोरदार और अक्सर देखा जाने वाला शेक्सपियर का प्रसिद्ध नाटक, मर्चेंट ऑफ वेनिस है। नाटक में, शाइलॉक यहूदी व्यापारी एक ऋण चूककर्ता से एक पाउंड मांस मांगता है।

मानो अपराध की भावना से, यूरोपीय लोगों को लगा कि यह नया राज्य उनके सहस्राब्दी पापों से मुक्ति का अवसर प्रदान करता है। शायद, यह विभिन्न यूरोपीय देशों में अशकेनाज़ी यहूदियों से एक अच्छा छुटकारा भी था। यूरोपीय लोग ऐसे समाधान के लिए बाध्य हो सकते थे क्योंकि वे उस समय शक्तिशाली थे।

हालांकि, मध्य पूर्व के देश यह स्वीकार नहीं कर सके कि यूरोपीय समाधान और समस्याएं नये राज्य की स्थापना के साथ ही शुरू हो गईं। युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये। आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं। हालांकि, अन्य अधिक यथार्थवादी मध्य पूर्व के देशों ने इज़रायल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है।

चारों ओर अस्वीकृति और शत्रुता की प्रक्रिया में, इज़रायल के यहूदियों ने बहुत तेजी से जीवित रहने की तकनीकें सीख लीं। हमास के इज़रायल पर वर्तमान हमले के पहले, इजरायल ने दुर्जेय सैन्य क्षमता के साथ-साथ एक अत्यधिक परिष्कृत खुफिया नेटवर्क भी विकसित किया था, उसे हमास ने काफी हद तक नष्ट कर दिया।

प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के नेतृत्व में तैयार की गई स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने वंचितों और उन देशों के हित की वकालत की थी जो औपनिवेशिक प्रभुत्व के अधीन थे। अंग्रेजों से आजादी हासिल करने के बाद यह एक सामान्य प्रतिक्रिया थी।

भारत ने नये राज्य की स्थापना के दो साल के भीतर 17 सितंबर, 1950 को इज़रायल को मान्यता दे दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू, जो उस समय प्रधानमंत्री थे, ने कहा कि भारत को इज़रायल को पहले ही मान्यता दे देनी चाहिए थी लेकिन इसमें देरी हुई।

फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) का भारतीय नेताओं के साथ सहज सौहार्द्र था, जिसमें इंदिरा गांधी भी शामिल थीं, जिन्होंने तेजतर्रार और प्रसिद्ध पीएलओ नेता यासर अराफात की मेजबानी की थी। बहुत बाद में, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भी फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई।

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इज़रायल के साथ भारत के संबंध तेजी से विकसित हुए। घनिष्ठ सुरक्षा और रक्षा संबंधों के साथ संबंध विकसित हुए। इज़राइल, सैन्य हार्डवेयर उत्पादन में अपनी चतुराई के साथ, भारत के लिए रणनीतिक हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया।

भारत को पड़ोस से लगातार आतंकवादी खतरे और चीन से सैन्य खतरों के आलोक में इज़रायल देश के हार्डवेयर और खुफिया प्रणालियों का एक प्रमुख स्रोत बन गया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कट्टर हितों ने बाहरी नीति रुख के पुन:अभिविन्यास को बढ़ावा दिया है।

हमास हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी के बयान, जिसमें हमास के भयानक आतंकवादी हमले के बाद इज़रायल के प्रति समर्थन और सहानुभूति व्यक्त किया गया था, में ऐसी आतंकवादी कार्रवाई के मामले में भारत की चिंता छिपी है। मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला, जिसे अब 26/11 के नाम से जाना जाता है, और 2001 में संसद पर हमला भी, इस बात की याद दिलाते हैं कि भारत के साथ पहले क्या हुआ था। खुले समाज में आतंकी हमले का यह एकमात्र उदाहरण नहीं था।

पहले के दौर में खालिस्तानी आतंकवादियों के जघन्य अपराध और इसके खिलाफ बदले की भावना से होने वाली हत्याओं का अचानक भड़कना भी इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक स्थिर समाज और राजनीति के लिए क्या नुकसान कर सकता है। पश्चिमी सहानुभूति के चारों ओर दोहरापन है- घर पर आतंकवादी हमला अत्यधिक निंदनीय है और लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर प्रायश्चित किया जाता है। जब 2023 के आखिरी नौ महीनों में गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की हत्याएं हुईं तो पश्चिमी देशों ने इजरायल के खिलाफ कुछ नहीं कहा।

यदि संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक शक्तियां प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप नहीं करती हैं तो हमास-इजरायल युद्ध के पवित्र युद्ध में बदलने की पूरी संभावना है। भारत के लिए भी आतंकवाद के विरुद्ध सतत सतर्कता अनिवार्य हो गई है।

### पावन प्रसंग

## सबके लिए खुला है सुख का द्वार : भगवान महावीर

बाल्यावस्था में ही भगवान महावीर में वैराग्य की भावना प्रबल होने लगी थी और उनका मन साधना में लीन होना चाहता था। इसीलिए उनका अधिकांश समय चिंतन और मनन में ही व्यतीत होता था। कुमार अवस्था को पार कर युवावस्था में प्रवेश करने पर भी उनका मन सांसारिक सुखों की ओर आकृष्ट नहीं हुआ। संसार के प्राणियों को दुखी देखकर उनका मन व्याकुल रहता था और वे संसार के दुखों के कारणों को दूर करने का उपाय खोजने के प्रयत्नों में लगे रहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गृह त्याग कर साधु जीवन व्यतीत करने का निश्चय कर लिया। उनको राजसी सुखों का, माता-पिता का मोह भी उनको उनके मार्ग से विचलित न कर सके।

मात्र तीस वर्ष की आयु में वे गृह त्याग कर, साधु जीवन व्यतीत करने लगे। वे इसी चिंता में लगे रहते कि संसार के दुखों का कारण क्या है? वे दुखी क्यों हैं? शाश्वत सुख कैसे प्राप्त किया जा सकता है। वे 12 वर्षों तक घोर तपस्या करते रहे। अंतत: बयालीस वर्ष की अवस्था में उन्हें संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्हें अतीन्द्रिय, अनन्त आत्मिक व परम आनंद की प्राप्ति हुई। तत्पश्चात वे तीस वर्ष तक लोगों को उनके दुख का कारण, दुख से मुक्ति के उपाय व शाश्वत सुख, अनन्त सुख का मार्ग बताते रहे। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर भगवान महावीर ने कहा- मनुष्य के दुखों का मूल कारण अज्ञान भी है। अत: मनुष्यों को अज्ञान से मुक्त होने का उपाय करना चाहिए। चिंतन-मनन, तप-त्याग व निरंतर ध्यान करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर ही जीव को पूर्ण शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। पूर्ण ज्ञान की अवस्था ही मुक्ति की अवस्था है।

मुक्ति की अवस्था में ही आत्मा अनंत काल तक अतीन्द्रिय आनंद की अमुभूति करती रहती है। यह मुक्ति का द्वार प्रत्येक जीव के लिए समान रूप से सभी के लिए खुला है। तप, ध्यान के अभ्यास से कोई भी जीव सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। जीव की आंतरिक पवित्रता, संयम, अहिंसा, तप आदि ही साधन हैं। महावीर जी का स्पष्ट मत था कि मनुष्य की उच्चता व निम्नता उसके कर्मों से होती है उनके जन्म व वंश से नहीं। सिर मुंड़ा लेने से कोई श्रमण (संन्यासी) नहीं बन जाता, केवल ओंकार का जप करने से कोई ब्राह्मण नहीं बन जाता, निर्जन वन में रहने मात्र से मुनि नहीं बन जाता और केवल वल्कल वस्त्र धारण कर लेने से कोई तपस्वी नहीं बन जाता। इसके विपरीत समता पालने से श्रमण (संन्यासी), ब्रह्मचर्य का पालन करने से ब्राह्मण, चिंतन-मनन, ज्ञान से मुनि तथा तपस्या करने से तपस्वी होता है।

भगवान महावीर ने कहा केवल मेरे कहने से ही इसे सत्य नहीं समझो कि मैंने इसे कहा है, बल्कि अपने स्वयं के चिंतन-मनन व अनुभव से सत्य को जानो, तभी सत्य को समझो अस्तु हममें से कोई जिन्हें पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने की सच्ची उत्कंठा है, दुखों से मुक्ति पाने की सच्ची लगन है, व अनंत सुख, शाश्वत सुख प्राप्त करने की अभिलाषा है, वे महावीर के अनुसार स्वयं तपस्या में प्रवत्त होकर ही इसे अनुभव कर सकते हैं। सबके लिए खुला है यह सुख का द्वार।

**अखंड ज्योति**

### आपके पत्र

## सिसकती, कराहती मानवता, युद्ध और हिंसा की शिकार महिलाएं और बच्चे ही क्यों?

पूरा विश्व जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसी तरह यूक्रेन-रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता, भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। स्त्रियां, बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं। हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इजरायल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है, मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है।

पूरे विश्व समेत देश के कोने-कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाएं अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है। नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है। धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं। समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादती और अत्याचार के शिकार होते रहें।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है। शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। देश की आबादी की 45फीसदी आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है, यह एक चिंतनीय सामाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है।

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग-बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वहीं सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है।

**संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी



शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

पापा– आज तक तूने कोई ऐसा काम किया जिस से मेरा सर ऊँचा हुआ हो?

बेटा– एक बार आपके सर के नीचे तकिया लगाया था, भूल गए आप?

# सरकंडा खेल परिसर में हत्या,आरोपी गिरफ्तार

### उधारी सामान लेने की बात पर हुआ था विवाद

### आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद





**बिलासपुर ,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। उधारी सामान लेने की बात पर हुए विवाद में पान ठेले वाले ने एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वही वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।

सरकंडा पुलिस ने बताया कि 11 अक्टूबर को रात्रि करीबन 11.30 बजे सूचना मिली कि सरकंडा खेल परिसर के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है कि घटना की सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) को दिया गया तथा निर्देशानुसार सूचना मिलते ही तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र कुमार जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइन) संदीप पटेल के साथ सरकंडा से पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला जिसके छाती में किसी धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी । मृतक की पहचान देवव्रत सिंह पैकरा जिला रायगढ़ के रूप में हुई जो शुभम बिहार कॉलोनी में छात्रावास में रहकर साइंस कॉलेज में एमएससी की पढ़ाई कर रहा है जो घटना दिनांक को अपने दोस्त पंकज लश्कर जो की स्विमिंग पूल में गार्ड का काम करता है तथा अन्य दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मनाने इकट्ठा हुए थे । इसी दौरान मृतक के दोस्त खेल परिसर के बाहर दुकान में कुछ सामान लेने गए थे जहां दुकान संचालक आरोपी अंकित यादव से उधारी सामान लेने की बात को लेकर विवाद हुआ था और गाली गलौज कर आपस में मारपीट किये, मारपीट करने के बाद वहां से सभी लड़के भाग गए । मारपीट होने के बाद आरोपी अंकित यादव अपनी दुकान से चाकू लेकर स्विमिंग पूल की ओर आया और देवव्रत सिंह को मारपीट करते हुए उसके छाती पर वार कर दिया जिससे देवव्रत सिंह की मौके पर मौत हो गई । घटनाकरित करने के बाद आरोपी अंकित यादव घटना स्थल से भाग गया। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया। जिसमें सूचना मिला की मृतक एवं उसके दोस्तों का दुकान संचालक से विवाद हुआ था । पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ के बाद संदेही अंकित यादव का पता तलाश किया गया जो फरार था। जिसे मुखबिर की सूचना से घेराबंदी कर उसके घर के पास से पकड़ा गया पूछताछ करने पर आरोपी अंकित यादव ने अपने दुकान में उधारी सामान लेने की बात को लेकर मारपीट की घटना होना स्वीकार किया तथा मारपीट से गुस्सा होकर अपने दुकान में रखें घरेलू चाकू से देवव्रत सिंह पैकरा की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त घरेलु चाकू को जप्त किया गया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

## संपादकीय

### जानलेवा स्टंट से बचें युवा

*युवाओं में बाइक पर स्टंट करने का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है जो खतरनाक है। यह खुद की जान के लिये खतरा तो है ही, अन्य लोगों के लिये भी जिंदगी भर की परेशानी का सबब बन सकता है। मंगलवार की रात को यातायात पुलिस ने एक मोटर साइकल पर सवार 7 नाबालिगों को स्टंट करते हुए पकड़ा जो आश्रम से आमापारा की ओर जा रहे थे। ये सारे एक-दूसरे को खतरनाक ढंग से पकड़े हुए थे और बाइक चालक बहुत ज्यादा गति से चला रहा था। पुलिस ने इस बाइक के मालिक अभिभावक को बुलवाकर माफी मंगवाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।*

*आजकल अधिक गति से दौड़ने वाली मोटर साइकलें युवाओं को आकर्षित करती हैं। ऐसे ही, विचित्र आवाजें करतीं मोटर साइकलों को भी तेज गति से चलाने का उनका शौक होता है। अक्सर ऐसे बच्चे शहर की खाली सड़कों या बाहरी मार्गों पर स्टंट करते हुए दिखते हैं। रायपुर की बात करें तो नवा रायपुर के रास्तों पर हर रात ऐसे युवा दिख जायेंगे। इनमें ज्यादातर नाबालिग होते हैं। स्वाभाविक है कि उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होते। ऐसे लोग या तो खुद को घायल करते हैं या फिर किसी अन्य को मौत के मुंह में ढकेलते हैं या उन्हें ज़ख्मी अथवा अपाहिज बनाते हैं। चूंकि उन पर मामला बनता नहीं और अक्सर विनय-अनुनय करके वे छूट भी जाते हैं, तो उनका हौसला बढ़ता है। पुलिस वाले उनकी कच्ची उम्र व कैरियर को ध्यान में रखते हुए मामला दर्ज नहीं करते जिसका वे फायदा उठाते हैं। पालकों व अभिभावकों को बच्चों की इन करतूतों का खामियाजा भरना पड़ता है। जैसा कि इसी मामले में हुआ, परिजनों को भारी-भरकम जुर्माना चुकाना पड़ा और अपमानित होकर माफी भी मांगनी पड़ी। बच्चों की जान को इस स्टंट से कितना बड़ा खतरा था यह भी उन्हें खुद ही सोचना चाहिये। एक बाइक पर 7 लोग सवार होकर वे अपनी जान के साथ तो खिलवाड़ कर ही रहे थे, राह चलतों की जान को भी खतरे में डाल रहे थे।*

*इस बाबत युवाओं को जानकारी व समझाइश दिये जाने की सख्त जरूरत है। शिक्षक एवं अभिभावक इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यातायात पुलिस तो अपनी तरफ से काफी कोशिशें करती है लेकिन कम उम्र या नाबालिग होने के कारण वे ज्यादा सख्त नहीं हो पाते। इसलिये अभिभावकों को चाहिये कि वे अपने बच्चों को अपने वाहन बिलकुल न दें। वे तेज गति चलाने और स्टंटबाजी के खतरों से उन्हें अवगत कराएं। वे खुद भी संयमित तरीके से वाहन चलाएं तथा बच्चों को भी निर्धारित सीमा में चलाने और लाइसेंस पाने के बाद यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का कड़ाई से पालन करना सिखाएं। तभी वे सुरक्षित जीवन जी सकेंगे।*

## सार-संक्षेप

### जिला साहू समाज ने दोनों राष्ट्रीय पार्टियों से मांगे एमएलए टिकट




**बिलासपुर,** 12 अक्टूबर ( देशबन्धु)। जिला साहू संघ भी समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं को एमएलए टिकट दिलाने के लिए सामने आ गया है। संघ का दावा है कि अकेले बिलासपुर जिले में साहू वोटरों की संख्या 2 लाख से अधिक है। लोकसभा में 4 लाख से अधिक मतदाता रहते हैं।

संघ के जिला महामंत्री पप्पू साहू ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिले की विधानसभा सीटों के चुनाव को साहू समाज काफी प्रभावित करता है। जिले के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में साहू वोटरों की जनसंख्या काफी अधिक है। उन्होंने दोनों राष्ट्रीय पार्टियों से किसी भी एक विधानसभा सीट से समाज के सक्रिय सदस्य को टिकट देने की वकालत की है। दोनों पार्टियों से टिकट नहीं मिलने पर समाज का अगला कदम क्या होगा, इस सवाल पर उनका कहना था कि समाज के बड़े पदाधिकारी इस बारे में निर्णय लेंगे। अगर किसी सामाजिक व्यक्ति की आस्था किसी पार्टी विशेष से जुड़ी हुई तो उन पर किसी और का काम करने का दबाव नहीं डाला जाएगा।

### प्रकाश मनहर को सेवा रत्न सम्मान 2023 मिला




**बिलासपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेवा रत्न सम्मान 2023 प्रकाश कुमार मनहर वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्डर, सोशल वर्कर, राज्यपाल से सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षक, लेक्चरर को शिक्षा ( विज्ञान) के क्षेत्र में और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नेशंस प्राइड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स के द्वारा सम्मानित किया गया।

### डेढ़ लाख से ज्यादा बच्चों ने अपने पालकों को मतदान करने लिखा पत्र



**बिलासपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में मतदाता जागरूकता, मतदाता शिक्षा का प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के चारों विकासखण्डों के स्कूली छात्र–छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं उनके पालकों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने पोस्ट कार्ड लेखन का आयोजन किया गया। डीईओ ने बताया कि स्वीप अंतर्गत आयोजित पोस्टकार्ड लेखन में बिल्हा विकासखण्ड के 709 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के 75 हजार 750 विद्यार्थी शामिल हुए एवं 23 हजार 483 पालकों के द्वारा लिखे गये मतदान शपथ जमा किये गए। इसी प्रकार कोटा के 525 विद्यालयों के 26 हजार 19 स्कूली बच्चों ने, मस्तूरी ब्लॉक के 502 विद्यालय के 41 हजार 139 विद्यार्थियों ने एवं तखतपुर के 503 विद्यालयों के 33 हजार 943 स्कूली बच्चों ने पोस्टकार्ड लेखन में भाग लेकर उनके 10 हजार 522 पालकों के द्वारा मतदाता शपथ पत्र जमा करवाये गये। स्वीप के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के कुल 2236 विद्यालयों के 1 लाख 76 हजार 850 ने उत्साह के साथ भाग लिया और कुल 54 हजार 824 पालकों के द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने का शपत्र पत्र अपने स्कूली बच्चों को सौंपा गया।

## नवरात्र में बदल सकता है मौसम, मंडराएंगे बादल



**बिलासपुर,**12 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानसून बिलासपुर से भले विदा ले चुका है, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नवरात्र में वर्षा की संभावना बन रही है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो 18 अक्टूबर को पहाड़ी क्षेत्र पेंड्रारोड समेत शहर के कुछ स्थानों पर वर्षा हो सकती है।मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई रेखा रक्सौल, डाल्टनगंज, कांकेर, रामागुंडम, बीजापुर, बेंगर्ला है। प्रदेश में 12 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। आकाश मुख्यत: साफ रहने के आसार हैं।वहीं मौसम विज्ञानी सिराज खान की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण मध्य भारत मध्य प्रदेश का दक्षिणी भाग, विदर्भ का उत्तरी भाग व छत्तीसगढ में 17 अक्टूबर को पश्चिम दिशा से बादल आने की संभावना है। इसके प्रभाव से 18 अक्टूबर को चौतरफा हल्की वर्षा होने और 19 अक्टूबर को पूर्व की दिशा में चले जाने की संभावना है। अत: 16 अक्टूबर से रात के तापमान में वृद्धि होने और 19 अक्टूबर को न्यूनतम तापमान में अचानक उल्लेखनीय गिरावट दर्ज होने की संभावना है। 18 अक्टूबर को पूर्वी मध्य प्रदेश के दक्षिणी भाग व पहाड़ी स्थानों जैसे पेंड्रारोड, अंबिकापुर में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

बिलासपुर में मौसम शुष्क न्यायधानी में मौसम अभी शुष्क बना हुआ है। बुधवार की सुबह हल्की ठंडी महसूस हुई। दिन चढ़ने के साथ सूर्य ने गर्मी का अहसास कराया। तापमान में अभी बहुत अधिक उतार–चढ़ाव नहीं हुआ है। यही कारण है कि दिनभर मौसम शुष्क बना रहा। पंखा, कूलर और एसी अभी बंद नहीं हुए हैं।

### गर्मी से लोग हलाकन

अक्टूबर में सूर्यदेव का मूड बिगड़ा हुआ है। मानसून की विदाई के साथ ठंडी के बजाए गर्मी का अहसास हो रहा है। आमजन समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों? एक दिन पहले बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।गर्मी का आलम ऐसा है कि इन दिनों बिलासपुर वासियों को दिन के साथ रात में भी पंखा, कूलर और एसी चलाकर सोना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान जहां 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है तो वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस है। दिन और रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। अमूमन अक्टूबर में सर्दी का अगाज हो जाता है। किंतु इस बार अभी तक ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 14 वर्षों के भीतर केवल एक बार 16 अक्टूबर 2009 में ऐसा मौका आया है जब अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद साल 2015 में दिन बार पांच, 12 और 13 अक्टूबर को पारा 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि राहत की बात यह है कि रात में गिरावट का दौर भी प्रारंभ हुआ। 26 अक्टूबर 2009 को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का रिकार्ड है। विगत 10 वर्षों में लगभग हर बार ऐसा हुआ जब पारा 20 डिग्री सेल्सिसय के नीचे लुढ़क गया। ओवरआल आंकड़ों से स्पष्ट है कि न्यूनतम तापमान में गिरावट तो दर्ज होता है,लेकिन अधिकतम तापमान में वृद्धि चिंता का विषय है।

### जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर,**12 अक्टूबर (देशबन्धु)। तोरवा पुलिस ने जुआ खेलते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आज मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन बिलासपुर के सामने ऑटो स्टैंड में 52 पत्ती तास से हार जीत का का दांव लगाकर जुआ खेलने आरोपी 1– शमशेर अली 2– संतोष कुमार वासवानी 3–भानु प्रताप 4– नारायण पात्रे 5– शाहनवाज 6– मोहम्मद अहमद के फड़ एवं पास से कुल 6300 रुपए, 52 पत्ती ताश जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

## रस्सी लेकर फांसी लगाने पहुंच गया वकील, तहसील कार्यालय में हड़कंप



**बिलासपुर,** 12 अक्टूबर ( देशबन्धु)। रस्सी लेकर फांसी लगाने तहसील कार्यालय पहुंचे वकील को बचा लिया गया है। लेकिन वकील ने पटवारी पर गंभीर आरोप लगा दिए है। अधिवक्ता का आरोप है कि पैसा लेने के बाद भी उसके मुवक्किल का पर्ची बनाकर नही दे रहा है।

गुरुवार को बिलासपुर तहसील कार्यालय में रोज की तरह कामकाज चल रहा था। तभी एक अधिवक्ता संतोष यादव रस्सी लेकर फांसी लगाने पहुंच गया। कार्यालय में अधिवक्ता चिल्ला चिल्लाकर खमतराई पटवारी पर पर्ची नही बनाने का आरोप लगा रहा था। जब उसने कार्यालय में ही फांसी लगाकर जान देने की बात की तो हड़कंप मच गया। किसी ने जाकर इसकी जानकारी तहसीलदार को दी तो वहां से दौड़ते भागते अधिकारी और उसके कर्मचारी बाहर निकले। किसी तरह कर्मचारियों ने उसके हाथ से रस्सी छीना और कारण पूछा। तब अधिवक्ता ने बताया कि खमतराई का पटवारी पर्ची बनवाने के लिए आठ हजार रुपए ले चुका है लेकिन पर्ची नही बना रहा है। महीनो हो गए चक्कर काटते। उनका मुवक्किल पर्ची के बारे पूछता है तो उनको क्या जवाब दूं। अब उनके सामने आत्महत्या करने के अलावा कुछ नही बचा है। तहसील कार्यालय में जब ये ड्रामा चल रहा था तो वहां मजमा लग गया था। अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों को मुंह छिपाते नही बन रहा था। इतने में वहां पटवारी पहुंच गया और पर्ची बनाकर तत्काल देने की बात करने लगा। इसके बाद ही मामला शांत हुआ।

## सभी बूथ में पहुंची कांग्रेस की मतदाता सूची

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एक की बैठक, कांग्रेस को जिताने का लिया संकल्प

**बिलासपुर** 12 अक्टूबर । बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 228 बूथ में सभी बूथ में सभी बूथ अध्यक्षों तक मतदाता सूची पहुंच गई है। कांग्रेस के पदाधिकारी अब संगठन के दिशा निर्देश पर चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के पक्ष में चुनावी चुनावी माहौल बन गया है प्रचार भी शुरू कर दिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे के मार्गदर्शन में आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी एक के अध्यक्ष जावेद मेमन के द्वारा सेक्टर एवं जोन प्रभारियों की कांग्रेस भवन में बैठक ली। सभी बूथ अध्यक्षों को मतदाता सूची प्रदान की गई तथा ब्लॉक ब्लॉक के प्रभारी राकेश शर्मा, समीर अहमद की मौजूदगी में कांग्रेस उम्मीदवार को जीतने के लिए चुनाव प्रचार को लेकर रणनीति बनाई गई। ब्लैक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जावेद मेमन ने कहा है कि बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में सभी ब्लॉकों में भूत अध्यक्ष अध्यक्षता मतदाता सूची पहुंचाई जा रही है तथा कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मतदाताओं से अब लगातार संपर्क करेंगे। कांग्रेस की पहली सूची जारी होते ही चुनाव प्रचार शुरू हो जाएगा और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने फिर से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत बिलासपुर विधानसभा से सुनिश्चित करने के लिए सभी एकजुट होकर काम करेंगे। प्रभारी राकेश शर्मा एवं समीर अहमद ने कहा है कि सभी बूथ में मतदाता सूची पहुंचाने के बाद अब कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में आसानी भी होगी। हम सब मतदाताओं तक पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया है। आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 की बैठक कांग्रेस भवन में संपन हुई।

जिसमें ब्लॉक एक के प्रभारी राकेश शर्मा ब्लॉक एक के अध्यक्ष जावेद मेमन पार्षद रविन्द्र सिंह सीमा धेतेष भास्कर यादव रमाशंकर बघेल सीताराम जायसवाल भारत कश्यप शाहिद कुरैशी जोन अध्यक्ष काशी रात्रे विनय वैद्य संदीप बाजपेई एल्डरमेन श्याम लाल चंदानी अखिलेश बाजपेई शिव मुदलियार शेख निजामुद्दीन मार्गेट बेंजामिन राशि पटवार पटवार तस्लीम खान विराज रजक अनीता भोई रेहान रजा हिमांशू कश्यप साथ ही बड़ी संख्या मे सेक्टर वा बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी करें मतदान-कमिश्नर

### गनियारी रीपा की दीदियों ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश




**बिलासपुर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहान की दीदियां इस बार बिलासपुर जिले में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान सूत्र को हकीकत में बदलने की जिम्मेदारी भी ले ली है। इसी कड़ी में आज जिले के तखतपुर ब्लॉक के गनियारी रीपा में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। नारी शक्ति गारमेंट फैक्ट्री की दीदियों ने बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कमिश्नर केडी कुंजाम, सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक अफसर और बड़ी संख्या में बिहान की दीदियां शामिल हुई। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कमिश्नर केडी कुंजाम ने इस अवसर पर कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने स्वीप के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप एक मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए चुनाव आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों एवं नए मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी अपनी भागीदारी निभाए। उन्होंने सभी से कहा कि आस–पास के लोगों को भी जागरूक करें। सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर जिले में मतदान का प्रतिशत कम है इसे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से मतदान करने और आसपास के लोगों को प्रेरित करने की अपील की।

### कमिश्नर ने दिलाई मतदाता शपथ

कार्यक्रम में कमिश्नर केडी कुंजाम ने बिहान की दीदियों सहित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विधानसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

### नए मतदाताओं का किया गया सम्मान

गनियारी में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में नए मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पीओ ओम पाण्डेय, एनआरएलएम के जिला समन्वयक रामेन्द्र सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### अपचन, कब्ज एवं शारीरिक श्रम न करना वात रोगों का प्रमुख कारण - डॉ. नागेंद्र




कोरबा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व आर्थराइटिस दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में सभी 80 प्रकार के वात रोगों हेतु आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद, योग, रक्त शर्करा जांच एवं अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 67 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर में वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने अपचन, कब्ज, शारीरिक श्रम न करना एवं कैल्शियम आयरन तथा विटामिन्स की कमी को वात रोगों का मुख्य कारण बताया। इससे बचाव एवं उपचार हेतु अपनी दिनचर्या को नियमित करने के साथ साथ अपने भोजन में कैल्शियम, आयरन एवं विटामिन्स युक्त भोज्य पदार्थों को शामिल करने को कहा तथा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। शिविर में श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष शिव जायसवाल, संरक्षक सुधीर सक्सेना, चलो आयुर्वेद की ओर के कार्यकारिणी सदस्य नेत्रनन्दन साहू, मनीष कौशिक, अश्वनी बुनकर, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, स्नेहा मिश्रा,अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, अतुल शाह, आभा दुबे, सोनल शाह एवं हर्ष नारायण शर्मा ने योगदान दिया।

### राष्ट्रीय अजा आयोग, सिस्टा व कोल इण्डिया प्रबंधन की बैठक हुई




**कोरबा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारी संगठन सिस्टा के साथ कोलकाता में बैठक हुई। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के प्रभारी अध्यक्ष अरुण हालदार, सदस्य डॉ. अंजुबाला, सदस्य सुभाष रामनाथ पारधि, आयोग के निदेशक कौशल कुमार,उप निदेश तरुण खन्ना, उप निदेशक दिनेश व्यास, अन्वेषक एके साहू, अध्यक्ष के निज सचिव अनमोल गिरी, सदस्य के निज सचिव भूपेंद्र कुमार भोला एवं आयोग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोग द्वारा पहले अनुसूचित जाति वर्ग के संवैधानिक अधिकारों,आरक्षण एवं इन वर्गों के साथ होने वाले भेदभाव की जानकारी ली गई। सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खांडे ने कोल इंडिया लिमिटेड और उसके अनुषंगी कम्पनियों में भर्ती, पदोन्नति, आवास आबंटन में आरक्षण का पालन नहीं करने, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग की वार्षिक विवरणी और बैकलॉग की गलत जानकारी प्रेषित करने, आरक्षण रोस्टर रजिस्टर छुपाने, कांट-छांट करने, प्रतिरुपण करने की जांच कराने, ग्रुप सी एवम् ग्रुप डी की भर्ती में डीओपीटी के दिशा निर्देश के विपरीत भर्ती करने की जानकारी दी। श्री खाण्डे कोल इण्डिया लिमिटेड और उसके सभी सब्सिडरी कम्पनियों में द्विपक्षीय समिति, संचालन समिति,कल्याण समिति, सुरक्षा समिति जैसे सभी कमिटियों में प्रतिनिधित्व की मांग रखी।

### प्रतिज्ञा महिला मण्डल की कार्यकारिणी गठित



कोरबा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में विभिन्न सामाजिक कार्यों तथा महिलाओं एवं बच्चों की रिक्रिएशनल एक्टिविटीज को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 अक्टूबर को श्रम कल्याण केंद्र, एचटीपीएस, कोरबा पश्चिम में प्रतिज्ञा महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन संयंत्र की प्रथम महिला श्रीमती निहारिका शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ कल्याण अधिकारी संजीत तिग्गा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यकारिणी की पदाधिकारियों के नाम प्रस्तावित कर की गई जिसके उपरांत श्रीमती निहारिका शर्मा द्वारा क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सीमा साहू एवं सचिव श्रीमती वंदना साहू तथा श्रीमती प्रियंका पाटले द्वारा क्लब की अन्य सदस्याओं श्रीमती मनीषा प्रजापति,श्रीमती कल्याणी साहू, श्रीमती शीला सिंह, श्रीमती पूजा राज, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती मिनाक्षी वर्मा,श्रीमती हेमलता सोनी, श्रीमती करूणा ठाकुर एवं श्रीमती प्रभा साहू को शपथ ग्रहण कराया गया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती शर्मिष्ठा सिन्हा, श्रीमती प्रियंका पाटले, श्रीमती अभिलाषा गुप्ता एवं श्रीमती विजया शाह ने कहा कि इस प्रकार के मंच महिलाओं एवं बच्चों की प्रतिभा को अभिव्यक्त एवं संवर्धन करने के सशक्त माध्यम होते हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती निहारिका शर्मा ने कहा कि हम सभी को आपसी मतभेदों को भुलाकर महिलाओं के उत्थान के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। महिला मंडल की सचिव श्रीमती वंदना साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

### शांति समिति की बैठक आज

कोरबा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में नवरात्रि/विजयादशमी (दशहरा) एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 13 अक्टूबर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

### वोटर पोर्टल के माध्यम से ई-एपिक डाउनलोड करें मतदाता-कलेक्टर

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न करवाने नोडल अधिकारियों की बैठक ली। विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन ने बैठक लेकर उन्हें सौंपे गए दायित्वों को गंभीरता से निर्वहन करने कहा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित समस्त तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने के निर्देश



■ गिरफ्तारी व स्थायी वारंटों की ज्यादा से ज्यादा तामिली करें

**कोरबा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा होने के साथ ही पुलिस महकमा शांतिपूर्ण व निर्भिक चुनाव कराने तथा सभी तरह की कानून व्यवस्था बनाने के लिए अलर्ट हो गया है। पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना व चौकियों के प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट किए जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव के द्वारा तैयारियों की समीक्षा की गई जिसमें कोरबा से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा शामिल हुए। पुलिस महानिरीक्षक ने वर्चुअल बैठक लेते हुए नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। अवैध शराब की बिक्री, संग्रहण व परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु अंतर्राज्यीय सीमाओं में चेकिंग बढ़ाने तथा कार्यवाही के लिए कहा गया है। उडनदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दल के माध्यम से सघन चेकिंग कार्यवाही की हिदायत दी गई है। लाइसेंसी शस्त्रों को शत प्रतिशत जमा कराने के साथ-साथ थानों में लंबित गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंटों की अधिकाधिक तामिली कराने निर्देशित किया गया है। राज्य के बाहर से आने वाले केन्द्रीय बलों के आवास एवं परिवहन इत्यादि की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए इनकी मूलभूत सुविधाएं के संबंध में जानकारी लेकर इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। शांतिपूर्ण व निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अधिकाधिक कार्यवाही करते हुए बाउंट ओव्हर की कार्यवाही करने कहा गया। गुण्डा, बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए जिला बदर की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में बताया गया कि 10 अक्टूबर तक कोरबा जिले में प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत 5632 कार्यवाही की गई है। लाइसेंसी शस्त्र जमा करने के 165 प्रकरण लंबित हैं।

### जिले में 234 हथियार लाइसेंसी तीन महिलाएं भी बंदूकधारी



जिले में 234 हथियारों के लाइसेंस प्रशासन ने दे रखे हैं और आचार संहिता में अब ये सभी लाइसेंसी हथियार संबंधित थानों में जमा कराए जा रहे हैं। बैंक के सुरक्षा गार्ड, ड्यूटी देने वाले अधिकारियों से लेकर छूट के दायरे में आने वालों, बैंकों और एटीएम में करंसी लाने-ले जाने की सुरक्षा में लगे गार्ड को छूट दी जाएगी। इसके लिए कलेक्टर ने जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया है। एडीएम कार्यालय के मुताबिक कोरबा जिले में वर्तमान में 234 लाइसेंसी हथियार हैं ,इनमें 19 लाइसेंसधारी बैंक के सुरक्षा गार्ड हैं। जिले में 3 महिलाएं अपनी सुरक्षा के निमित्त शस्त्र रखती हैं। जिन 3 महिलाओं को बंदूक लाइसेंस जारी किया गया है, अब उन्हें भी संबंधित थाना में जमा कराने होंगे।

### भांजी को घुमाने का आरोप लगाकर मामा व साथियों ने की मारपीट

**कोरबा-बांकीमोंगरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक मामा ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक के साथ बुरी तरह मारपीट को अंजाम दिया। आरोप है कि युवक के द्वारा उसकी भांजी को घुमाया-फिराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत पंखादफाई निवासी राजा गुप्ता 24 वर्ष के साथ रवि केंवट और उसके साथियों के द्वारा 9 अक्टूबर को मारपीट किया गया व खून से लथपथ होकर अपने घर पहुंचा तो परिजनों को जानकारी हुई। पूछने पर राजा गुप्ता ने बताया कि वह पैसा वसूली कर घर लौट रहा था कि घुड़देवा पंखादफाई के पास प्रेमिका संध्या कैवर्त के मामा व उसके साथियों ने मेरी भांजी को कहां घुमाते हो कहकर गाली-गलौच किया व हाथ-मुक्का, लात व रॉड से मारपीट कर जमीन पर गिरा कर घसीट दिया। लहुलूहान राजा गुप्ता को कोरबा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद से परिवार को धमकी मिल रही है। राजा गुप्ता के पिता दयाराम गुप्ता ने बताया कि 1 नंबर दफाई निवासी संध्या कैवर्त के साथ उसका बेटा प्रेम करता है और दोनों 1 अक्टूबर 2023 को विवाह कर पति-पत्नी के रूप में रहना शुरू कर दिया है। दयाराम की रिपोर्ट पर बांकीमोंगरा पुलिस ने रवि केंवट व अन्य के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारंभ किया है।

### खराब कार लॉक कर छोड़ा, चोर उठाकर ले गए

**कोरबा-बांगो,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के दूरस्थ बांगो थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने सडक़ किनारे खड़ी खराब कार को भी नहीं छोड़ा और उसे चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार गजेन्द्र सिंह परमार 55 वर्ष मोपका बिलासपुर का रहने वाला है व ठेकेदारी काम करता है। ग्राम जटगा में रेलवे लाइन निर्माण में वह गिट्टी सप्लाई कर रहा है। काम की देखरेख मैनेजर रवि शर्मा बिलासपुर करता है और ठेकेदार के शिफ्ट डिजायर कार सीजी-10बीजे-0545 को अपने पास रखा है व जटगा में ही रहता है। 15 सितंबर को रात करीब 10.30 बजे काम खत्म कर जटगा लौट रहा था कि आमाटिकरा-लमना के मध्य कार खराब होने पर लॉक कर सडक़ किनारे खड़ी कर दिया था। दूसरे दिन सुबह मिस्त्री लेकर कार के पास गया तो वह चोरी हो चुकी थी। गजेन्द्र के द्वारा अपने स्तर पर तलाश के बाद कार नहीं मिलने से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर, सफल ऑपरेशन ने दी नई जिंदगी

**कोरबा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर के कारण असहनीय पीड़ा और फिर लकवाग्रस्त होकर चलने-फिरने लायक नहीं रह गए मरीज को सफल आपरेशन से नई जिंदगी मिली है।

नावापारा मड़वारानी निवासी राज कुमार 40 वर्षीय को रीढ़ की हड्डी में कई दिन से दर्द हो रहा था। धीरे-धीरे दर्द बढ़ता गया और अचानक असहनीय दर्द के साथ चक्कर आने की भी शिकायत बढने लगी। परेशान परिजन कई अस्पतालों का चक्कर लगाते रहे लेकिन मरीज को कोई आराम नहीं मिला और वह काफी कमजोर होने लगा। कमर के नीचे के हिस्से ने काम करना बंद कर दिया,उसके दोनों पैरों को लकवा मार चुका था जिससे चलने-फिरने में असहाय हो गया। सब जगह से थक- हार कर परिजन मरीज को उसी हालत में लेकर एनकेएच पहुंचे। मरीज की रीढ़ के हड्डी का एमआरआई करने पर पता चला कि एल-2 व एल-3 के बीचों बीच के हिस्से में 5 सेंटीमीटर के आकार का गांठ बना हुआ था। न्यूरोसर्जन डॉ. डीएच मित्तल ने एनेस्थेटिस्ट डॉ. रोहित मजुमदार, देवेंद्र मिश्रा, राम कोसले सहित सहयोगी टीम के साथ ऑपरेशन किया। 7 घण्टे तक चला ऑपरेशन पूर्णतः सफल रहा और मरीज धीरे-धीरे सामान्य होने लगा। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. यशा मित्तल व डॉ. अमन श्रीवास्तव के प्रयास से मरीज को चलाया-फिराया गया। मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और अब वह स्वस्थ है। मरीज के परिजनों ने डॉ. मित्तल सहित उनकी टीम का आभार जताया है।



### रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर ही पैरों में सुन्नपन की वजह- डॉ.मित्तल

डॉ. मित्तल ने बताया कि शरीर के निचले हिस्से में आने वाले सुन्नपन और कमजोरी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कई बार यह सामान्य बीमारी नहीं होती है। रीढ़ की हड्डी व गर्दन में ट्यूमर होने के कारण भी ऐसा हो सकता है। इसके डायग्नोस और इलाज में देरी करने पर लकवा आने का खतरा बढ़ जाता है। रीढ़ की हड्डी और इसकी नस में होने वाला ट्यूमर किसी भी उम्र में हो सकता है। बच्चों में भी यह बीमारी हो जाती है। कभी-कभी यह ट्यूमर हड्डी की नस में हो जाता है। यदि शरीर के दूसरे हिस्से जैसे ब्रेस्ट, दिमाग, लंग्स में ट्यूमर है तो यह रीढ़ की हड्डी तक फैल जाता है। कई बार नस दबने से भी यह हिस्सा कमजोर पडऩे से मरीज सुन्नपन की शिकायत करता है। इसे नजरअंदाज करने पर लकवा आने की संभावना बढ़ जाती है। रीढ़ की हड्डी के ऊपरी और निचले हिस्से में गांठ होने पर लंबे समय तक लकवा, सुन्नपन और कमजोरी की शिकायत रहती है। लकवे से बचने के लिए ये लक्षण आते ही मरीज को बिना देर किए स्क्रीनिंग करवानी चाहिए।

## शिक्षा विभाग नहीं, पहल के प्रयास से दूर हुई शिक्षक की कमी

### दो महिला शिक्षकों को दी गई नियुक्ति



**कोरबा-कोरबी-चोटिया,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के दूरस्थ वनांचल एवं पहाड़ी पर स्थित पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनिया में वर्षों से प्राथमिक शाला स्कूल में शिक्षक की कमी बनी हुई थी। कई बार संबंधित विभाग को लिखित रूप से पंचायत द्वारा अवगत कराया गया लेकिन आज तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई।

इस समस्या को लेकर ग्राम के नवयुवकों की टीम पहल के प्रयास से ग्राम सरपंच प्रतिनिधि मानसिंह मरकाम एवं शिक्षक चंद्रशेखर सिंह व संतोष दास के प्रयास से गांव के ही बेरोजगार शिक्षित महिला रीना यादव एवं गीता पुलस्त को शिक्षक चुना गया। इस संबंध में पहल के सदस्य चरन दास ने बताया कि जब तक शिक्षा विभाग उक्त विद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति नहीं करता है, तब तक पंचायत अपने खर्च से शिक्षिकाओं को मानदेय देकर स्कूल में शिक्षा संचालन कराने प्रतिबद्ध रहेगी। पहल टीम के मुख्य संचालनकर्ता छगन यादव, जगमोहन दास, सत्यम दास, प्रकाश दास, धरमजीत सिंह तंवर ने बताया कि उनकी टीम हमेशा जनहित एवं शिक्षा, स्वास्थ और स्वालंबन के अलावा मूलभूत समस्या निराकरण के प्रति सदैव तत्पर रहेगी।

### सेवा भारती 24 अक्टूबर तक एकत्र करेगा वस्त्र

**कोरबा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा की संस्था सेवा भारती द्वारा वस्त्र सेवा प्रकल्प के माध्यम से वस्त्र दान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकल्प में जिले के औद्योगिक क्षेत्रों से सभी आमजनों के घरों से उपयोगी वस्त्रों को एकत्रित कर सुदूर वनांचल क्षेत्रों के जरूरतमंदों को वितरण किया जाता है। 15 से 24 अक्टूबर तक वस्त्र एकत्रित किया जाएगा। संस्था ने आमजनों से अपील की है कि अपने घरों के नए पुराने उपयोगी वस्त्रों को एकत्रित कर दान कर सकते हैं। एकत्रीकरण स्थल छाया बाजार साडा कॉलोनी जमनीपाली मोनिका अग्रवाल, एचआईजी-5 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर जमनीपाली रश्मि गुप्ता, सेक्टर-3 बालको देवेंद्र द्विवेदी, राकेश तिवारी, सेवा भारती कोरबा कार्यालय विवेकानंद सदन कुआंभट्ठा बुधवारी बाईपास रोड में आकर दान कर सकते हैं।

### डाक मतपत्र वितरण, संकलन हेतु विधानसभावार दल गठित

कोरबा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आदेश जारी कर विधानसभा चुनाव 2023 में डाक मतपत्र के वितरण व संकलन आदि से संबंधित समस्त कार्यों हेतु विधानसभावार दलों का गठन किया है, गठित दल नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में डाक मत पत्र संबंधी कार्यों का संपादन सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर के लिए डाक मत पत्र संबंधी फार्म-12 वितरण, संकलन, निर्वाचन नामावली से आवेदन पत्रों का सत्यापन कार्य, मतदाता सूची अवलोकन/ चिन्हांकन, समन्वयक/मत पत्र तैयार कराना आदि कार्य हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## चारों तरफ सफाई का अभाव और विकास का ढिंढोरा पीट रहे

कोरबा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने क्षेत्र के पथर्रीपारा व कुआंभट्ठा में सघन जनसंपर्क कर लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना।

इस दौरान श्री देवांगन के साथ जनसंपर्क में निकले वार्डवासियों ने साफ-सफाई नहीं होने की जानकारी दी। श्री देवांगन ने कहा कि विधायक और महापौर की निष्क्रियता के कारण लोग गंदगी में रहने के लिए विवश हैं। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। देश भर के अधिकांश गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित किए गए हैं और 11 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कराया गया है। कोरबा क्षेत्र में चारों तरफ साफ-सफाई का अभाव और गंदगी देखने को मिल रही है और विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। कोरबा के स्लम बस्तियों में साफ-सफाई एक बड़ी समस्या है। लखन देवांगन ने कहा कि जब वे महापौर थे तब उन्होंने जनसमस्याओं का पूरी गंभीरता के साथ निराकरण कराया लेकिन अभी कांग्रेस के शासन में चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य है। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ कोसाबाड़ी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी भी उपस्थित रहे।



### चौथे दिन भी जारी रही सम्पत्ति विरूपण हटाने की कार्रवाई

**कोरबा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के परिपालन में चौथे दिन भी निगम क्षेत्र में सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति में किए गए किसी भी प्रकार के सम्पत्ति विरूपण को हटाने तथा तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जोनवार कार्य दलों को सम्पत्ति विरूपण को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिसके तहत निगम के गठित कार्य दलों द्वारा आज भी सम्पत्ति विरूपण को हटाने की कार्यवाही की गई है। सम्पत्ति विरूपण के तहत सार्वजनिक सम्पत्ति में किसी भी प्रकार का दीवाल लेखन, पोस्टर, पेपर, कट आउट, अवैध होडिंग, बैनर या अन्य किसी भी प्रकार से प्रचार सामग्री जो लगी हुई, उसे हटाने की कार्यवाही करने तथा सफाई एवं पोताई आदि करने हेतु आयुक्त ने निगम में जोनवार कार्य दलों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। 4 दिनों में नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 8 जोन कोरबा, कोसाबाड़ी, टी.पी.नगर, रविशंकर नगर, बालको, दर्री, सर्वमंगलानगर एवं बांकीमोंगरा जोन में कार्य दलों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 9143, जिसमें पोस्टर 1856, बैनर 548, दीवाल लेखन 6591, अन्य 148 सम्पत्ति विरूपण को हटाया गया।




# पहाड़ी कोरवाओं ने लिया मतदान का संकल्प

### स्वीप की टीम कर रही है जागरूक

कोरबा, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोरबा जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में सतत् रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा जिले के दूरस्थ वनांचलों, पहाड़ी क्षेत्रों सहित महाविद्यालय व विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।



### मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए किया जा रहा जागरूक

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता टीम द्वारा दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, पंडो और बिरहोर आदिवासियों के बीच पहुंचकर उन्हें मतदान के लिए जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम छातासराई, कदमझरिया, हरदीमौहा, जामभांठा व सोनारी में मतदाता जागरूकता टीम द्वारा ग्रामीणों को विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता टीम के प्रभारी श्री अनिल रात्रे के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके तहत जिले के सुदूर वनांचल में निवासरत 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### नव विवाहिताओं को मतदान का बताया गया महत्व

इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम जटगा एवं पसान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समूह की महिलाओं, ग्रामीण एवं नए वोटर के साथ साथ नव विवाहिता मतदाताओ को मतदान का महत्व बताया गया। सभी ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मतदाताओं ने बिना लोभ-प्रलोभन में आए, निष्पक्ष मतदान करने की बात कही। इस दौरान 18 वर्ष पूर्ण कर मतदाता सूची में नए वोटर के रूप में शामिल हुए युवा, मतदान को लेकर उत्साहित नजर आए।

## सार-संक्षेप

### चेकपोस्ट का कलेक्टर - एसपी ने किया निरीक्षण



**कोरिया** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल ने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। बता दें निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्थानों पर चेकपोस्ट बनाया गया है। इसी कड़ी में पटना थाना के अंतर्गत डुमरिया एवं कुडेली सरभोका में लगे चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यरत कर्मियों से कहा कि स्थानीय व अन्य जिले, राज्य से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करें। साथ ही संदिग्ध वाहनों की पड़ताल कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के तहत गठित किए जाने वाले विभिन्न दलों एफ.एस.टी., वी.एस.टी., वी.वी.टी. एवं वी.एफ.टी. के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो को बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले वासियों एवं वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन जांच में सहयोग करें ताकि निर्बाध रूप से निर्वाचन कार्य सम्पन्न हो सकें।

### बिना अनुमति के अवकाश नहीं

अम्बिकापुर 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 09 अक्टूबर 2023 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है।

जिसके सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि जिला स्तर पर तथा जिले के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय ईकाईयों या उपक्रमों के अमले के अवकाशों की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आगामी आदेश तक अधिकृत होंगे। कोई भी जिला स्तरीय कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्व अनुमति अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी 07 दिवस से अधिक अवधि के लिए अवकाश पर प्रस्थान करते हैं तो इसकी सूचना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनिवार्यत: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी जायेगी। इसी प्रकार समस्त संभागीय स्तरीय कार्यालयों के लिए संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर को अधिकृत किया जाता है।

### आबकारी अमला ने शुरु की छापामार कार्रवाई

**कोरिया** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश का असर आबकारी अधिकारियों पर दिखने लगा है। बता दें कल कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बैठक में आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा व कोचियों के माध्यम से अवैध रूप से मदिरा बिकने व पिलाने पर कार्यवाही करें। पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे में किसी भी प्रकार की अवैध कार्यों को लगाम कसने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि विभिन्न दलों का गठन कर जिले में अवस्थित होटल तथा ढांबों मेंं मदिरा अथवा आन्य मादक द्रव्योंं का सेवन, विक्रय, चौर्यनयन, संग्रहण इत्यादि जैसी कोई गतिविधि न हो, इस हेतु औचक निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सम्बंधित संचालकों को समझाइश दी जा रही है कि किसी भी हालत में मादक पदार्थो का विक्रय न किया जाए। सघन जाँच करते हुए विगत तीन दिन में 9 छापे मारे गए और 6 प्रकरण कायम करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे करीब 17 बल्क लीटर मदिरा की जप्ती की गई है। वहीं अनियमितता पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधि सम्मत कार्यवाही की जा रही है।

### आपात कालीन उपचार संबंधी बिंदुओं की दी गई जानकारी



**अम्बिकापुर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरुवार को अम्बिकापुर के राजमोहिनी देवी भवन में राज्य स्तरीय हेल्थ एडवाइजर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर विभिन्न आपात स्वास्थ्य स्थितियों में प्रारंभिक आवश्यक उपचार एवं प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न कराने अधिकारियों-कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज निर्वाचन अवधि के दौरान आपात स्वास्थ्य स्थितियों में प्रारंभिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएन गुप्ता उपस्थित थे। स्टेट मेडिकल प्रोटोकॉल ऑफिसर एवं इमरजेंसी कॉर्डिनेटर डॉ पवन कुमार राठौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान बहुत सी इमरजेंसी का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर हार्ट अटैक, लकवा, स्ट्रोक या स्नेक बाइट आदि की समस्या देखने मिलती है, इसपर समय रहते प्रारंभिक उपचार दे सकें, इसलिए निर्वाचन आयोग द्वारा ट्रेनिंग सेशन रखा गया है। मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए जिले के साथ-साथ रायपुर एवं बिलासपुर के अस्पतालों में भी बेड रिजर्व करके रखे जा रहे हैं, सभी मतदान दलों को मेडिकल इमरजेंसी से निपटने आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने आपातकाल में हार्ट अटैक, स्ट्रोक, मिर्गी आदि के लक्षण, तत्कालीन उपचार, आवश्यक सावधानियों आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि ड्यूटी के समय आवश्यक दवाइयां अपने साथ रखें, समय पर भोजन लें, नियमित योगा एवं मेडिटेशन कर स्ट्रेस मैनेजमेंट पर ध्यान दें।

# निजी स्कूल में हीलियम गैस फटने से मचा हड़कंप

## कलेक्टर -एसपी ने घटना स्थल को सील कर संभाला मोर्चा

### घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**अम्बिकापुर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। अम्बिकापुर शहर के निजी स्कूल स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल के परिसर में दोपहर लगभग दो बजे से ढाई बजे के बीच एयर बलून में भरे जाने वाले हीलियम गैस से भरे सिलेंडर के फटने की घटना हुई। घटना के संज्ञान में आते ही त्वरित कार्यवाही स्वरूप कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे। स्कूल परिसर में निजी संगठन हिंदू युवा मंच द्वारा प्रचार प्रसार के उद्देश्य से एयर बलून लगाया जा रहा था। इस दौरान एयर बलून और सिलेंडर के फटने से आसपास के लोग घायल हुए जिसमें पांच उक्त संगठन के युवा एवं 40 बच्चे शामिल हैं।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे घटनास्थल को सील कर तत्काल बच्चों को कलेक्टर एवं एसपी की निगरानी में प्राथमिक चिकित्सा हेतु चिकित्सालय भेजा गया। इसमें 28 बच्चे जिला चिकित्सालय में भेजे गए और 12 बच्चे मासूम हॉस्पिटल भेजे गए। सभी बच्चों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराते हुए प्राथमिक उपचार दिया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। एयर बलून लगाने वाले हिंदू युवा मंच संगठन के पांच युवकों को भी घटना के दौरान चोटे आई हैं जिन्हें तत्काल इलाज हेतु अस्पतालों में भर्ती किया गया हैं, सभी की हालत सामान्य हैं जिनमे आदर्श गुप्ता, संदीप अघरिया, संजीत सुतर, सोम गुप्ता और रामनिवास तिवारी शामिल हैं।



### शाला प्रबंधन से ली गई जानकारी, पुलिस द्वारा टीम गठित कर घटना के कारणों की जांच शुरू, जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी

कलेक्टर एवं एसपी ने स्वयं घटना स्थल पर रहकर पूरी घटना का जायजा लिया और शाला प्रबंधन से जानकारी ली। साथ ही तत्काल जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम अम्बिकापुर, थाना इंचार्ज, तहसीलदार सहित राजस्व और पुलिस के अधिकारियों को बच्चों की सुरक्षा एवं उपचार सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। जिसके परिपालन में एसडीएम अम्बिकापुर एवं सीएमएचओ डॉ आर एन गुप्ता ने जिला चिकित्सालय में आपसी समन्वय के साथ बच्चों को शीघ्र प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसी तरह तहसीलदार और थाना इंचार्ज अंबिकापुर द्वारा निजी हॉस्पिटल मासूम में चिकित्सकों के साथ समन्वय कर बच्चों को आवश्यक उपचार दिया गया।

कलेक्टर एवं एसपी ने स्वयं जिला चिकित्सालय एवं मासूम हॉस्पिटल पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की और उनसे बात की। घटना में जिला प्रशासन की टीम के द्वारा तत्परता के साथ बच्चों को चिकित्सालय भेजा गया, किसी भी बच्चे को कोई गम्भीर चोटें नहीं आयी हैं। सभी को ऑब्ज़र्वेशन में रखा गया है और आवश्यक उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया है।



### आस-पास खेल रहे थे बच्चे

**प्रथम दृष्टया घटना में विवेकानन्द विद्या निकेतन स्कूल परिसर में सिलेंडर के माध्यम से एयर बलून फुलाया जा रहा था। लंच का समय होने के कारण आसपास बच्चे खेल रहे थे। जिस समय यह घटना हुई, इसमें उक्त संगठन के लोगों सहित बच्चे भी इसकी चपेट में आए। इस घटना के कारित होने और हानि के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। इसके लिए पुलिस द्वारा नजदीकी सीसीटीवी की जांच की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा टीम गठित कर जांच की जा रही है। जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।**

### व्यवस्था बिगाड़ने पर होगी कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में नव पदस्थ प्रभारी ने पुलिस बल के साथ शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने शुरू की कवायद. प्रमुख मार्गो, चौक, चौराहे में कर रहीं हैं पैदल मार्च. सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन मालिकों को दे रही समझाईश.श्रीमती कुमारी चंद्राकर ने दो दिन पूर्व ही किया है पद भार ग्रहण. सड़को पर लगने वाले ठेलों, व दुकान के बाहर सामान रखने वाले दुकान दारों को दे रहीं समझाईश.व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध आने वाले समय में होगी चालानी कार्यवाही.

### मुआवजा के संबंध में प्रकाशित खबर का वित्त लेखा प्रभारी ने किया खंडन

**अम्बिकापुर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। वित्त लेखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि दैनिक समाचार पत्र के अम्बिकापुर अंक में मुआवजा संबंधी खबर प्रकाशित की गई है जिसके संज्ञान में आते ही आवश्यक छानबीन की गई। छानबीन में पाया गया कि वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव से प्राप्त पीड़ित क्षतिपूर्ति के समस्त प्रस्तावों का निराकरण किया जा चुका है। वर्तमान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव से 9 सितंबर को प्राप्त 07 प्रस्ताव नाम सत्यापन के लिये प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार इस कार्यालय में कोई भी प्रस्ताव निराकरण हेतु लंबित नहीं है। उन्होंने प्रकाशित समाचार का खंडन किया है।

## दशहरा उत्सव की चल रही है युद्ध स्तर पर तैयारी

### रामलीला मैदान में 17 से 25 अक्तूबर तक होगा आयोजन

रायगढ़ 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऐतिहासिक रामलीला दुर्गा पूजा और भव्य दशहरा महोत्सव की तैयारी में सार्वजनिक रामलीला समिति धूमधाम से जुटा है। कलाकार अपनी तैयारी में व्यस्त है रावण दहन विभाग मेकअप वस्त्र शस्त्र सभी विभाग अपनी तैयारिया पूर्ण करने में लगा हुआ है।

रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक पांडेय ने बताया कि इस रामलीला आयोजन समिति के संरक्षक दीपक पांडेय ने बताया कि इस डिजिटल युग में भी प्रभु श्री राम जी की लीला को देखने भारी संख्या में श्रद्धालु आते है ये बहुत बड़ी बात है। रामलीला समारोह की तैयारिया युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गई है। श्री गणेश चतुर्थी के दिन ही रामलीला के मंच , रावण दहन स्थल की पूजा अर्चना की जाती है इसके बाद रामलीला की तैयारिया प्रारंभ हमारे कलाकार बिना पारिश्रमिक लिए पूरे दस दिन ही नही गणेश चतुर्थी से निस्वार्थ जुड़े रहते हु ये श्री राम प्रभु का आशिर्वाद ही है। इस मर्तबा रामलीला 17 अक्तूबर से 25 अक्टूबर का रहेगा। दशहरा के दिवस विशालकाय रावण के पुतले क्या दहन किया जाएगा। रामलीला की तैयारिया प्रारंभ हो कलाकार रात्रि में रिहर्सल को आ रहे है। वही मां रामेश्वरी मंदिर में नवरात्र का त्योहार पूरे श्रद्धा भक्ति से मनाया जाएगा। दीपक पांडेय ने आगे बताया कि रामलीला के मंचन के दौरान शहर की प्रतिभाशाली बच्चियों का नृत्य का कार्यक्रम रखा जायेगा। पूरे मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा।



15 अक्तूबर से रामेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में नवरात्र की पूजा धूमधुम से प्रारंभ होगी। 20 अक्तूबर को घट यात्रा निकाली जाएगी। घी और तेल के कलश जलाए जाएंगे।

इस वर्ष 17 अक्तूबर से रामलीला प्रारंभ होगा। राम जन्म, ताड़का वध, राम सीता विवाह, राम वन गमन ,दशरथ कैकेई संवाद ,मंथरा संवाद, दशरथ मरण राम भरत मिलन सीता हरण लंका दहन लक्ष्मण शक्ति बाण मेघनाद लक्ष्मण युद्ध राम कुंभकरण युद्ध अहिरावण वध राम रावण युद्ध सभी दृश्यों में कलाकारों ने जान डाली है। मेकअप ड्रेसिंग आभूषण गेट अप सभी पहलुओं पर बारीकी से ध्यान दिया जाता है।

## सरकारें आई और गई पर नहीं मिला रायगढ़ को रेल टर्मिनल

**रायगढ़** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कई सरकारें आई और गई केंद्र में भी परिवर्तन हुआ राज्य में भी परिवर्तन हुआ परंतु रायगढ़ को इंसाफ नहीं मिला ,मिला तो सिर्फ आश्वासन और मिले तो केवल कोरे वादे। सन 1998 में तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार ने यहां रेलवे कोचिंग टर्मिनल का शिलान्यास किया था। जिसके लिये भूमि भी उपलब्ध हो गयी परंतु यह मांग आज तक लंबित है।

2019 के लोकसभा चुनाव के पूर्व भी सभी जनप्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ के तत्कालीन अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री हीरा मोटवानी के नेतृत्व में चेंबर के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से यह मांग रखी थी कि रायगढ़ में हवाई सुविधा के लिए प्रस्तावित एयरपोर्ट और विभिन्न यात्री गाड़ियों के परिचालन को बल देने के लिए रेलवे कोचिंग टर्मिनल की स्थापना की जावे।

उल्लेखनीय है कि चेंबर के आव्हान पर सर्व सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों ने तत्कालीन अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और महामंत्री मनजीत सिंह टुटेजा के नेतृत्व में आयोजित रेल आंदोलन के दौरान धरने पर बैठ कर इस मांग को बहुत ही प्रमुखता से उठाया था तब केवल दो यात्री गाड़ियों के स्टॉपेज और गोंडवाना एक्सप्रेस के रायगढ़ से परिचालन की सुविधा प्राप्त हुई। इसके अलावा रेल टर्मिनल के लिए भी शासन की ओर से आश्वासन प्राप्त हुआ था। परंतु बरसों बीत गए रेल टर्मिनल की मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। आदिवासी बाहुल्य इस जिले में जो कि अब औद्योगिक नगरी के रूप में भी विकसित हो चुका है रेल टर्मिनल की स्थापना यहाँ की जरुरत भी है ।

### नहाने गए ग्रामीण की मांड नदी में मिली लाश

**रायगढ़** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। पिछले 3 दिन से गुमशुदा एक किसान की मांड नदी में लाश मिलने का मामला सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि नहाने के दौरान बहकर डूबने से उसकी मौत हुई होगी।

बहरहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। यह घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के रैरूमा खुर्द चैकी के नवपदस्थ प्रभारी ऐनू कुमार देवांगन ने बताया कि ग्राम गनपतपुर के सुगा पारा में रहने वाला फूलचंद माझी (50 साल) खेती किसानी कर अपनी 3 बेटियों की परवरिश करता था।जो पिछले शुक्रवार की दोपहर फूलचंद यह कहते हुए घर से निकला कि वह नहाने के लिए जा रहा है, पर रात तक नहीं लौटा। फिक्रमंद माझी परिवार ने आसपास काफी खोजबीन की, मगर वह नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने रैरुमा चैकी जाकर अपने घर के मुखिया के गायब होने की सूचना देते हुए गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। वहीं लापता किसान की पतासाजी जारी थी। इसी क्रम में गनपतपुर से नीचे मांड नदी में चट्टानी खोह के पास एक शख्स की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पाई गई।

नदी में शव मिलने की खबर आसपास फैली तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। चूंकि, पानी में काफी समय तक रहने के कारण मृतक का शरीर फूल चुका था इसलिए उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। काफी माथापच्ची के बाद लावारिश शव की पहचान पंचराम माझी ने लापता फूलचंद के तौर पर की गई।

### लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड द्वारा राशन वितरित किया गया

**रायगढ़** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड ने अक्टूबर माह में सेवा सप्ताह के अंतर्गत हंगर रिलीफ प्लान के तहत शाहिद चैक एवं शनि मंदिर के पास गरीब लोगों में राशन का सामान वितरित किया स क्लब द्वारा चावल ,दाल, आलू, शक्कर, तेल एवं अन्य राशन की वस्तुएं करीब पचास परिवारों में वितरित किया गया स इस गतिविधि को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लता अग्रवाल, सचिव विनीता अग्रवाल ,अनु गोयल, चरणजीत घई , सरिता अग्रवाल, चंपा अग्रवाल, डिंपल टुटेजा का विशेष योगदान रहा।

### अंतरिक्ष ज्ञान अभियान कार्यक्रम में दिल्ली वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने लिया हिस्सा

**मनेन्द्रगढ़** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़ ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सैटेलाइट लॉन्चिंग और अंतरिक्ष अन्वेषण पर एक ज्ञानवर्धक और शैक्षिक कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अंतरिक्ष से संबंधित विषयों की गहन समझ प्रदान करना और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि पैदा करना था। छात्रों ने बड़ी उत्सुकता के साथ संचार, पृथ्वी अवलोकन और वैज्ञानिक अन्वेषण में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की भूमिका के बारे में सीखा। छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास से परिचित कराया गया। अंतरिक्ष दौड़ के शुरुआती दिनों से लेकर मंगल, चंद्रमा और उससे आगे के नवीनतम मिशनों तक कार्यक्रम के इस खंड का उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण में संभावित करियर के बारे में जिज्ञासा जगाना है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्वेषण के क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनकी प्रेरक बातचीत और व्यक्तिगत बातचीत ने कार्यक्रम के दौरान साझा किए गए सैद्धांतिक ज्ञान में वास्तविक दुनिया के परिप्रेक्ष्य की एक परत जोड़ दी। सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए गतिविधियाँ, व्यावहारिक गतिविधियों और कार्यशालाओं में छात्र लगे रहे। इनमें मॉडल रॉकेट का निर्माण भी शामिल था। इन व्यावहारिक सत्रों ने छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में शामिल सिद्धांतों की गहरी समझ हासिल करने की अनुमति दी। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम अगली पीढ़ी में वैज्ञानिक जांच की भावना और ब्रह्मांड के बारे में आश्चर्य की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।



## सी-विजिल एप के उपयोग के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर शिकायत के 100 मिनट के भीतर होगा निराकरण

**अम्बिकापुर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को सी-विजिल एप के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर लुण्ड्रा श्री टी सी अग्रवाल, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, तथा एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर सीतापुर श्री रवि राही तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री जियाउर रहमान तथा जिला ई-प्रबंधक श्री वैभव सिंह ने सी विजिल एप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि सी-विजिल सीटीजन मोबाइल एप आम नागरिकों के लिए तथा सी-विजिल इन्वेस्टिगेटर मोबाइल एप उड़नदस्ता टीम द्वारा उपयोग में लाया जाएगा। एप को डॉउनलोड करने,कैप्चर, रिकॉर्ड, शिकायत प्रेषित किए जाने, निवारण आदि प्रक्रियाओ के बारे में जानकारी दी गई। सी विजिल एप में शिकायत मिलने के पश्चात आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर 100 मिनट के भीतर निराकरण होगा।

इस दौरान बताया गया कि सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है ।सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है।

ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### श्रीराम सप्ताह के समापन पर धूमधाम से निकली पालकी यात्रा



**खरसिया** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। गंज बाजार स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में विगत 131 वर्षों से श्री राम सप्ताह का आयोजन अनवरत रूप से किया जा रहा है। श्री हनुमान सेवा समिति के युवा सदस्यों द्वारा 4 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक यह विशाल आयोजन किया गया था। आज श्री राम सप्ताह के विसर्जन दिवस पर प्रात: काल विशाल हवन कर पूर्णाहुती दी गई, एवं संध्या काल श्री राम पालकी यात्रा गाजे बाजे कर्मा नृत्य के साथ भगवान श्री राम के भजन गाते हुए निकाली गई।

महिला पुरुष युवाओं ने सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए और छोटे-छोटे बाल गोपाल भगवान श्री राम और हनुमान की वेशभूषा धारण कर अपनी बाल सुलभ चपलता और मासूमियत से भक्तों का मन मोह रहे थे। खरसिया नगर में संपूर्ण सप्ताह भर क्या लेकर आया रे बंदे क्या लेकर जाएगा श्री राम भजन कर ले रे बंदे यह मौका फिर नहीं आएगा। सीता सीता राम राम राधे राधे श्याम श्याम की गूंज 24 घंटे अनवरत गूंजती रही। हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों का पुण्य स्मरण करते हुए उनके निमित्त श्राद्ध किया जाता है एवं परिवार के लिए सुख शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद लिया जाता है। हिंदू धर्म में ऐसा माना जाता है कि पितरों के श्राद्ध कर्म के साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम नाम के पुण्य स्मरण एवं राम भक्त हनुमान जी की भक्ति से पितृदेव अत्यंत प्रसन्न होते हैं। और उन्हें अपने लोक में शांति मिलती है एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है एवं वर्ष भर अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। ऐसा माना जा सकता है कि शायद इसीलिए हमारे पुरखों द्वारा 131 वर्ष पूर्व श्री राम सप्ताह के आयोजन की नींव रखी गई थी इस परंपरा को खरसिया नगर की तीसरी पीढ़ी के युवा श्री हनुमान सेवा समिति के सदस्यों द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री राम सप्ताह आयोजन की धूम प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही है और खरसिया के इस धार्मिक आयोजन के भक्ति रस की प्रसिद्धि चारों दिशाओं में फूलों की खुश्बू की तरह फैल रही है दूर-दूर के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तजन इस आयोजन में शामिल होते हैं और अपने पितरों के मोक्ष की कामना के साथ ही अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। आज श्री राम सप्ताह के समापन के साथ महा आरती की गई एवं 12 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं सराफा व्यवसायियों को दी गई माल परिवहन में जीएसटी की जानकारी

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं जीएसटी विभाग की ओर से चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं सराफा व्यवसायियों संघ की पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आदर्श आचार संहिता एवं व्यवसायियों के द्वारा किये जा रहे माल परिवहन के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में बताया गया कि जीएसटी में माल पर 40 लाख रूपये तथा सेवा क्षेत्र में 20 लाख रूपये से अधिक वार्षिक टर्नओवर होने पर अनिवार्य रूप से पंजीयन की पात्रता होती है। एक बार जीएसटी में पंजीयन प्राप्त करने उपरान्त विक्रय बिल/बिल ऑफ सप्लाई जारी करना अनिवार्य है। माल परिवहन के समय विक्रेता व्यवसायी को इनवाईस के साथ-साथ डिलीवरी चालान तीन प्रतियों में जारी किया जाना चाहिये।

नगद परिवहन की स्थिति में 10 लाख से अधिक कैश को आयकर विभाग को हस्तांतरित किया जा सकता है। बिना वैध एवं आवश्यक दस्तावेज के माल परिवहन करते पाये जाने पर जीएसटी अधिनियम, राजस्व अधिनियम एवं पुलिस विभाग की धाराओं के तहत माल की जब्ती/कुर्की की जा सकती है जब तक कि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाता है। अत: सभी व्यवसायी संघ, पदाधिकारियों एवं सराफा व्यवसायी संघ को जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में आदर्श आचार संहिता लागू कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं अधिनियम अनुसार पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, सहायक आयुक्त राज्य कर जांजगीर-चाम्पा वृश्र एवं व्यवसायी उपस्थित रहे।

### सामाजिक भवन का निर्माण अधूरा समाज के लोगों में आक्रोश



**डभरा,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लॉक डभरा के ग्राम पंचायत कोटमी में खड़िया समाज हेतु भवन के लिए राशि स्वीकृत किया गया था, जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत सरपंच कोटमी को बनाया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा खड़िया के सामाजिक भवन का निर्माण अधूरा बनाया गया है जिससे खड़िया समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधायक द्वारा खड़िया सामाजिक भवन के लिए राशि स्वीकृती किया गया है, फिर भी अभी तक ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्य अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया है, जिसका लाभ खड़िया समाज के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जबकि अभी हाल में अघरिया समाज का भवन साल्हे में बन चुका है एवं भवन को समाज के लोगों को सौंप दिया गया है। ग्राम पंचायत कोटमी में निर्माण एजेंसी द्वारा खड़िया समाज के सामाजिक भवन को निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इस बारे में खड़िया समाज के अध्यक्ष सुंदरसाय खड़िया ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच के पास हम लोग कई बार जा चुके हैं फिर भी सरपंच अभी तक ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती उर्मिला महंत ने बताया कि खड़िया समाज का भवन जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा, निर्माण कार्य जल्दी ही पूर्ण कर लिया जावेगा।

### पीलाबाबू राठौर का निधन

जांजगीर, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ



ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित महिला गेंदबाई राठौर के पुत्र पीला बाबू राठौर का 40 वर्ष की आयु में 11 अक्टूबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र कान्हा राठौर ने दी। श्री राठौर की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजाति बन्धु सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

# आरक्षक के लिए काल बनी तेज रफ्तार ट्रक, चालक के तलाश में जुटी पुलिस

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के पुटपुरा व श्रीराम एनर्जी पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर ने बाइक सवार आरक्षक को रौंद दिया। टक्कर मारने के बाद कोयले से भरा ट्रेलर पलट गया। इस हादसे में आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजकुमार सोनी के रूप में हुई है जो 11 अक्टूबर को आरक्षक अपने परिवार के पास बिलासपुर गया था। 12 अक्टूबर की सुबह करीब 9.30 बजे वह एसपी कार्यालय जांजगीर के लिए निकला तभी नेशनल हाईवे 49 पर कोयले से भरे ट्रेलर ने ओवरटेक करते समय



आरक्षक की बुलेट को टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क किनारे दूर जा गिरा। उसके सिर और पैर में गंभीर चोट आने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेलर भी बीच सड़क पर पलट गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आगे की जांच कर रही है। बता दें कि आरक्षक राजकुमार सोनी 2 महीने पहले ट्रेनिंग में गया था। वह 6 अक्टूबर को लौटा और अपनी ड्यूटी करने लगा था। आरक्षक एसपी कार्यालय में एएसपी अर्चना झा का रीडर था।

### बाइक से गिरने पर आरक्षक की पत्नी की मौत



जांजगीर के पुटपुरा गांव में एनएच 49 पर बाइक से आरक्षक की पत्नी सावित्री देवी कश्यप गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। दरअसल, बिलासपुर के डीएसबी शाखा में पदस्थ जैतराम कश्यप, अपनी पत्नी सावित्री देवी कश्यप के साथ बाइक से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने भेंसमुड़ी गांव आ रहे थे। वे पुटपुरा गांव पहुंचे थे कि एनएच-49 में आरक्षक जैतराम कश्यप की पत्नी सावित्री देवी कश्यप, बाइक से गिर गई। घटना के बाद पत्नी को जिला अस्पताल जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# लहलहाने लगी अर्ली वेरायटी धान की बालियां

## दशहरा के बाद किसान काटेंगे फसल

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। अर्ली वेरायटी धान की बालियां अब पकने लगी है। दशहरा तक धान पूरी तरह से पक जाएंगे। किसान दशहरा के बाद फसल कटाई करना शुरू करेंगे। जिले में तकरीबन 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर में धान की बोनी की गई थी। जिसमें 50 हजार हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में अर्ली वेरायटी के धान की फसल बोनी की गई थी। जिसमें एक हजार 10, महामाया सहित अन्य धान की फसल की बोनी की गई थी। अब यह फसल पकने लगी है। किसानों की माने तो फसल में कीटप्रकोप की आशंका को देखते हुए अंतिम दौर की कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। ताकि भूरा माहो या अन्य तरह की कीटव्याधि के चलते फसल नुकसान न हो। गौरतलब है कि अर्ली वेरायटी के धान की बोनी गरीब तबके के किसान करते हैं। क्योंकि गरीबी के चलते उन्हें जल्द फसल लेनी होती है। ताकि उन्हें समय पर अनाज मिल सके। ऐसे में अधिकतर किसान अर्ली वेरायटी के धान की बोनी करते हैं। यह फसल 100 दिन के भीतर ही पककर तैयार हो जाती है।



### पानी की समस्या ने किसानों को रुलाया

जिले के किसानों को मौजूदा वर्ष में बारिश ने अच्छा खासा परेशान किया। कई क्षेत्रों में अब भी सूखे की स्थिति है। खासकर बलौदा ब्लाक में कई गांवों में बारिश कम होने से किसानों की फसल में पानी की समस्या बनी रही। वहीं बम्हनीडीह ब्लाक के अफरीद, सारागांव, मुड़पार, पचोरी क्षेत्र के किसानों को नहर से पानी ही नहीं मिल पाई। इसके चलते उनकी फसल सूखे की चपेट में आ गई। इस क्षेत्र में नहर से पानी की भरपूर संभावना थी, लेकिन कोरबा जिले में नहर टूटने से एक माह तक पानी की नहीं मिला। जिससे फसल प्रभावित हुई है।

### शिकायतों के त्वरित निराकरण करने दिया गया प्रशिक्षण

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से त्वरित निराकरण करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के सॉफ्टवेयर के माध्यम से त्वरित निराकरण करने एवं सॉफ्टवेयर के संचालन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इस दौरान सभी विभागों के नोडल अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त किए।

इसके साथ ही पामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों के लिए अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी किये जाने के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साथ ही दिव्यांग मतदाता और 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के लिए डाक मत पत्र के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा, एसडीएम पामगढ़ आरके तंबोली सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार किया गया है सॉफ्टवेयर

### डाक मत पत्र जारी किये जाने के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

जांजगीर, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन के संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रथम पाली में शासकीय इन्द्रजीत महाविद्यालय अकलतरा में अकलतरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अकलतरा एवं बलौदा विकासखण्ड के बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों को तथा द्वितीय पाली में जांजगीर के जिला ऑडिटोरियम हॉल में जांजगीर चांपा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों के लिए अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी किये जाने के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाता और 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं द्वारा मतदान की तिथि के पूर्व मतदान करने अथवा मतदान नहीं करने की सहमति निर्धारित प्रारूप मे लेने की प्रक्रियाओं के संबंध में बारीकी से बताया गया।

### एमएमआर महावि में जागरूकता का कार्यक्रम एवं बालिका दिवस

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज शासकीय एमएमआर पीजी महाविद्यालय चांपा में 12 अक्टूबर को मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम एवं बालिका दिवस, प्राचार्य डॉ बीडी दीवान के निर्देशन में मनाया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मास्टर ट्रेनर डॉ वीके शर्मा द्वारा मतदान के महत्व को समझाया गया, उन्होंने कहा कि हमें निष्पक्ष मतदान अपने विवेक से देना चाहिए, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तभी देश समृद्धिशाली होगा और राष्ट्र के विकास में हमारी भागीदारी होगी। श्रीमती गिरिजा चंद्र द्वारा बालिका दिवस एवं बालिका के शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन बंजारे के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान के महत्व एवं लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार का प्रलोभन,लालच इत्यादि में नहीं पड़ना चाहिए। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार,विकास राठौड़, नोहर पटेल,गायत्री रात्रे, माहेश्वरी रजक, सुनील माथुर, प्रिंस निराला, नितेश कुमार ,चंद्र कुमार बरेठ,राकेश जांगड़े ,भावना बंजारे ईश्वरी देवांगन, शुभम ,प्रकाश कुमार शिव कुमारी पटेल आदि एन एस एस के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मोदी सरकार का क्रांतिकारी कदम- चंदेल

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड मुख्यालय नवागढ़ के सांस्कृतिक भवन में जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष, भाजपा प्रत्याशी नारायण चंदेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल लोक सभा व राज्य सभा में पारित कराकर क्रांतिकारी कदम उठाया है। श्री चंदेल ने कहा कि इस कदम से नारी शक्ति का मान, सम्मान व स्वाभिमान को भारतीय जनता पार्टी ने बढ़ाया है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था वो सपना अब सच हुआ है।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती विभाराव,भाजपा महिला मोर्चा जांजगीर-चाम्पा के जिलाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह




चंदेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, वरिष्ठ भाजपा नेता बद्री केशरवानी, नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष जगदीश कश्यप,जांजगीर-ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, जांजगीर-नैला नगर मण्डल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, चाम्पा नगर मण्डल अध्यक्ष गणेश श्रीवास, महामंत्री निरंजन कोशले, श्रीमती प्रमिला चंदेल, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, श्रीमती कल्याणी साहू, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, श्रीमती संतोषी दुबे, श्रीमती अर्चना देवांगन, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती भूरी बाई, श्रीमती उषा राठौर, भाजपा महिला मोर्चा नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष श्रीमती रक्षा चंद्रा, जांजगीर-ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांता राठौर, जांजगीर-नैला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता कौशिक, चाम्पा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती जया मोन्टू गोपाल, श्रीमती सिवानी आदित्य, श्रीमती पूनम गोस्वामी, श्रीमती संगीता पाण्डेय, श्रीमती जानकी कहरा, श्रीमती उर्मिला निर्मलकर, श्रीमती गायत्री साहू, श्रीमती सावित्री साहू, श्रीमती हेमपुष्पा कश्यप, सहित भारी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कच्ची शराब व 40 पाव देशी शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। 59 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 40 पाव देशी प्लेन शराब के साथ 04 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मामले मामले पर पुलिस ने बताया कि अगामी विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुऐ अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को मुखबीर सूचना मिला की थाना अकलतरा, शिवरीनाराय, बलौदा, नवागढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है कि सूचना पर गठित टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी पणेन्द्र सिंह उम्र 30 साल के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब, मोहन लाल साहू उम्र 53 साल के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब, गिरधारी लाल उम्र



53 साल के कब्जे से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं आरोपी संजय कर्ष के कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब मला किमती 10 हजार 300 रूपए बरामद किया गया है। आरोपी पणेन्द्र सिंह उम्र 30 साल निवासी अमोरा थानाआरोपी पणेन्द्र सिंह उम्र 30 साल निवासी अमोरा थाना मुलमुला के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 511/2023 आरोपी मोहन लाल साहू उम्र 53 साल निवासी तुस्मा के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 444/2023 आरोपी गिरधारी लाल उम्र 53 साल निवासी बछौंद के विरूद्ध थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 357/2023 एवं आरोपी संजय कुमार कर्ष उम्र 27 साल निवासी सेमरा के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रदीप कुमार सोरी एसडीओपी जांजगीर, निरी. अशोक द्विवेदी, निरी. कमलेश सेण्डे, निरी. तुलसिंह पट्टावी, उपनिरी मनोहर सिन्हा, राकेश सूर्यवंशी, सउनि बाबुलाल दिवाकर, प्रआर तारिकेश पाण्डेय एवं गठित टीम का योगदान रहा।

### अमोदा के प्राची करियारे का एमबीबीएस में चयन

जांजगीर, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत नवागढ़ के छोटे से ग्राम अमोदा की प्राची करियारे ने नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। उन्हें शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में स्थान प्राप्त हुआ है। लाइंस इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा प्राची करियारे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा फूलसाय करियारे एवं नाना रामलखन सूर्यवंशी संरक्षक, सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति को देती हैं। 26 सदस्यीय संयुक्त परिवार में पली बढ़ी प्राची करियारे को उनके चाचा-चाची एवं अन्य सदस्यों ने भी मार्गदर्शित एवं प्रेरित कर नीट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हौसला प्रदान किया। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति द्वारा संचालित शैक्षणिक गतिविधि व कैरियर मार्गदर्शन एवं ऑनलाइन साप्ताहिक वेबीनार श्रृंखला ने भी उन्हें लक्ष्य प्राप्त करने में काफी सहायता प्रदान किया है। वे जल संसाधन विभाग में सेवारत सिंचाई निरीक्षक राम रतन करियारे एवं शिक्षिका श्रीमती रीता करियारे की सुपुत्री हैं। उनके इस स्वर्णिम सफलता पर परिवार जनों एवं मित्रों ने शुभेच्छा देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# कलेक्टर -एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## मतगणना कक्ष, मतदान सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था व वाहनों के पार्किंग के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**सारंगढ़** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी आज कृषि मंडी स्थित स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंची। यहां उन्होंने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ईवीएम को रखने के



लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण करते हुए सामग्री वितरण के लिए आवश्यक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा भी की। मौके पर उन्होंने मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किए। उन्होंने मतदान दलों, रिटर्निंग आफिसर, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में चर्चा करते हुए अतिरिक्त कमरों के अलावा आवश्यकतानुसार उपलब्ध कमरों के उपयोग हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने टॉयलेट, वाशरूम, बिजली की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए उक्त जगह का निरीक्षण किया, साथ ही उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वहीं कलेक्ट्रेट परिसर के सभी कक्षों का भी कलेक्टर ने सघन निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिए।

## इजराइल ने लेबनान पर मशीनगन से गोले दागे

बेरुत। इजरायली सैन्य बलों ने बुधवार शाम को दक्षिणपूर्व लेबनान में मशीन गन से गोले दागे और बमबारी की। सूत्रों ने दावा किया कि इजरायली बलों ने हुला अक्ष से सीमा के दोनों किनारों पर फ्लेयर बम तैनात किए हैं। उन्होंने मशीनगन से खियाम शहर के हुला और मेस अल-जबल के गांवों को जोड़ने वाली सड़क को निशाना बनाया है। लेबनान स्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर हमास के हमले के समर्थन में रविवार सुबह इजरायली सैन्य स्थलों की ओर कई मिसाइलें दागने के बाद लेबनानी-इजरायल सीमा तनाव व्याप्त हो गया।



# नेतन्याहू ने अमेरिकी समर्थन के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया

■ कहा, हमास के बर्बर लोगों को कुचला जाना चाहिए ■ अमेरिकी समर्थन दिखाने इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

**जेरूसलम,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को इजरायल के तेल अवीव पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ एक संयुक्त बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हमास के खिलाफ युद्ध में इजरायल के लिए समर्थन दिखाने के लिए वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिकी लोगों के आभारी हैं।

नेतन्याहू ने तेल अवीव में अपने संयुक्त वक्तव्य की शुरुआत में कहा, आज यहां आपकी महत्वपूर्ण यात्रा के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडेन को धन्यवाद, और हमास के बर्बर लोगों के खिलाफ हमारे युद्ध में इज़राइल के लिए आपके अविश्वसनीय समर्थन के लिए अमेरिकी लोगों को धन्यवाद। फिर वह उन्हें हिब्रू में धन्यवाद देते हैं और कहते हैं, मिस्टर सेक्रेटरी, आप एक आहत राष्ट्र, एक लड़ने वाले राष्ट्र, शेरों के राष्ट्र, एक ऐसे राष्ट्र में आए हैं जो हमारे चारों ओर बुरी ताकतों को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।



### इजरायली-फिलिस्तीनी संघर्ष क्षेत्र में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है तुर्किए

अंकारा। तुर्किए की सेना इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष क्षेत्र में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है और राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के फैसले का इंतजार कर रही है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### हमास का प्रत्येक सदस्य 'मरा हुआ व्यक्ति' है : नेतन्याहू

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास का प्रत्येक सदस्य 'एक मरा हुआ व्यक्ति' है। श्री नेतन्याहू ने ये बातें आपातकालीन सरकार की पहली बैठक के दौरान कही। इस बीच विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज ने कहा कि यह युद्ध का समय है। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नेतन्याहू से बात की। स्पष्ट कर दिया है कि इज़रायल को युद्ध के नियमों के अनुसार काम करना चाहिए।

## 'जब तक इजरायली बंदी मुक्त नहीं होते, गाजा में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होगी'

**यरुशलम।** इजरायल ने कहा है कि जब तक इजरायली अपहृतों की घर वापसी नहीं हो जाती है, तब तक बिजली का स्विच चालू नहीं किया जाएगा, ना पानी का पंप खोला जाएगा। इजरायल के ऊर्जा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। श्री काट्ज ने कहा है कि इजरायल ने हमास का नामोनिशान मिटाने का वादा किया है और गत शनिवार के हमले के जवाबी कार्रवाई के बाद गाजा पट्टी पर 'पूर्ण घेराबंदी' की गयी है। इज़राइली अधिकारियों ने कहा कि हमास के हमले में 1,300 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 3,000 घायल हो गए। उधर फ़िलिस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक एन्क्लेव पर इज़रायली के हवाई हमलों में 1,200 से अधिक लोग मारे गए।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 13 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ -विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन -महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

कर्क -काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह -दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या -वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला -अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है। परोपकार का बदला उपकार से मिल सकता है। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

वृश्चिक -गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे। नौकरी-धंधे में अच्छे अवसर खड़े होने से आय में वृद्धि होगी।

धनु -आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर -बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा। संतान की समस्या चिंता का कारण बनेगी। लंबी यात्रा की संभावना है।

कुंभ -अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन -आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक गहरा होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जेलेंस्की की पश्चिमी देशों से यूक्रेन को और अधिक सहायता देने की मांग



**ब्रूसेल्स,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की पश्चिमी देशों से सहायता जारी रखने का अनुरोध करने के लिए ब्रूसेल्स पहुंचे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाटो के रक्षा मंत्रियों के साथ एक बैठक में भाग लेने से पहले जेलेंस्की ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, हमने यूक्रेन के लिए प्राथमिकताओं के बारे में बात की है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की मौजूदगी में उन्होंने कहा, हमें लीडर्स से कुछ समर्थन की जरूरत है। यही कारण है कि मैं आज यहां हूं। जेलेंस्की ने वायु रक्षा प्रणालियों को अपनी प्राथमिकताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ बुनियादी शब्द नहीं हैं। हमें ठोस चीजों की जरूरत है और हमें अपनी जमीन पर भौगोलिक रूप से उनकी जरूरत है। नाटो-यूक्रेन बैठक ने देश को शीतकालीन संघर्षों का सामना करने के लिए अधिक समर्थन प्राप्त किया। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन यूक्रेन को एक और कठिन सर्दी से निपटने में मदद करने के लिए ठंड के मौसम में अधिक कपड़े, खनन क्षमता, ईंधन और चिकित्सा उपकरण प्रदान करेगा।

## फिलिस्तीनी-इजराइली संघर्ष में दो-राज्य समाधान का समर्थन करता है रूस : पुतिन

**मॉस्को,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मॉस्को ने हमेशा फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के लिए दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है। रूसी ऊर्जा सप्ताह के पूर्ण सत्र में बोलते हुए, पुतिन ने कहा कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष पर रूस की स्थिति दशकों से एक समान रही है, और यह रुख इजराइल और फिलिस्तीन दोनों में अच्छी तरह से जाना जाता है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हमने हमेशा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के फैसलों के कार्यान्वयन की वकालत की है, जिसमें एक स्वतंत्र और संप्रभु फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना शामिल है। उन्होंने मध्य पूर्व में वाशिंगटन की नीतियों की आलोचना की और कहा कि अमेरिका ने मौजूदा मूलभूत राजनीतिक चुनौतियों का समाधान खोजने के बजाय वित्तीय सहायता पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। रूसी नेता ने कहा कि इस तरह के कदम केवल स्थिति को बढ़ाते हैं और समझौता करना जरूरी है। पुतिन ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति को किसी तरह शांत करना संभव होगा या नहीं, लेकिन हमें इसके लिए प्रयास करना चाहिए क्योंकि संघर्ष क्षेत्र के विस्तार से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



### रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में ड्रोन के मलबे से 2 की मौत

**मॉस्को।** दक्षिणी रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में गुरुवार को वायु रक्षा बलों द्वारा एक ड्रोन को मार गिराए जाने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा, परिचालन सेवाओं द्वारा मलबे से दो लोगों के शव बरामद किए गए, एक पुरुष और एक महिला। उन्होंने कहा कि एक बच्चा अभी भी मलबे के नीचे फंसा हो सकता है।

## बांग्लादेशी संसद की अध्यक्ष ने नारी शक्ति वंदन को सराहा

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बंगलादेशी संसद की अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी ने भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सराहना करते हुए दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने के इच्छा व्यक्त की है।



**लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर मिलेगा आरक्षण**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ एक बैठक में सुश्री चौधरी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक सराहनीय कदम बताया। सुश्री चौधरी यहां कल से शुरु हो रहे पी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने गुरुवार को सम्मेलन स्थल यशोभूमि में श्री बिरला से द्विपक्षीय मुलाकात की। बैठक के दौरान श्री बिरला ने जी-20 देशों सम्मेलन में 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' का उल्लेख किया और कहा कि इससे इससे समकालीन वैश्विक मुद्दों के व्यावहारिक समाधान की राह खुलेगी। श्री बिरला ने कहा कि सुश्री चौधरी के विचारों और अनुभवों से पी - 20 की चर्चा अधिक सार्थक, समावेशी और प्रभावकारी होगी। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए साथ मिलकर कार्य करने के इच्छा व्यक्त की।

बैठक में दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि हाल के वर्षों में बंगलादेश और भारत के बीच सम्बन्ध और प्रगाढ़ हुए हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि संसदों के बीच प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में और वृद्धि होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने कहा कि दोनों देशों के बीच सड़क, रेल, वायु, अंतर्देशीय जलमार्ग और तटीय नौवहन क्षेत्रों में संपर्क लगातार बढ़ रहा है।

## पाकिस्तान में नहर में गिरी जीप, सात की मौत

**इस्लामाबाद,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पूर्वी पंजाब प्रांत के मियांवली जिला में बाजा बजाने वालों को लेकर जा रही एक जीप गुरुवार को नगर में गिर गयी, जिसके कारण सात लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने बताया कि एक लोक गायक के नेतृत्व में संगीत प्रेमियों का एक समूह एक समारोह में प्रस्तुति देने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान पका कंझेरा इलाके में उनकी जीप नगर में गिर गयी। पुलिस ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने पर राहत एवं बचाव की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन जीप पर सवाल सभी लोग नगर में डूब चुके थे। पुलिस के मुताबिक पीड़ित नगर के किनारे से गुजर रहे थे। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खोर दिया और जीप नहर में जा गिरी।

## आज का इतिहास

1976 – बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 100 मरे।

1987 – कोस्टारिका के राष्ट्रपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।

1999 –कोलम्बिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रो. राबर्ट मुंडेल को वर्ष 1999 को नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा। अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।

2000 – दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति किम दाई जुंग को शांति को नोबेल पुरस्कार।

2001 – नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये।

2002 – इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए।

2003 – डलास में एक साल चिकित्सकीय योजना और 26 घंटे तक चले जटिल आपरेशन के बाद मिस्त्र के जुड़वां बच्चों के आपस में जुड़े सिर को अलग करने में आपरेशन सफल रहा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए एक भारतीय छात्र का चयन। जर्मनी ने स्वीडन को हराकर पहली बार विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट जीता। पहली बार मानव को लेकर चीनी अंतरिक्ष यान लांग मार्च 2 एफ़ उड़ा। नई दिल्ली में इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन प्रारम्भ।

2004 – सऊदी अरब का हर साल एक लाख श्रमिकों की कटौती की घोषणा। चीन ने ताइवान की शांति पहल ठुकराई।

2005 – जर्मनी के प्रख्यात नाटककार हेराल्ड पिंटर को वर्ष 2005 के साहित्य का नोबल पुरस्कार देने की घोषणा।

**तैयारी** — *35 सांस्कृतिक अवशेष समकक्ष सहायता परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा*

## तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेषों के विकास को मिला निवेश

**बीजिंग, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में आयोजित सांस्कृतिक अवशेष कार्य सम्मेलन से मिली खबर के अनुसार, 13वीं पंचवर्षीय योजना (2016-2020) के दौरान देश ने तिब्बती सांस्कृतिक अवशेषों के विकास कार्यों के समर्थन के लिए कुल 2 अरब 16 करोड़ 80 लाख युआन का निवेश किया। यह मुख्य तौर पर तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेषों की रक्षा, सांस्कृतिक अवशेष की सुरक्षा, पुरातात्विक और ऐतिहासिक अनुसंधान, क्रांतिकारी सांस्कृतिक अवशेषों की रक्षा और उपयोग, संग्रहालयों के उच्च गुणवत्ता वाले विकास, वैज्ञानिक व तकनीकी क्षमताओं में सुधार आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित हुआ है।**

आंकड़ों के अनुसार, साल 2012 के बाद से, तिब्बत ने विभिन्न प्रकार के कुल 4,468 अचल सांस्कृतिक अवशेष स्थलों, सभी स्तरों पर 2,373 सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण इकाइयों और 5.1 लाख चल सांस्कृतिक अवशेषों की जांच और पंजीकरण किया है।

195 पुरातात्विक उत्खनन परियोजनाओं को व्यवस्थित रूप से कार्यान्वित किया है, पोताला महल सांस्कृतिक विरासत संरक्षण प्रबंधन नियम जैसे स्थानीय सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण नियम जारी किए, पोताला महल, नोरबुलिंग्का उद्यान और जोखांग मंदिर जैसी कई राष्ट्रीय प्रमुख सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण इकाइयों के लिए सुरक्षा योजनाएं तैयार की, इन कदमों से तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण प्रणाली में और सुधार किया गया है। बताया गया है कि 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-2025) के दौरान, तिब्बत में तिब्बत के लिए 35 सांस्कृतिक अवशेष समकक्ष सहायता परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा और 2 करोड़ 55 लाख 40 हज़ार युआन की सहायता निधि लागू की जाएगी।



### शी चिनफिंग ने शांगराओ शहर का निरीक्षण किया

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने दक्षिण चीन के च्यांग शी प्रांत के चंगतेचन और शांगराओ शहर का निरीक्षण किया। उन्होंने लगातार चंगतेचन के थाओयांगली ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सड़क, छांगहे एयरक्राफ्ट उद्योग लिमिटेड कंपनी और शांगराओ के शिमन गांव जाकर मिट्टी के बर्तनों की संस्कृति के संरक्षण व विकास, उद्यम के तकनीकी सृजन, वेटलैंड पार्क के पारिस्थितिकी संरक्षण और ग्रामीण पुनरोत्थान का जायजा लिया। थाओयांगली ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सड़क क्षेत्र का क्षेत्रफल 1.28 वर्गकिलोमीटर है, जहां सौ से अधिक हजार वर्ष पुरानी गलियां, 400 वर्ष पुराने भट्ठी मिल समूह और 70 साल पुराना मिट्टी बर्तन के औद्योगिक उत्पादन की विरासत अच्छी स्थिति में सुरक्षित है।

## सुडोकू 6345


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6345



**बायें से दायें:-**

१. बिना रुके या ठहरे, शीघ्र
२. किसी राजनीतिक दल द्वारा प्रकाशित पत्र जिसमें उसके सिद्धांत आदि का प्रकाशन होता है
५. गले तक
६. लंबी उम्र वाला
७. रहस्यमय
८. गिरफ्तारी
१३. विवाह, शादी
१५. सुहागिन, सौभाग्यवती
१६. श्रेष्ठ वृक्ष
१७. आसान, स्वाभाविक
१८. दाम, मूल्य
२०. तलाश, ढूंढने-खोजने का काम (उर्दू)
२१. गतिरोध
२३. मन की हालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. जो वाजिब या उचित न हो
२. राम का हथियार, धनुष
३. लड़ाई
४. पराजय, हार
५. टांग अड़ाना, हस्तक्षेप करना
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. असक्त, दुर्बल, कमजोर
११. जो तरल न हो
१२. शादीशुदा
१४. आत्मनिर्भर
१७. सुंदर ढंग का
१९. सहायता (उर्दू)
२०. दोष, ऐब
२१. आर्द्र

### वर्ग पहेली-6344

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | दा | र | | | श | वा | स | न |
| मा | | मो | | सा | बि | त | | मा | |
| व | जू | द | | ध | | द | र्द | ना | क |
| स्या | | र | क्ष | क | द | ल | | र्थी | |
| | अ | | यं | | | | प्रा | | इ |
| वि | दा | र | क | | प | | ची | ख | ना |
| | ल | | र | स | रा | ज | | | य |
| अं | त | स | | | ज | | औ | स | त |
| ब | | | हि | दा | य | त | | जी | |
| र | वा | य | त | | | य | म | व | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |

## दुनिया को जानें

### पेरिस में विश्व पारंपरिक चीनी चिकित्सा दिवस समारोह का आयोजन

**बीजिंग,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व पारंपरिक चीनी चिकित्सा दिवस समारोह 11 अक्टूबर को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित हुआ। इस दौरान, चिकित्सा क्षेत्र में 100 से अधिक चीनी और विदेशी विशेषज्ञों, विद्वानों और चिकित्सकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से आदान-प्रदान किया। पेरिस चीनी सांस्कृतिक केंद्र और चीन-फ्रांस पारंपरिक चीनी चिकित्सा केंद्र ने संयुक्त रूप से इस समारोह को आयोजित किया। फ्रांस में चीनी उप दूतावास छन ली ने उद्घाटन समारोह में कहा कि चीन सरकार पारंपरिक चीनी चिकित्सा के विकास को बहुत महत्व देती है, पारंपरिक चीनी चिकित्सा को दुनिया में ले जाने के लिए प्रोत्साहित करती है, और पारंपरिक चीनी चिकित्सा और पश्चिमी चिकित्सा के पूरक और समन्वित विकास का समर्थन करती है। छन ली के अनुसार, पारंपरिक चीनी चिकित्सा का प्रसार 196 देशों और क्षेत्रों तक हो गया है। चीन ने 40 से अधिक विदेशी सरकारों, क्षेत्रीय प्राधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ पारंपरिक चीनी चिकित्सा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

# खेल जगत

## छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते हूं : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह छक्के मारने के मामले में क्रिस गेल से प्रेरणा लेते है। भारत बनाम अफगानिस्तान मुकाबले में कल जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी करने उतरे तो वह क्रिस गेल के 553 छक्कों से सिर्फ दो छक्के पीछे थे। उन्होंने शुरुआती 31 गेंदों में ही तीन छक्के लगाकर क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मुकाबले को आठ विकेट से जीतने के बाद रोहित ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतने छक्के मारेंगे। वह छक्के मारने के मामले में गेल से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं अकेले इतने छक्के मार सकूंगा। हां, मैंने वर्षों से इस पर काम किया है और मैं इससे खुश हूं। हालांकि मैं जिस तरह का इंसान हूं, इससे संतुष्ट नहीं रहूंगा और ऐसा करना जारी रखूंगा। यह मेरे लिए छोटी-छोटी खुशियों का एक पल है।



# रोहित शर्मा के तूफानी शतक से भारत ने अफगानिस्तान को दी 8 विकेट से शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ **रोहित बने वन डे विश्व कप में सबसे ज्यादा सात शतक जड़ने वाले बल्लेबाज**

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में पहले मैच में शून्य पर आउट होने का गुस्सा यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरे मैच में अफगानिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर उतारा। रोहित के तूफानी शतक और इशान किशन के साथ उनकी शतकीय भागीदारी की बदौलत दो बार के चैंपियन भारत ने अफगानिस्तान को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से करारी शिकस्त दे लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए इस जीत में सबसे अच्छी बात यह रही कि उसकेऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच मे नाकाम रहे कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और श्रेयस अय्यर सहित उसके शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज रंग में लौट आए हैं। वन डे विश्व कप में रोहित अब सबसे ज्यादा सात शतक जडने् वाले बल्लेबाज तो बने ही और सबसे कम मैचों में एक हजार पूरे करने के डेविड वॉर्नर (19 मैच) के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। साथ ही रोहित (556 छक्कों) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में कुल वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल (553छक्कों)के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। रोहित ने अपना शतक मात्र पारी के 18 वें और नबी के चौथी ओवर की दूसरी गेंद पर एक रन दौड़ कर मात्र 63 गेंद खेल चार छक्कों और 12 चौकों की मदद से पूरा कर वन डे विश्व कप में भारत के लिए सबसे तेज शतक जडने् के कपिल देव(72 गेंद) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। भारत अब अहमदाबाद में शनिवार को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान की टीम भी अब तक अपने लगातार दो मैच जीत चुकी है लेकिन उसके कप्तान बाबर आजम को अभी भी बड़ी पारी की तलाश है।

भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/39) की रफ्तार के साथ धार दिखा कर कप्तान बाएं हाथ के हशमतुल्लाह शाहिदी( 80 रन, 88 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62 रन, 69 गेंद, चार छक्के, दो चौके) जवाबी हमला बोलते हुए चौथे विकेट की मात्र 128 गेंद में मात्र 121 रन की तेज भागीदारी की बदौलत टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने वाले अफगनिस्तान को फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 रन पर रोक दिया भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया (2/43) ने रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, तीन चौके, एक छक्का) को धीमे बाउंसर पर शार्दूल ठाकुर के हाथों कैच कराने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई को धीमी गेंद पर बोल्ड उनकी और कप्तान शाहिदी की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ अफगानिस्तान को विशाल स्कोर बनाने से रोक ा। अफगानिस्तान का ओमरजई को बल्लेबाजी में नबी से उपर पांचवें नंबर पर भेजने का फैसला सही रहा।

जवाब में कप्तान रोहित शर्मा (131 रन, 84 गेंद, पांच छक्के, 16 चौके) की अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन (47 रन, 47 गेंद, दो छक्के, पांच चौके) की 18.4 ओवर में 156 रन तथा विराट कोहली के साथ मात्र सात ओवर में 49 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने 35 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 273 रन बनाकर मैच जीत लिया। जब रोहित आउट होकर पैवेलिन लौटे तब भारत जीत से मात्र 68 रन दूर था और उसके आठ विकेट बाकी थे। विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के तीसरे विकेट के लिए 68 रन की असमाप्त भागीदारी कर भारत को जिता कर ही दम लिया। विराट ने अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर सीधा चौका जड़ भारत को 15 ओवर के बाकी रहते आठ विकेट से जीत दिला दी। विराट 56 गेंद खेल कर 55 और श्रेयस अय्यर 23 गेंद एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नॉटआउट रहे। लेग स्पिनर राशिद खान (2/57) अफगानिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे।




इशान किशन ने लेग स्पिनर राशिद खान की गेंद को हड़बड़ी में खेलने की कोशिश में कवर में नबी को आसान सा कैच थमा पैवेलियन लौटे और भारत ने अपना पहला 156 पर खोया। राशिद ने अपने पहले स्पैल में बेशक इशान का विकेट चटकाया लेकिन इसके पांचवें ओवर में उनकी भारत के कप्तान रोहित ने खूब धुनाई कर पहले चौका और छक्का जड़ा 15 रन बटोरे। रोहित शर्मा ने राशिद खान की फ्लिपर को स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनका विकेट उड़ा दे गई। कप्तान रोहित शर्मा ने फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर अफगानिस्तान के बाएं हाथ के रफ्तार के सौदागर को स्पिनर को खेलने के अंदाज में चहलकदमी कर चौके और छक्के जड़ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा 40 हजार से ज्यादा की तादाद में मौजूदगी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। भारत ने अपने 100 मात्र 11.5 ओवरों में और 200 रन 24.2 ओवर में पूरे किए। इसके अगले ओवर में भारत के स्कोर में पांच रन ही और जुड़े कि उसने कप्तान रोहित के रूप में उसका अपना दूसरा विकेट 205 रन पर गंवाया। रोहित ने अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन के साथ 10 ओवर के पहले पॉवरप्ले में ही 94 रन जोड़ कर अफगानिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर उनके हौसले तोड़ दिए और इसमें खुद रोहित का योगदान 71 रन और इशान का मात्र 11 रन का था। भारत ने सातवें से दसवें ओवर में रोहित ने अपना अर्द्धशतक मात्र 30 गेंदों में दो छक्कों और सात चौकों की मदद से पूरा किया। रोहित ने इशान किशन के साथ शतकीय भागीदारी मात्र 71 गेंदों में पूरी की और इसमें खुद रोहित का योगदान 79 और इशान 12 रन पर थे।

इससे पहले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22 रन, 28 गेंद, चार चौके) को आउट कर भारत के पहली कामयाबी दिलाने के बाद मारधाड़ वाले ओवरों में अपने दूसरे स्पैल में नजीबुल्लाह जादरान(2) को विराट कोहली के हाथों और इससे अगले ओवर में मोहम्मद नबी (19 रन, एक चौका , 27 गेंद) को एलबीडब्ल्यू आउट और फिर अपने दसवें व अंतिम तथा पारी के अंतिम पूर्व की पहली गेंद पर खतरनाक होते दिखे राशिद खान (16 रन, 12 गेंद, एक चौका, एक छक्का) पर स्वीपर कवर पर कुलदीप यादव के हाथों लपकवाया। दरअसल जडेजा और कुलदीप दोनों ही राशिद के कैच के लिए दौड़े लेकिन अंतत कुलदीप ने अपने दूसरे प्रयास में गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं जमकर खेल रहे अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (1/40) ने रिवर्स स्वीप करने पर मजबूर कर एलबीडब्ल्यू आउट किया। शार्दूल ठाकुर ने रहमत शाह (16) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। बर्डथे बॉय हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में चतुर गति परिवर्तन से तूफानी अंदाज पकड़ चुके ओमरजई (62 रन, 69गेंद, चार छक्के, दो चौके )को धीमी गेंद से छकाया और गेंद उनके बल्ले को छका कर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इसके साथ ही उनके कप्तान हशमतुल्लाह के साथ खतरनाक होती भागीदारी के 35 ओवर में टूटने से अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 184 रन हो गया। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने पहले हार्दिक की गेंद को स्लैश कर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 57 गेंद खेल कर चार चौकों की मदद से पूरा किया और इससे ठीक पहले उन्होंने एक रन जोड़ कर ओमरजई के साथ शतकीय भागीदारी पूरी की थी। बर्थडे बॉय भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया के तीसरे ओवर में तेज बाउंसर को हुक करने की कोशिश में रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 28 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने हुक करने की कोशिश की इस पर डीप फाइन लेग पर मैदान से बाहरी गेंद को शार्दूल ठाकुर ने लपका वापस भीतर मैदान की ओर उछाल शानदार कैच लपक कर अफगानिस्तान का स्कोर 12.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन कर दिया। गुरबाज ने आउट होने से पहले अफगानिस्तान की पारी का पहला छक्का शार्दूल के पहले ओवर में जड़ा था।

## सिंधु आर्कटिक ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची



**वांटा** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय शटलर पीवी सिंधु गुरुवार को आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के राउंड ऑफ में 16 के महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु आज यहां खेले गये राउंड ऑफ 16 के महिला एकल मुक़ाबले में विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू को 21-11, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई।

बैडमिंटन में 13वीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने शुरुआती मिनटों में ही चीनी ताइपे के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली और अपने दबदबे को बरक़रार रखते हुए बैक-टू-बैक प्वाइंट अपने नाम करते हुए 21-11 से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पीवी सिंधु आत्मविश्वास से लबरेज़ नज़र आईं और एकतरफ़ा गेम में वेन ची सू को 21-10 से हराकर बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट का यह प्री-क्वार्टरफाइनल मुक़ाबला जीत लिया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों खिलाड़ियों का सामना एशियन खेल 2023 के राउंड ऑफ 32 में हुआ था, जहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी। पीवी सिंधु ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 मैच में नोज़ोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई थी। वहीं, दिन के अन्य मुक़ाबले में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अपने मुक़ाबले के लिए कोर्ट पर नज़र आएगी। इसके अलावा किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल में अपना प्री-क्वार्टरफाइनल मुक़ाबला खेलेंगे। इसके साथ ही महिला एकल में आकर्षी कश्यप चीन की वांग झीयी को टक्कर देंगी।

## ब्लैकबेरीज ने एशियाई पैरा गेम्स पैरालंपिक समिति के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लैकबेरीज़ इस महीने के अंत में चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए आधिकारिक औपचारिक भागीदार के रूप में भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ साझेदारी की है।

भारत की पैरालंपिक समिति के महासचिव श्री गुरशरण सिंह ने कहा कि भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) में हमारा प्रमुख मिशन पैरा-स्पोर्ट्स में समावेशन और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। ब्लैकबेरीज़ के आगे बढ़ते रहो की भावना के साथ मेल खाते हुए, यह साझेदारी दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह हमारे पैरा-एथलीटों की क्षमता में हमारे अटूट विश्वास को दर्शाता है और अपने उत्पाद नवाचार और फिट के माध्यम से व्यक्तियों को आगे बढ़ते रहो के लिए ब्लैकबेरीज की प्रेरणा को प्रतिबिंबित करता है। यह सफल सहयोग खेल भावना और उपलब्धि के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण का प्रतीक है, जो टीम इंडिया को एशियाई पैरा खेलों में जीत के लिए प्रेरित करता है। चौथे एशियाई पैरा गेम्स में टीम इंडिया 17 खेलों में भाग लेगी। भारतीय दल तीरंदाजी,




एथलेटिक्स, बैडमिंटन, ब्लाइंड फुटबॉल, बोकिया, कैनो, शतरंज, साइकिलिंग, जूडो, लॉन बॉल, पावर लिफ्टिंग, रोइंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो और व्हीलचेयर फेंसिंग सहित कई श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेगा। इस दौरान श्री सत्यनारायण, अध्यक्ष पैरा एथलेटिक्स, श्री राहुल स्वामी, उप प्रमुख डे मिशन, श्री निखिल मोहन-सह-संस्थापक और ब्लैकबेरीज़ के निदेशक, श्री राजेश सेथुरमन उपाध्यक्ष-ब्लैकबेरीज़ आदि लोग मौजूद थे।

## भारत करेगा एशियाई आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत को 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है। यह घोषणा वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में आयोजित एशियाई कांग्रेस के दौरान की गई थी। इस कांग्रेस में अध्यक्ष प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया वर्तमान में इस चैंपियनशिप को आयोजित करने के लिए भारत के विभिन्न शहरों पर विचार कर रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष झंगियानी ने कहा, हम 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम इसे लेकर उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट यह शीर्ष एथलीटों को प्रतिस्पर्धा करने और भारत में एक खेल के रूप में आर्म रेसलिंग को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, सभी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और वे क्या करने में सक्षम हैं, दिखाने का अवसर मिलेगा। यह देश भर के एथलीटों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे कि वे अपने देश के लिए गौरव लाने का काम कर सकें। हाल ही में संपन्न 44वीं विश्व आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 और 25वीं पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। 24 अगस्त से 3 सितंबर तक अलमाटी (कजाकिस्तान) में आयोजित इस इवेंट में भारतीय दल ने 11 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य शामिल हैं।

## किदांबी श्रीकांत ने आर्कटिक ओपन के राउंड ऑफ 16 में बनाई जगह

**वांटा** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में जर्मनी के मैक्स वीस्किरचेन के चोटिल होने के कारण रिटायर होने के बाद किदांबी श्रीकांत को विजेता घोषित किया गया। इसके साथ भारतीय शटलर राउंड ऑफ 16 में पहुंच गये है। फिनलैंड के वांटा में आयोजित वीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में जर्मनी के बैडमिंटन खिलाड़ी वीस्किरचेन ने जब चोट के कारण मैच छोड़ा उस समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत 11-6 से आगे चल रहे थे। भारतीय शटलर गुरुवार को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कांटा सुनेयामा होगा।

पुरुष एकल के एक अन्य मुकाबले में बैडमिंटन रैकिंग में 42 वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने 26 वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी शटलर टोमा जूनियर पोपोव को मात दी। भारतीय शटलर ने 73 मिनट तक चले मुकाबले में 24-22, 15-21, 21-15 से जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में जगह बनाई।



अगले राउंड में किरण जॉर्ज, चीन के लु गुआंग जू के खिलाफ अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्हें प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त है।

हालांकि, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वेंग होंग यांग के खिलाफ 47 मिनट तक चले मैच में 19-21, 14-21 से हारने के बाद प्रतियोगिता में मिथुन मंजूनाथ का सफर समाप्त हो गया। इस बीच, तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने जापान की रेना मिआउरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी को राउंड ऑफ 32 मैच में हराकर अगले राउंड में जगह बना ली। भारतीय महिला जोड़ी ने 39 मिनट का समय लेकर जापानी जोड़ी को रोमांचक मुक़ाबले में 22-20, 21-19 से हराया। राउंड ऑफ 16 में तनीषा और अश्विनी का सामना फ्रांस की मार्गोट लैंबर्ट और एनी ट्रान से होगा। वहीं, मिश्रित युगल स्पर्धा में तनीषा क्रास्टो का सफर मंगलवार को समाप्त हो गया। दरअसल, साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को हिरोकी मिडोरीकावा और नात्सु सायतो की जापानी जोड़ी के ख़िलाफ़ 14-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल स्पर्धा में, रूतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी भी हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। पांडा सिस्टर्स को चीन के लिऊ शेंग शु और टैन निंग की जोड़ी ने 28 मिनट तक चले मुक़ाबले में 9-21, 10-21 से हराया।

गुरुवार को महिला एकल के राउंड ऑफ 16 मैच में पीवी सिंधु का सामना विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू से होगा। दोनों खिलाड़ियों का सामना एशियाई खेल 2023 के राउंड ऑफ 32 में हुआ था, जहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी।

## भारत शुरुआती फुटबॉल मैच में मलेशिया को चौंका सकता है : स्टिमैक

**कुआलालंपुर,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय फुटबॉल टीम पेस्टाबोला मर्डेका टूर्नामेंट के शुक्रवार को होने वाले शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान मलेशिया को चौंकाने का प्रयास करेगी।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कुआलालंपुर के बुकिट जलील स्टेडियम में होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम पिछले कुछ महीनों में मलेशिया के अच्छे प्रदर्शन के बारे में पता हैं। उनके पास एक अच्छा कोच और कुछ अद्भुत घरेलू खिलाड़ी हैं, जिन्हें स्वाभाविक खिलाड़ियों का बहुत अच्छा समर्थन प्राप्त है, इस समय टीम में काफी स्थिर है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों ने बताया कि मलेशिया ने इस वर्ष अब तक नौ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और जिनमें से छह में जीत, दो ड्रॉ रहे और एक हार का सामना करना पड़ा है।

भारतीय कोच स्टिमैच ने कहा, मेरा मानना है कि इससे पहले गेम में मलेशिया को फायदा होगा। जाहिर है वे अपने घरेलू मैदान पर हैं और उन्होंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हम यहां उनके खिलाफ कुछ आश्चर्यजनक करने के लिए आए हैं।

उन्होंने कहा, उनके पास एक बहुत ही स्थिर, प्रतिस्पर्धी पक्ष है और उन्हें इस बात का स्पष्ट विचार है कि उन्हें मैदान पर क्या करने की आवश्यकता है। हम भी ऐसी ही स्थिति में हैं, लेकिन 90 हजार समर्थकों के साथ और घर से दूर हमारा रिकॉर्ड, जो उतना अच्छा नहीं रहा है, इससे मलेशिया को फायदा होगा। भारत पेस्टाबोला मर्डेका के पीछे की विरासत और इतिहास से अच्छी तरह परिचित है, उसने 17 बार यह टूर्नामेंट खेला है। हालाँकि भारतीय टीम की नज़र अगले महीने कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर भी है।

स्टिमैक ने कहा, हम इस टूर्नामेंट के इतिहास और महत्व के बारे में जानते हैं और हम दो मैच



जीतने और पहली बार ट्रॉफी उठाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे, लेकिन हमें आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति भी सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम कोई भी चोट का जोखिम न उठाएं, क्योंकि नवंबर में हमारे पास दो बहुत महत्वपूर्ण विश्व कप क्वालीफायर आने वाले हैं।

उन्होंने कहा, विश्व कप क्वालीफायर के ड्रा के पॉट 2 में होने के कारण, हमारे पास पहली बार राउंड 3 में जगह बनाने का बहुत अच्छा मौका है, और यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के मुख्य कोच ने पिछले कुछ महीनों में ट्राइ-नेशन कप, इंटरकांटिनेंटल कप और एसएएफएफ चैम्पियनशिप के दौरान लगातार तीन खिताब जीतने के लिए अपने खिलाड़ियों की सामूहिक टीम भावना की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम की ताकत और एकता मलेशिया के खिलाफ हमारे लिए फायदेमंद होगी। हमने कुछ बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट खेले हैं और साबित किया है कि हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने घरेलू मैदान पर तीन टूर्नामेंट जीते हैं और अब हमारे लिए घर से बाहर अपना रिकॉर्ड सुधारने का समय आ गया है। भारत के सेंटरबैक संदेश झिंगन मलेशिया के खिलाफ पहले मैच की गिनती कर रहे हैं, एक ऐसा देश जो एक तरह से उनके प्रारंभिक वर्षों के दौरान उनके लिए विशेष है।

उन्होंने कहा, मलेशिया पहला देश था जहाँ मैं स्कूल के दिनों में फुटबॉल खेलने गया था, इसलिए वह स्मृति मेरे लिए हमेशा विशेष रहेगी। झिंगन ने कहा, वापस आना और मर्डेका जैसे ऐतिहासिक टूर्नामेंट में खेलना बहुत अच्छा है। मैंने इसके इतिहास और विरासत के बारे में सब कुछ पढ़ा है और इस तरह के आयोजन का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है।

30 वर्षीय खिलाड़ी कुआलालंपुर में 90,000 सीटों वाले मैदान के सामने खेलने के लिए भी उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, एक एथलीट के तौर पर आप हमेशा बड़े मंच पर खेलना चाहते हैं, आप चाहते हैं कि लोग आएं और आपको देखें। उन्होंने कहा, यह एक कठिन खेल होगा क्योंकि मलेशिया एक अच्छी टीम है और उनका रिकॉर्ड खुद इसके बारे में बोलता है, लेकिन हमें उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और मैदान पर अपने समय का आनंद लेंगे।

## सार संक्षेप

### बांग्लादेश के खिलाफ अपनी वापसी को लेकर केन विलियमसन ने जाहिर की खुशी

चेन्नई। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि वह एसीएल की चोट से उबरने के बाद शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप में अपने पहले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आईपीएल 223 के शुरुआती मैच में फील्डिंग करते समय विलियमसन के दाहिने घुटने में एसीएल टूटने के बाद वो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, जिसके बाद उनकी सर्जरी भी हुई। तब से वो टीम से बाहर हैं, हालांकि उन्होंने एक बल्लेबाज के रूप में न्यूजीलैंड के लिए वार्म-अप मैच खेला था और शानदार अर्धशतक भी जड़ा। मगर, वो वर्ल्ड कप में इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के मैचों में नहीं खेल पाए, लेकिन विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विलियमसन ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जहां तक मेरी रिकवरी की बात है तो यह काफी लंबी यात्रा रही है लेकिन काफी हद तक अच्छी रही है। मैंने कई बार कहा है कि विश्व कप टीम में नामित होने के लिए वास्तव में बहुत उत्साहित हूं।

### टेनिस सुपरस्टारों में से ओसाका की ऑस्ट्रेलियन ओपन 224 में वापसी की प्रबल संभावना

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन (एओ) के आयोजकों ने घोषणा की है कि 224 की शुरुआत में कई सुपरस्टार मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार हैं, जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका भी शामिल हैं। गुरुवार को एओ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मातृत्व अवकाश के बाद, एओ महिला एकल चैंपियन - ओसाका, एंजेलिक कर्बर और कैरोलिन वोज्नियाकी की तिकड़ी कोर्ट में विजयी वापसी की योजना बना रही है और संभावित रूप से नव स्थापित खिलाड़ियों को परेशान कर सकती है। ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने टिप्पणी की, हमें इन अद्भुत महिलाओं, नाओमी, एंजी और कैरोलिन का वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में धूम मचाई और अपने एथलेटिकिज्म, लचीलेपन और अपनी खेल भावना से प्रशंसकों को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, उन्हें लगेगा कि उनके सर्वोच्च शासन करने के बाद से परिदृश्य कुछ हद तक बदल गया है,क्योंकि 223 सीज़न कई महिला खिलाड़ियों के उदय का गवाह बना है। नंबर 1 एकल रैंकिंग पोलैंड की इगा स्वीयाटेक से बदलकर मौजूदा एओ चैंपियन आर्यना सबालेंका के हाथों में आ गयी है ,जिससे अप्रैल 222 के बाद से शीर्ष स्थान पर स्वीयाटेक का 75 सप्ताह का प्रभुत्व समाप्त हो गया। हाल ही में समाप्त हुए यूएस ओपन में, 19 वर्षीय अमेरिकी कोको गॉफ ने सबालेंका को हराकर 2, से अधिक टेनिस प्रशंसकों के सामने अपनी पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीती।

# अर्थ जगत

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.90 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.15 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.50 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 0.51 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.22 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.09 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.05 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## एसडीजी की दिशा में प्रगति के लिए परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की अपनाने की जरूरत : सीतारमण

**माराकेच (मोरक्को)** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां कहा कि वर्तमान के चुनौतीपूर्ण समय में वसुधैव कुटुंबकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की सच्ची भावना के साथ 2030 के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।



श्रीमती सीतारमण ने यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर विकास समिति की 108वीं बैठक में विश्व बैंक के गवर्नर के रूप में भाग लिया। बैठक का एजेंडा था पृथ्वी पर गरीबी को समाप्त करना - विश्व बैंक के विकास पर गवर्नरों को रिपोर्ट। श्रीमती सीतारमण ने हस्तक्षेप करते मोरक्को और लीबिया में भूकंप और बाढ़ के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत मोरक्को और लीबिया के लोगों और अधिकारियों के साथ एकजुटता से खड़ा है क्योंकि वे इससे उबरने का प्रयास कर रहे हैं। इन आपदाओं का विनाशकारी प्रभाव होता है। एजेंडे पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि विकासात्मक प्रभाव को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से %बेहतर, बड़ा और अधिक प्रभावी% विश्व बैंक बनाने के जी20 देशों के सामान्य लक्ष्य की दिशा में प्रगति उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि विश्व बैंक के विकास की दिशा बहुस्तरीय विकास बैंक (एमडीबी) पारिस्थितिकी तंत्र में खाका तैयार करेगी।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत पृथ्वी पर गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के विश्व बैंक के नए दृष्टिकोण का समर्थन करता है। गरीबी को समाप्त करने और पृथ्वी पर साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के उसके नए मिशन का समर्थन करता है जो विश्व बैंक को गरीबी से लड़ने के लिए एक मजबूत जनादेश देता है। वैश्विक चुनौतियों का समाधान करें। वित्त मंत्री ने विश्व बैंक को अन्य एमडीबी के साथ जहां तक संभव हो प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं को संरेखित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया - इससे उन ग्राहक देशों को काफी लाभ होगा, जिन्हें कई एमडीबी से निपटना पड़ता है।

उन्होंने कहा हमारी बढ़ी हुई महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए बैंक की क्षमता बढ़ाने के लिए माराकेच से आगे और काम करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि संवर्धित डब्ल्यूबीजी देश सहभागिता मॉडल राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं में मजबूती से निहित है। इसके अलावा, सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं के सिद्धांत के अनुरूप जलवायु कार्रवाई में संलग्न रहते हुए, हम विश्व बैंक को अनुकूलन वित्त के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में और अधिक महत्वाकांक्षी होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाने को सक्षम करने के लिए एक उन्नत वन वर्ल्ड बैंक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। साथ ही वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण को देखते हुए, हमें निजी पूंजी जुटाने की क्षमता के आकलन में यथार्थवादी होना चाहिए। उन्होंने कहा हम इस निष्कर्ष से पूरी तरह सहमत हैं कि विश्व बैंक के लिए नए, अतिरिक्त संसाधन जुटाकर ग्राहकों के लिए काफी कुछ किया जा सकता है।

## सितंबर में खुदरा महंगाई घटकर 5.2 प्रतिशत पर आई



**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस वर्ष सितंबर महीने में सब्जियों और फलों के साथ ही ईंधन की कीमतों में कमी आने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई घटकर 5.02 प्रतिशत पर आ गयी जबकि पिछले वर्ष सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत रही थी। इस वर्ष अगस्त में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत रही थी।

आज जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में खाद्य महंगाई 6.56 प्रतिशत पर रही है जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 8.60 प्रतिशत पर रही थी। इस वर्ष अगस्त में यह 8.53 प्रतिशत रही थी। इस वर्ष सितंबर में सब्जियों की महंगाई 198.3 पर रही जबकि अगस्त 2023 में यह 235.4 रही थी। इसी तरह से फलों की खुदरा महंगाई 177.8 पर रही जबकि अगस्त महीने में यह 179.8 पर रही थी। सरकार द्वारा रसोई सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कमी किये जाने से लोगों को काफी राहत मिली है क्योंकि खुदरा महंगाई में शामिल ईंधन एवं लाइट समूह की महंगाई सितंबर महीने में 179.3 पर आ गयी जबकि अगस्त 2023 में यह 186.5 पर रही थी।

हालांकि अगस्त की तुलना में अनाजों, मांस एवं मछली, अंडें, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, तेल एवं वसा , दाल एवं दलहन, चीनी एवं चीनी निर्मित उत्पाद, मसालें तथा गैर एल्कोहलिक ब्रेबरेज की कीमतों में कुछ बढोतरी देखी गयी है। इस दौरान विर्निमित उत्पादों की महंगाई में भी मामूली वृद्धि देखी गयी है।

## गंगाजल जीएसटी मुक्त : सीबीआईसी



**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने आज स्पष्ट किया कि गंगाजल पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नहीं है और यह जीएसटी से मुक्त है।

इस संबंध में सीबीआईसी ने आज यहां एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि गंगाजल पूजा के लिए इस्तेमाल होता है और पूजा सामग्री को देश में जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। बोर्ड ने बताया कि पूजा सामग्री पर जीएसटी को लेकर जीएसटी परिषद ने 18-19 मई 2017, और 3 जून, 2017 को अपनी बैठक में चर्चा की थी, जिसमें इन्हें छूट की श्रेणी में रखा गया था। ऐसे में जीएसटी की शुरुआत के साथ ही गंगाजल जीएसटी के दायरे से बाहर है। इसके साथ ही अन्य पूजन सामग्री भी जीएसटी के दायरे से बाहर है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट कर कहा था कि सरकार ने गंगाजल पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया है, जिसके बाद सीबीआईसी की ओर से यह स्पष्टीकरण आई है। पैकेज्ड पानी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है और गंगाजल भी बोतलों में ही बिकता है। ऐसे में इसे भी पैकेज्ड मान लिया जाता है।

## 70 लाख टेलीकॉम इकाइयों तक पहुंची नोकिया की चेन्नई फैक्ट्री

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। नोकिया ने बताया कि चेन्नई में उसकी फैक्ट्री ने 70 लाख दूरसंचार इकाइयों तक पहुंचकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

नोकिया की उपलब्धि सरकार की मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप है जो कंपनियों को देश में उत्पादों के विकास और निर्माण के लिए प्रोत्साहित करती है। नोकिया की चेन्नई फैक्ट्री घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए 4जी, 5जी नेटवर्क सहित दूरसंचार बुनियादी ढांचे के उपकरणों का बड़े पैमाने पर निर्माता है। ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और ईएमएस मैनेजमेंट के प्रमुख तेमु टोइवियानेन ने एक बयान में कहा कि हमारी चेन्नई फैक्ट्री भारतीय प्रतिभा के कौशल और विशेषज्ञता का प्रमाण है।



भारत में सबसे पहले 5जी एनआर का निर्माण करने से लेकर अब 5जी के बड़े पैमाने पर एमआईएमओ उत्पादों और परिवहन नेटवर्क तत्वों का उत्पादन करने तक, हमने एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि नोकिया में हम दुनिया को भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बेहतर जगह बनाने के लिए स्थिरता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। यह फैक्ट्री पवन और सौर ऊर्जा से संचालित होती है, जो हरित ऊर्जा खपत में 81 प्रतिशत तक योगदान करती है। 2025 तक इसे 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।

फैक्ट्री ने इस साल संचालन के पंद्रह साल पूरे कर लिए हैं और देश में दूरसंचार उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


फैक्ट्री 5जी न्यू रेडियो (5जी एनआर), 5जी मैसिव एमआईएमओ उत्पाद, 4जी/एलटीई रेडियो के साथ-साथ फाइबर ब्रॉडबैंड उपकरण आदि बनाती है। नोकिया अपने उत्पादन का लगभग 50 प्रतिशत निर्यात करता है। इसके अलावा, इसने 5जी उपकरण निर्माण को पिछले वर्षों की तुलना में दो गुना तक बढ़ा दिया है।

## टेक महिंद्रा और इंफोसिस में बिकवाली से बाजार फिसला

**मुंबई** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, एसबीआई और एलटी समेत चौदह कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 64.66 अंक उतरकर 66408.39 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 17.35 अंक फिसलकर 19794 अंक पर आ गया। वहीं, मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हुई लिवाली ने बाजार को और अधिक गिरने से बचाया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत चढ़कर 32,322.73 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत की तेजी लेकर 38,198.50 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3792 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2169 में लिवाली जबकि 1500 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि 21 लाल निशान पर रही।

बीएसई में कैपिटल गुड्स, रियल्टी, टेक और आईटी में 1.48 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 16 समूहों में तेजी रही। ऊर्जा 1.16, ऑटो 0.71, धातु 0.93 और तेल एवं गैस समूह में 1.40 प्रतिशत की बढ़त रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.80, जर्मनी का डैक्स 0.65, जापान का निक्केई 1.75, हांगकांग का हैंगसेंग 1.93 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.94 प्रतिशत उछल गया।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 92 अंक की बढ़त के साथ 66,564.57 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,577.60 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान हुई बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 66,339.42 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 66,473.05 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत फिसलकर 66,408.39 अंक पर आ गया।

निफ्टी भी 11 अंक बढ़कर 19,822.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,843.30 अंक के उच्चतम जबकि 19,772.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 19,811.35 अंक की तुलना में 0.09 प्रतिशत उतरकर 19,794.00 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टेक महिंद्रा 2.72, इंफोसिस 1.95, टीसीएस 1.88, एचसीएल टेक 1.74, बजाज फाइनेंस 1.03, विप्रो 1.01, नेस्ले इंडिया 0.57, कोटक बैंक 0.50, एसबीआई 0.36, भारती एयरटेल 0.27, एलटी 0.23, एक्सिस बैंक 0.16, एशियन पेंट 0.13 और बजाज फाइनेंस 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, मारुति 1.60, एनटीपीसी 1.36, एचडीएफसी बैंक 0.73, टाटा स्टील 0.72, टाटा मोटर्स 0.47, सन फार्मा 0.25, आईसीआईसीआई बैंक 0.18 और रिलायंस ने 0.16 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## इजरायल-हमास युद्ध विश्व अर्थव्यवस्था पर काला बादल : आईएमफ प्रमुख

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने गुरुवार को कहा कि इजरायल-हमास संघर्ष ने विश्व अर्थव्यवस्था के क्षितिज को अंधकारमय कर दिया है, जो पहले से ही कमजोर विकास के दौर से गुजर रही है।



जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ बहुत बारीकी से स्थिति पर नजर बनाए हुए है कि यह तेल बाजारों को कैसे प्रभावित कर रहा है। उन्होंने आईएमएफ और विश्व बैंक की मोरक्को में वार्षिक बैठक में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, साफ है कि यह विश्व अर्थव्यवस्था पर काला बादल है, और निश्चित रूप से इसकी जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में कुछ उतार-चढ़ाव और बाजारों में प्रतिक्रियाएं हुई हैं, लेकिन आर्थिक प्रभाव की भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम गंभीर झटके झेल रहे हैं जो अब कमजोर विकास और आर्थिक विखंडन से कमजोर दुनिया के लिए सामान्य बात है। आईएमएफ ने इस वर्ष के लिए वैश्विक वृद्धि का अनुमान 3 प्रतिशत रखा है, लेकिन 2024 के लिए इसे घटाकर 2.9 प्रतिशत कर दिया है।

फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा गाजा से इजरायल पर किए गए हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और तेल बाजारों में हलचल मच गई है। आशंका पैदा हो गई कि यह अमेरिका और ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक संघर्ष में फैल जाएगा जो मध्य पूर्व में तेल शिपमेंट को बाधित कर सकता है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 70 रिंगिट की तेजी लेकर 3600 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट लेकर 52.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9900-10000, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## स्टील, सीमेंट उद्योग को नेट-जीरो लक्ष्य पाने के लिए 47 लाख करोड़ रुपए की जरूरत होगी : सीईईडब्ल्यू

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्टील और सीमेंट संयंत्र को नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य पाने के लिए 47 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) की जरूरत होगी।

ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) की ओर से जारी हुए दो अध्ययनों इवैल्युएटिंग नेट-जीरो फॉर द इंडियन स्टील इंडस्ट्री और इवैल्युएटिंग नेट-जीरो फॉर द इंडियन सीमेंट इंडस्ट्री से यह जानकारी सामने आयी है। स्टील और सीमेंट उत्पादन में भारत पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर है। इन दोनों उद्योगों में बहुत ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है। इन उद्योगों को कार्बन मुक्त करने (डीकार्बोनाइजिंग) की लागत का आकलन करने वाला यह अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसमें इसके अनुसार स्टील और सीमेंट क्षेत्रों को नेट-जीरो की दिशा में बढ़ने के लिए सालाना एक लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिचालन खर्च (ओपेक्स) की जरूरत होगी। मार्जिनल अबेटमेंट कास्ट (मैक) से पता चलता है कि किसी क्षेत्र से एक टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन घटाने के लिए कितना निवेश करना होगा। मैक कर्व से उपलब्ध तकनीकों के साथ-साथ उनकी कार्बन उत्सर्जन घटाने की क्षमता और निवेश के संबंधों की जानकारी मिलती है।



एकीकृत ऊर्जा बीपी कंपनी से वित्त पोषित सीईईडब्ल्यू का अध्ययन यह भी बताता है कि वेस्ट-हीट रिकवरी (व्यर्थ होने वाले ताप को दोबारा प्राप्त करना) और ऊर्जा कुशल ड्राइव एवं कंट्रोल जैसी कुशल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से लागत को बढ़ाये बगैर स्टील उद्योग से आठ से लेकर 25 प्रतिशत तक और सीमेंट उद्योग से 32 प्रतिशत तक कार्बन उत्सर्जन घटाया जा सकता है। इसके अलावा केवल 8.5 प्रतिशत अतिरिक्त कैपेक्स और 30 फीसदी अतिरिक्त वार्षिक ओपेक्स से स्टील और सीमेंट दोनों उद्योगों में संयुक्त रूप से 33 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन घटाया जा सकता है। यह कटौती कार्बन कैप्चर तकनीक और वैकल्पिक ईंधन एवं कच्चे माल की आपूर्ति के बिना की जा सकती है।

सीईईडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अरुणाभा घोष ने कहा, भारत के स्टील और सीमेंट उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने से न केवल इससे जुड़े जलवायु लक्ष्यों को पाने, बल्कि उद्योगों को ऐसे विश्व में बाजार प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी, जहां सततशीलता से जुड़े नियम लगातार सख्त हो रहे हैं। ऐसे अध्ययन नीतियों के लिए जरूरी सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं। ये औद्योगिक गतिविधियों को सीमित किए बगैर कार्बन उत्सर्जन घटाते हुए भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों की दिशा में व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

## सार संक्षेप

### टेस्ला पावर इंडिया का थाइहुआवेई बैटरी कंपनी के साथ गठबंधन

**नई दिल्ली।** टेस्ला पावर इंडिया ने मोटरसाइकिलों के लिए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी निर्माण को गति देने के उद्देश्य से थाईलैंड की कंपनी थाईहुआवेई बैटरी कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक गठबंधन करने की घोषणा की है। इस सहयोग के प्रमुख लाभों में से एक चीन से बैटरी सोर्सिंग की तुलना में थाईलैंड से शून्य-आयात शुल्क के कारण लागत में महत्वपूर्ण कमी है। टेस्ला पावर इंडिया का थाईलैंड से आयात करने का रणनीतिक निर्णय सामर्थ्य बढ़ाने और दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच यह साझेदारी व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाने के साझा लक्ष्य के अनुरूप है। मोटरसाइकिल बैटरी पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ, इस सहयोग का उद्देश्य भारतीय बाजार में बेहतर तकनीक और सामर्थ्य लाना है। टेस्ला पावर इंडिया के प्रबंध निदेशक कविंदर खुराना ने कहा भारत में हर महीने लगभग एक करोड़ मोटरसाइकिल बैटरियां बदली जाती हैं। यदि हमारी नवीन तकनीक का उपयोग करके मोटरसाइकिल बैटरी का जीवनकाल बढ़ाया जा सकता है, तो इससे भारतीय उपभोक्ताओं की लागत बच जाएगी। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन की विशेषताओं में मोटरसाइकिल बैटरी के लिए मानार्थ एफआरसी, भारत में भविष्य की विनिर्माण सुविधा, व्यापक उपलब्धता शामिल है।

### कैम्पस एक्टिववेयर बनी नवीनतम बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने वाली पहली फुटवेयर कंपनी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेज़र फुटवेयर ब्रांडों में से एक, कैंपस एक्टिववेयर लिमिटेड ने बीआईएस से लाइसेंस प्राप्त करने वाली पहली राष्ट्रीय जूता विनिर्माता बनने की उपलब्धि की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि, उच्च गुणवत्ता वाले जूते बनाने और ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की प्रतीक है। यह उपलब्धि पूरी तरह से 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप है, जो देश के भीतर, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण और उत्पादन को प्रोत्साहित करता है। कैंपस एक्टिववेयर, सख्त बीआईएस गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन करने वाले जूते का उत्पादन कर, अपने ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराती है और वैश्विक गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करते हुए स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के 'मेक इन इंडिया' मिशन में योगदान देती है। ब्रांड का उत्कृष्टता के प्रति समर्पण, एक ज़िम्मेदार इकाई के रूप में इसकी स्थिति को मज़बूत करता है जो नवोन्मेष और ग्राहक को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के विचार पर केंद्रित है।

### स्कोडा ने विशेष कीमतों व नई खूबियों के साथ लाँच किए वाहन

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने त्योहारी सीजन के मद्देनजर अपने वाहनों की विशेष कीमतों की घोषणा के साथ ही नई खूबियों के साथ वाहन लाँच किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि त्योहारों के दौरान कंपनी कई सौगात लेकर आ रही है। कंपनी व्यापक पोर्टफोलियो के साथ ही, त्यौहारों की अवधि में आकर्षक कीमतों, कारों में कई नई खूबियों की पेशकश करेगी। इतना ही नही, स्कोडा ऑल-न्यू स्लाविया मैट एडिशन भी लॉन्च की गयी है।

# कांग्रेस के प्रत्याशियों पर टिकी सबकी नजर

## आज कल में हो सकती है सूची जारी

## बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर व मस्तूरी में फंस रहा पेंच

## कांग्रेसी कर रहे माथापच्ची

**बिलासपुर** 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की सूची का इंतजार सभी को है। एक से दो दिनों के भीतर ही कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर देगी। भाजपा की टिकट फाइनल होने के बाद अब कांग्रेस में चार विधानसभा सीट को लेकर घमासान बचा हुआ। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से महिला उम्मीदवार के लिए गीतांजलि कौशिक एवं अंबालिका साहू के नाम पर चर्चा चल रही है बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक मंडी के अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला एवं पुष्पेंद्र साहू भी टिकट की दौड़ में है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र से विजय केसरवानी का नाम चल रहा है यादव समाज की ओर से दिल्ली तक चर्चा में है। महापौर रामशरण यादव का नाम बेलतरा सीट को लेकर प्रयास कर रहा है। दोनों में घमासान मचा है। वही मस्तूरी विधानसभा की टिकट भी फस गई है प्रेमचंद जायसी जयंत मनहर तथा दिलीप लहरिया के बीच फैसला होना। कोटा विधानसभा क्षेत्र से जोगी कांग्रेस से यदि रेणु जोगी चुनाव मैदान में उतरती है तो यहां मुकाबला दिलचस्प होगा। कांग्रेस से अटल श्रीवास्तव यहां चुनाव मैदान में हो सकते हैं। वहीं भाजपा ने प्रबल प्रताप जूदेव को उम्मीदवार बनाया है प्रबल प्रताप ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। वे संगठन पदाधिकारी के साथ चर्चा भी कर रहे हैं बैठक ले रहे हैं। युवा मोर्चा महिला मोर्चा तथा सभी मोर्चा के पदाधिकारी की बैठक ले रहे है। कोटा में भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। वहीं भाजपा में बेलतरा सीट को लेकर अभी तक एक नाम तय नहीं हुआ है।

वैसे यहां से संघ की ओर से डॉ प्रफुल्ल शर्मा का नाम सामने आया है। पूर्व विधायक बद्री धर दीवान के पुत्र विजयधर दीवान भी टिकट के लिए यहां से जोर आजमाइश में लगे हैं। वहीं भाजपा भाजपा से ही ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में उमेश गौरहा तथा एचडी बढ़ गया के नाम पर भी चर्चा चल रही है।

डॉ रजनीश पांडे भी पूरे प्रयास में लगे हैं। वैसे चर्चा यह भी है कि संगठन नहीं विधायक रजनीश सिंह से उनकी पसंद पूछा था और उन्होंने 2 या 3 नाम संगठन को सुझाए थे। अब साहू समाज भी बेलतरा से टिकट के लिए तिलक साहू भाजपा से टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। बिलासपुर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी अमर ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। बिल्हा विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार धरमलाल कौशिक ने भी विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात शुरू कर शुरू कर दिया है। अमर अग्रवाल और विधायक शैलेश पांडे के बीच दूसरी बार मुकाबला होने जा रहा है। वही धरमलाल कौशिक के सामने कांग्रेस से कौन होगा इसे लेकर किया कयास लगाए जा रहे हैं।

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने डा कृष्णमूर्ति बांधी को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है अब भाजपा के सामने कांग्रेस से कौन होगा अटकलें का दौर चल रहा है। वहीं बसपा से पूर्व विधायक दशदाऊ राम रत्नाकर ने यहां 2 महीने पहले से ही चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है यहां त्रिकोणी मुकाबला होगा।

# ऑनलाइन शॉपिंग साइट से मंगाए गए 50 चाकू जब्त

**बिलासपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल के पर्यवेक्षण में एसीसीयू बिलासपुर द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग साइट अमेजन, मिंत्रा, फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से मंगाए गए चाकू के बारे में जानकारी एकत्रित कर कुल 50 नग चाकू जप्त किया गया है। सभी चाकू घरेलू उपयोग के लिए मंगाए गए थे।



ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर मिलने वाले चाकू आकर्षक डिजाइन एवम रंग के होते हैं जो सस्ते दामों पर मिलते हैं, साथ ही पोर्टेबल, फोल्डेबल होते हैं, जिन्हें कैरी करना आसान होता है, जिससे प्रभावित होकर व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से वस्तुएं मंगाते हैं। एसीसीयू टीम द्वारा विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट से विगत 1 वर्ष में मंगाए गए चाकू के संबंध में जानकारी एकत्रित कर चाकू जप्त किया गया है, हालांकि सभी चाकू घरेलू उपयोग के लिए मंगाए गए थे, किंतु इसके दुरुपयोग किए जाने की संभावना भी बनी रहती है। अतः दुरुपयोग व अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने हेतु चाकू जप्त किए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### कफ सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा बिलासपुर जिले मे ''निजात अभियान'' के तहत् अवैध मादक पदार्थो/नशीली दवाईओं को पकडने के आदेश परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी सिरगिट्टी द्वारा टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी क्रम मे आज जरिये मुखबीर के मोबाईल फोन से सूचना मिला कि न्यू बस स्टैण्ड तिफरा मे राहुल नाम का व्यक्ति गुलाबी कलर टीशर्ट पहनकर काला बैग मे कफ सिरप पकडकर आने वाला है सूचना पर तत्काल न्यू बस स्टैण्ड तिफरा मे सादी वर्दी टीम द्वारा संदेही का इंतजार कर बस से उतरते दौरान संदेही का पहचान कर संदेही राहुल को पकडकर पास रखे काले रंग की थैला की तलाशी लेने पर थैला के अंदर प्रतिबंधित मादक पदार्थ ओनरेक्स कप सिरप रखा हुआ था।




आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ ओनरेक्स कप सिरप 80 नग कुल कीमती 13600 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूध्द प्रथम दृष्टया अपराध सदर की धारा 21, 22 एनडीपीएस एक्ट का होना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को अवगत कराकर न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिरगिटटी निरीक्षक नवीन देवांगन, सउनि नहारूराम साहू, प्र.आर. मनोज राजपूत विरेन्द्र साहू, विरेन्द्र राजपूत, केशव मार्को, एसीसीयु सेल प्र.आर. बलवीर सिंह, आरक्षक सत्य पाटले, सरफराज खान एवं प्रशांत सिह की अहम भूमिका रही।

### आचार संहिता के कारण सहकारी बैंक की भर्ती परीक्षा स्थगित, व्यापम ने निर्वाचन आयोग से मांगी अनुमति




**रायपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में लगे आचार संहिता का असर प्रतियोगी परीक्षाओं पर देखा जा रहा है। प्रदेश में आचार संहिता लगने के कारण छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सहकारी बैंक के लिए निकली भर्ती परीक्षा को स्थगित कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित में अलग-अलग पदों के लिए निकली यह भर्ती परीक्षा 15 अक्टूबर को आयोजित होनी थी। लेकिन परीक्षा से ठीक पहले आचार संहिता के कारण परीक्षा की तिथि को स्थगित कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि राज्य में आचार संहिता लागू होने के कारण निर्वाचन आयोग से परीक्षा आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी गई है। आयोग की ओर से अनुमति मिलने के बाद व्यापम फिर से परीक्षा की तारीख की घोषणा करेगा। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कई पदों में भर्ती होनी है। जिनमें सहायक प्रबंधक कनिष्ठ प्रबंधक, उप प्रबंधक सहायक प्रबंधक के अलावा अन्य पदों भर्ती परीक्षा आयोजित होनी थी। फिलहाल व्यापम के इस आदेश के बाद परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के हाथ मायूसी लगी है। देखने वाली बात होगी कि निर्वाचन आयोग व्यापम को परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देता है या नही, ये तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

# प्रवक्ता कांग्रेस की आवाज होते है-खेड़ा




## राजीव भवन में पवन खेड़ा की उपस्थिति में प्रदेश प्रवक्ताओं की बैठक में शामिल हुए अभय नारायण राय

**बिलासपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव भवन संचार विभाग में प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता और मिडिया प्रेनिलिस्ट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख मिडिया प्रभारी राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला संचार विभाग के संयोजक एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, रूचिर गर्ग, वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र तिवारी, आर.पी.सिंह, पूजा त्रिपाठी बिलासपुर प्रभारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा उपस्थित रहे। बैठक को विनोद वर्मा, रूचिल गर्ग एवं पवन खेड़ा ने संबोधित किया। सुशील आंनद शुक्ला सभी प्रवक्ताओं का औपचारिक परिचय पवन खेड़ा से कराया।

बैठक को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा प्रवक्ता अपने-अपने ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश में पार्टी की आवाज होते है। पार्टी लाइन पर ही हमको भारतीय जनता पार्टी के अफवाह का जवाब देना है। केन्द्र सरकार के खिलाफ ज्वलंत मुद्दों पर बात करनी है और छ.ग. की जन-विकास की योजनाओं को प्रस्तुत करना है। छ.ग. संचार विभाग बहुत अच्छा काम कर रहा है आप सब 2023-24 में राज्य और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाने में जुड़ जाये। बैठक में बिलासपुर से अभय नारायण राय, मणी वैष्णव, अनिल सिंह चौहान और जीपीएम जिले से बूंद कुंवर शामिल रहें।

# नशीले पदार्थ व अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाए-आईजी

## राज्य के बाहर से आने वाले केन्द्रीय बलों के आवास एवं परिवहन इत्यादि की व्यवस्था की गई समीक्षा

## गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंटो की अधिकाधिक तामिली हेतु दिये गये निर्देश




**बिलासपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा हेतु पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव द्वारा आज रेंज के पुलिस अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला बिलासपुर अंतर्गत प्रतिबंधक धाराओं के के अतर्गत 10 अक्टूबर तक की गई जिला बिलासपुर में की गई कुल कार्यवाही 17918, जिला रायगढ 7480, कोरबा 5632, जांजगीर-चांपा 4926, मुंगेली 3144, गौ.पे.म. 1826, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 2869, सक्ती 3965 एवं जशपुर 10627 कार्यवाही किया जाना पाया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से चुनाव संपन्न कराने हेतु अधिकाधिक प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब की बिक्री, संग्रहण, परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु अन्तर्राज्यीय सीमाओं में चेंकिग बढ़ाने तथा कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दल के माध्यम से सघन चेकिंग कराते हुए कार्यवाही करने निर्देश दिया गया। लायसेंसी शस्त्र जमा करने हेतु जिला बिलासपुर में 347, रायगढ़ 333, कोरबा 165, जांजगीर-चांपा 113, मुंगेली 49, गौ.पे.म. 07, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 11, सक्ती 16 एवं जशपुर 12 प्रकरण लंबित पाये गये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा लायसेंशी शस्त्रों को शतप्रतिशत (मॉनिटरिंग सेल द्वारा छूट दिये गये शस्त्रों को छोड़कर) थाने में दो दिवस के भीतर जमा कराने निर्देशित किया गया। दिनांक 09.10.2023 से लागू आदर्श आचार संहिता के कठोरता से पालन करने निर्देशित किया गया।

थानों में लंबित स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर पर्यवेक्षण अधिकारी के मागदर्शन में तामिल करान निर्देशित किया गया। गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए जिला बदर की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। राज्य के बाहर से आने वाले केन्द्रीय सुरक्षा बलों के आवास, परिवहन एवं मूलभूत सुविधाओं संबंध में जानकारी प्राप्त कर इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उपरोक्त वर्चुअल बैठक में रामगोपालन गर्ग, उप पुलिस महानिरीक्षक, रायगढ़ रेंज, डी.रविशंकर, उमनि/वरि.पुलिस अधीक्षक जशपुर, सदानंद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायगढ़, एम.आर.आहिरे, पुलिस अधीक्षक, सक्ती, विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा, संतोष कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर, चंद्रमोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक, मुंगेली, आशुतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक, सारंगढ़-बिलाईगढ़, योगेश पटेल, पुलिस अधीक्षक, गौ.पे.म. अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कोरबा, राजेन्द्र जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, बिलासपुर शामिल हुए।

# त्यौहार पर आचार सहिंता का असर





## पाबंदी के चलते फिकी पड़ सकती है रौनक

**बिलासपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव और त्यौहार का सीजन एक साथ होने के चलते इस साल त्यौहार की रौनक कुछ हद तक फीकी पड़ सकती है। कारण कि चुनाव के मद्देनजर लागु की गई आचार सहिंता के चलते कई कार्यक्रमो में पाबंदी लग सकती है। प्रशासन ने तो पहले ही नवरात्रि में डीजे पर प्रतिबंध लगाते हुए कार्यक्रम के लिए सभी रात 10 बजे तक का समय निर्धारित कर दिया है। इसे लेकर अब दुर्गा स्थापना करने वाले आयोजको को चिंता में डाल दिया है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमो और विसर्जन के लिए भी गाइडलाइन तय की गई। त्यौहार के आयोजन और परम्परा के निर्वहन में किसी प्रकार की रोक टोक मनाही नही है लेकिन शांति व्यवस्था सहित कुछ नियमो को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। डीजे को प्रतिबंधित किया गया है। कम आवाज में पंडालो में गीत बजाए सकेंगे। कार्यक्रम के लिए 10 बजे तक समय निर्धारित है। इसके अलावा अस्त्र शस्त्र हथियार सभी प्रतिबंधित है, जिसका ध्यान रखा जाए।

छत्तीसगढ़ में आगामी चुनाव के मद्देनजर लगने वाले आचार संहिता के साथ ही इस बार नवरात्रि और दशहरा का त्यौहार मनाया जाएगा। प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। वहीं कलेक्टर ने रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने के निर्देश दिए है, नियमों के उलंघन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जल्द ही नवरात्रि आयोजित करने वाली समितियों की बैठक बुलाकर जरूरी समझाइश देने की बात कही गई है।

नवरात्रि के दौरान किसी भी समिति को रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं रात 10 बजे के बाद किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी अनुमति नहीं दी जाएगी। चुनावी प्रचार शुरू होने की वजह से सड़कों पर किसी भी परिस्थिति में पंडाल नहीं लगाए जाएंगे। जगराता में गरबा के दौरान भी डीजे बजाने वालों की निगरानी की जाएगी। कोई भी आयोजन समिति बिना प्रशासन के अनुमति के रास गरबा या जगराता का आयोजन नहीं कर पाएगी। किसी आयोजन समिति की वजह से सड़क पर ट्रैफिक प्रभावित होता है या लोगों को परेशानी होती है तो इसकी शिकायत मिलने पर आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पूजा के दौरान आयोजन समितियों को असामाजिक तत्वों और अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग करने वाले लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को देनी होगी। आयोजकों को अपने प्रमुख समिति सदस्यों के फोन नंबर भी संबंधित थाने में देने होंगे।

# पटाखा दुकान, हो सकते है बेलगाम

**बिलासपुर**, 12 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपोत्सव और चुनाव याने पटाखों में डबल डिमांड। निश्चित है ऐसा होना। इसलिए निर्माण इकाइयों को दोगुनी मात्रा में आर्डर दिए जा रहे हैं लेकिन अवैध भंडारण और विक्रय में जैसी लापरवाही दिख रहा है, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

कोरोना महामारी के पहले दो बरस प्रतिबंध में बीते। पिछले साल से सामान्य हुआ यह कारोबार इस साल बेहतरी की आस में है क्योंकि दीपावली और चुनाव लगभग एक साथ ही हैं। लिहाजा दोगुनी मांग की प्रबल संभावना को देखते हुए पटाखा बनाने वाली इकाइयों को ज्यादा मात्रा के लिए आर्डर दिए जा रहे हैं। ताकीद यह भी की जा रही है कि सप्लाई समय पर की जाए क्योंकि यहां भी प्रतिस्पर्धी बढ़ चुके हैं।



दीपोत्सव की मांग से आगे निकल सकती है चुनाव के दिनों के लिए मांग। इसलिए होलसेल काउंटरों ने पटाखा उत्पादन क्षेत्र को दी जाने वाली ऑर्डर की मात्रा दोगुनी कर दी है। इसमें ऐसे पटाखों की मांग ज्यादा है, जो तेज आवाज के साथ फूटते हैं। इसके अलावा ऊंचाई पर जाकर सितारों के साथ फूटने वाले पटाखों के भी ऑर्डर दोगुनी मात्रा में दिए जा रहे हैं।

**असुरक्षित भंडारण** - दिए जा रहे ऑर्डर की आपूर्ति होने लगी है लेकिन भंडारण में जैसे लापरवाही बरती जा रही है, वह खतरे की वजह बन सकती है क्योंकि रिहायशी क्षेत्र में पटाखों के भंडारण की खबरें आने लगी हैं। रिटेल काउंटर में जिस तरीके से विक्रय किया जा रहा है, वह भी निगरानी एजेंसी की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। इसलिए शीघ्र जांच की जरूरत समझी जा रही है।

**तैयार रहें इसके लिए**- पटाखों की जिस श्रृंखला के आर्डर दिए जा रहे हैं, वह सभी तेज आवाज और भरपूर धुआं देने वाले माने जाते हैं। याने ध्वनि और वायु प्रदूषण के लंबे दौर के बीच गुजरना होगा। वह भी समय-बेसमय। ध्वनि प्रदूषण को लेकर बीते दिनों, जो सख्ती प्रशासन ने दिखाई थी ऐसी ही कड़ाई इन दोनों अवसरों में भी बरतने की उम्मीद है क्योंकि यह दोनों मिलकर सेहत पर घातक प्रभाव डालते हैं।

NECC

| 13.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188